सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 03 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 239, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स व निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर

अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गयी। } 14

## देश के विकास में सहकारी क्षेत्र का अहम योगदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अद्वितीय है। राष्ट्रपति मुर्मू कोल्हापुर में एक समारोह को संबोधित कर रही थीं। } 16



## आप विधायक अमानतुल्लाह को ईडी ने किया गिरफ्तार



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की 10 दिन की हिरासत के अनुरोध वाली प्रवर्तन निदेशालय की अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायाधीश जल्द ही अपना आदेश सुना सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार खान को सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया। ईडी ने 50 वर्षीय खान को विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# तकनीक-जानकार बने पुलिस और रखे दयालु स्वभाव : योगी

## कानून-व्यवस्था से ही मजबूत होती है सुशासन की नींव

जिला संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि पुलिसकर्मी तकनीक-जानकार बनें और दयालु स्वभाव रखें। उन्होंने यह भी दावा किया कि बेहतरीन पुलिस व्यवस्था की वजह से ही पिछले सात वर्षों के दौरान राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में 74 पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए इन नये पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे मित्र पुलिस की छवि को अक्षुण्ण बनाए रखने ...शेष पृष्ठ 14 पर



मुरादाबाद में पुलिस परेड की सलामी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## 57 हजार ग्राम पंचायतों में बनेंगे मिनी स्टेडियम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले दस वर्षों में खेल और खेल गतिविधियां तेजी के साथ आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया के माध्यम से जहां खेल कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है, वहीं उनकी प्रेरणा से प्रदेश ने इनके साथ जुड़कर के इसे एक नई दिशा देने का कार्य किया है। इसी के तहत प्रदेश में 57 हजार ग्राम पंचायतों में एक-एक खेल का मैदान बनाया जा रहा है। इसके अलावा 825 विकासखंडों में एक-एक मिनी स्टेडियम और सभी 75 जिलों में एक-एक स्टेडियम बनाने का काम प्रगति पर चल रहा है। भारतीय फुटबॉल संघ ...शेष पृष्ठ 14 पर



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फुटबॉल को किक लगाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### संक्षेप

## 26 डॉक्टरों की बर्खास्तगी के निर्देश

लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एक्शन मोड में हैं। स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है। कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर एवं उच्चादेशों की लगातार अव्हेलना के चलते प्रदेश में 26 चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्हें एक माह का नोटिस देते हुए, शासकीय सेवा से तत्काल बर्खास्त करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। डिप्टी सीएम का कहना है कि चिकित्सीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि प्रदेश की जनता को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिन चिकित्सकों को बर्खास्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच, जालौन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी, बरेली के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. इमरान खान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन, दो की मौत

कटरा/जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नये मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जबकि पांच वर्ष की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में जान गंवाने वाली दोनों महिलाएं पंजाब और उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के बाद हिमकोटि मार्ग पर तीर्थयात्रियों की आवाजाही रोक दी गई, लेकिन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर की तीर्थयात्रा पारंपरिक सांझीछत मार्ग से जारी रही। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जनहानि पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि मंजूर की।

# कृषि क्षेत्र को 14 हजार करोड़ की सौगात

○ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि आधारित सात कार्यक्रमों को दी मंजूरी ○ केन्स साणंद में 3,307 करोड़ की लागत से लगायेगी सेमीकंडक्टर संयंत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से सोमवार को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगभग 14,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले सात बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों को मंजूरी दी, जिनमें 2,817 करोड़ रुपये का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने तथा उनकी आय बढ़ाने के लिए 13,966 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इस निर्णय की संवाददाताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलाव से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा।

सरकार ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 3,307 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों की घोषणा करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में एक सेमीकंडक्टर परिदृश्य स्थापित हो रहा है। मंत्री ने कहा आज मंत्रिमंडल ने केन्स संयंत्र को मंजूरी दे दी है, जिसकी प्रतिदिन 63 लाख चिप का विनिर्माण करने की क्षमता है। यह संयंत्र 46 एकड़ में बनेगा। यह एक बड़ा संयंत्र है और उत्पादन का बड़ा हिस्सा केन्स इंडस्ट्रीज को जाएगा। इसकी बुकिंग पहले ही हो चुकी है। यह संयंत्र बिजली क्षेत्र से



मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी प्रेस से साझा करते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव

संबंधित चिप की भी आपूर्ति करेगा। कंपनी ने इस परियोजना के लिए गुजरात के साणंद में पहले ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस इकाई के लिए प्रस्तावित निवेश करीब 3,307 करोड़ रुपये है। वैष्णव ने कहा इस संयंत्र में बिजली से संबंधित चिप, मोटा वाहन और घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली चिप का भी विनिर्माण किया जाएगा।।

वहीं आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों मुंबई तथा इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल संपर्क सुविधा प्रदान करने वाली 309 किलोमीटर की नई लाइन परियोजना को सोमवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह 2028-29 तक पूरी होगी।

मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए फसल विज्ञान को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल 3,979 करोड़ रुपये का परिव्यय तय किया गया है। इस कार्यक्रम में छह बिंदुओं पर बल दिया गया है, जिनका उद्देश्य वर्ष 2047 तक जलवायु अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को तैयार करना है। ये छह बिंदु अनुसंधान और शिक्षा, पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य और चारा फसल के लिए आनुवंशिक सुधार, दलहन एवं तिलहन फसल सुधार, वाणिज्यिक फसलों में सुधार और कीटों, सूक्ष्म जीवों एवं परागण तत्वों से जुड़े शोध से संबंधित हैं। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मातहत संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप कृषि शोध एवं शिक्षा को आधुनिक बनाना है। डिजिटल बुनियादी अवसंरचना, एआई, बिग डेटा, रिमोट जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा और कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और जलवायु से संबंधित जुझारू क्षमता शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने 2,817 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन को भी मंजूरी दी। इस परियोजना के आधार स्तंभ कृषि ढांचा और कृषि निर्णय सहायता प्रणाली हैं। मंत्री ने कहा कि पशुधन के सतत स्वास्थ्य और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आरजी कर अस्पताल का पूर्व प्राचार्य संदीप घोष गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता करने का आरोप है। सीबीआई ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष से साल्ट लेक कार्यालय में लगातार 15वें दिन पूछताछ की। इसके बाद उन्हें सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय ले जाया गया। जहां उन्हें गिरफ्तार किया गया।

अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ. अख्तर अली ने डॉ. संदीप घोष के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य रहते कई मामलों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई थी। अली ने उच्च न्यायालय का रुख किया था, क्योंकि इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या संस्थान में कथित भ्रष्टाचार का संबंध महिला डॉक्टर की मौत से जुड़ा है, और क्या पीड़िता को इसकी जानकारी थी और इससे मामले के उजागर होने का खतरा था।

## दुराचार पीड़िता से मैच हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख के डीएनए के नमूने

जिला संवाददाता

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में 15 वर्षीय लड़की से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के डीएनए नमूने का मिलान घटनास्थल से एकत्र किये गए नमूने से हो गया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को एक रिपोर्ट के हवाले से दी।

समाजवादी पार्टी (सपा) का पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव एक निजी शिक्षण संस्थान का प्रबंधन करता था और उस पर नौकरी दिलाने के बहाने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कन्नौज सदर) कमलेश कुमार ने सोमवार को बताया कि यादव के डीएनए नमूने का मिलान मामले में एकत्र किये गए डीएनए नमूने से हो गया है। यादव से एकत्र नमूना 17 अगस्त को आगरा स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक (कन्नौज) अमित कुमार आनंद ने कहा मौके से एकत्र किए गए फोरेंसिक साक्ष्य को एफएसएल को भेजा गया था। एफएसएल की रिपोर्ट आ गई है और बलात्कार की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोलह अगस्त को चिकित्सकों के एक दल ने अदालत के आदेश के बाद यादव से डीएनए नमूना एकत्र किया था। नमूना जिला जेल में एकत्र किया गया था। कुमार ने पहले कहा था कि अदालत की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बुलडोजर की कार्रवाई पर गाइडलाइन जारी करेगा सुप्रीम कोर्ट

निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बिना मकानों को कैसे ध्वस्त किया जा सकता है :न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। आपराधिक मामलों में शामिल व्यक्तियों के मकानों को राज्य प्रशासनों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किये जाने के बीच, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है?

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश तैयार करेगी जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता।



हालांकि उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण या सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हलफनामे में कहा गया है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसकी अचल संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार कभी नहीं हो सकता। मेहता ने कहा कि राज्य ने कहा है कि किसी अचल संपत्ति का ध्वस्तीकरण केवल किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए और संबंधित नगरपालिका कानून या क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अचल संपत्ति को केवल इस आधार पर ध्वस्त नहीं किया जा सकता कि उस संपत्ति का मालिक या उस पर कब्जा करने वाला व्यक्ति किसी अपराध में शामिल था। पीठ ने कहा यदि आप इस स्थिति को स्वीकार करते हैं, तो हम इसे दर्ज करेंगे और सभी राज्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा हम सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ सातवें चरण में 25,658 पोलिंग बूथ, 4165 क्रिटिकल (पृष्ठ-02)
○ चुनाव ड्यूटी से गायब 5 कर्मी निलंबित, 3 बर्खास्त (पृष्ठ-02)
○ शेयर बाजार में एफपीआई निवेश 7,320 करोड़ रुपये पर (पृष्ठ-14)
○ पीएमआई के आंकड़े देंगे बाजार को दिशा (पृष्ठ-14)
○ जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** आंतरिक लोकतंत्र न अपनाने के नतीजे देख रहे हैं कई सियासी दल : प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी ने शुरू किया भाजपा का सदस्यता अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता के नवीनीकरण के साथ ही सोमवार को केंद्र की इस सत्तारूढ़ पार्टी के साल 2024 के सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम केंद्रीय मंत्रियों, पदाधिकारियों ओर नेताओं की मौजूदगी में इस अभियान की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री के बाद शाह, नड्डा और राजनाथ सिंह ने भी पार्टी द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर



भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रधानमंत्री मोदी साथ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

भाजपा में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान फिर से भारत विजय और भाजपा विजय अभियान की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से संगठन में नयी जान फूंकी जाएगी। उन्होंने कहा भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे लोकतांत्रिक पार्टी भी है। कोई भी अन्य पार्टी अपने सदस्यता अभियान को भाजपा की तरह पारदर्शिता और ईमानदारी से नहीं चलाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक और सरकार तथा संगठन के बीच में कड़ी का भी काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है। उन्होंने कहा हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार ...शेष पृष्ठ 14 पर



"सोमवार से प्रारंभ हो रहा भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ जोड़ने का आंदोलन है।"

## भेड़ियों ने फिर किया हमला ढाई साल की बच्ची की मौत

जिला संवाददाता

बहराइच/सीतापुर। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की महसी तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के हमले जारी हैं। रविवार रात संदिग्ध रूप से इन भेड़ियों के अलग-अलग हमलों में ढाई साल की एक बच्ची की मौत हो गयी जबकि एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इसके अलावा पड़ोसी सीतापुर जिले में भी भेड़ियों के हमले की आशंका है। खास बात यह है कि भेड़िये अब नये इलाकों में हमले कर रहे हैं। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं को बताया कि भेड़िये के हमले में ढाई वर्षीय अंजलि की मौत हो गयी तथा एक महिला घायल हो गयी। जुलाई से अब तक इस हिंसक वन्य जीव के हमलों के कारण अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना इलाके में गरेठी गुरुदत्त सिंह के नव्वन गरेठी मजरे में एकादो सितंबर की रात घर में मां के साथ सो रही ढाई साल की बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा ले गया। चीख सुनने पर परिजन उसके पीछे भागे, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। तलाश करने पर गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर अंजलि का क्षत-विक्षत शव पाया गया। भेड़िया बच्ची के दोनों

# जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव न कर सभी को समान अधिकार दिये गये : प्रो. डॉ उर्मिला शर्मा

## बीबीडीयू में इक्विटी लीड्स टू इक्वलिटी: क्रिटिकल रिव्यू ऑफ जेंडर सेंसेटाइजेशन विषय पर संगोष्ठी आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी और आईसीसी के संयुक्त तत्वाधान में इक्विटी लीड्स टू इक्वालिटी: क्रिटिकल रिव्यू ऑफ जेंडर सेंसेटाइजशन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय स्थित डॉ अखिलेश दास गुप्ता आडिटोरियम में किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ।





कार्यक्रम का शुभारंभ संगोष्ठी की मुख्य वक्ता एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरूग्राम की पूर्व निदेशक महिला अध्यन केन्द्र एवं इतिहास विभाग की प्रो डॉ उर्मिला शर्मा, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर और चीफ प्रॉक्टर प्रो डॉ एस एम के रिजवी और सेल की समन्वयक डॉ. रीना श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सभी फैकल्टी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ उर्मिला शर्मा ने शिक्षा, बाल विवाह और संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार पर व्यापक रूप से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो डॉ शर्मा ने कहा कि संविधान द्वारा सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है, जिसमें किसी भी आधार पर विशेषकर, जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव न करके सभी को समान अधिकार दिये गये हैं। किसी भी व्यक्ति को किसी भी आधार पर भेदभाव करके मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा आदि से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त बाल विवाह जैसे गंभीर विषय पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर और चीफ प्रॉक्टर प्रो डॉ एस एम के रिजवी ने कहा कि एक समान शिक्षा और सभी मूलभूत सुविधाओं पर सभी का समान रूप से अधिकार है, किसी को किसी भी आधार पर चाहे लिंग, जाति, मजहब के आधार पर इन्हें प्राप्त करने से रोका नहीं जा सकता। अन्त में कार्यक्रम आयोजक और सेल की समन्वयक प्रो डॉ रीना श्रीवास्तव ने बाल विवाह, शिक्षा और समानता के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण का मामला

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण मामले में पूछा है कि एलडीए के सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 सितम्बर की तिथि नियत करते हुए, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के सम्बन्ध में भी जानकारी देने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार (सेवानिवृत) की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

- **एलडीए अधिकारियों के खिलाफ क्या हुई कार्रवाई: हाईकोर्ट**

याचिका में राजधानी में हुए कुछ बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण का मामला उठाया गया है। कहा गया है कि शहर की तमाम बहुमंजिला इमारतें अवैध तरीके से बनाई गई हैं, कुछ में स्वीकृति से अधिक फ्लोर बना दिए गए हैं तो कुछ में अन्य अवैध निर्माण किया गया है। यह भी कहा गया है कि एलडीए ने इनमें से कुछ अवैध निमार्णों की पहचान की हुई है लेकिन आज तक एक भी के खिलाफ धवस्तीकरण के कदम नहीं उठाए गए हैं। याचिका पर जवाब देते हुए एलडीए की ओर से स्वीकार किया जा चुका है कि मामले में उसके छह अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई है।

# नगर निगम में नामांतरण शुल्क की दरें होंगी कम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम में संपत्ति का नामांतरण कराने वालों के लिए राहत भरी खबर है। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सदन ने नामांतरण शुल्क कम करने का प्रस्ताव पास किया है। सोमवार को सदन में नगर आयुक्त की ओर से नामांतरण प्रक्रिया को समयबद्ध पूरा करने व नामांतरण शुल्क पुनरीक्षित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर कमेटी फैसला लेगी। इसके बाद शासन से मंजूरी मिलने के बाद कार्यकारिणी की हरी झंडी मिलने के बाद लागू किया जाएगा। बीते साल मुख्यमंत्री ने पारिवारिक संपत्तियों के बैनामे की फीस कम कर पांच हजार रुपये की थी। इसके बाद एलडीए व आवास विकास परिषद में नामांतरण शुल्क को घटा दिया गया, लेकिन नगर निगम ने कम नहीं किया था। प्रदेश में रिफार्म्स के तहत नगर निगम सदन के इस फैसले से भवन स्वामियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा सदन में हाउस टैक्स बिल में यूजर चार्ज को सम्मिलित करने, शहर में संचालित 10 तरह के कारोबार से लिया जाने वाला शुल्क में दो से पांच गुना तक की बढ़ोत्तरी व 20 अन्य व्यवसायिक कारोबार को भी ट्रेड लाइसेंस की श्रेणी में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया जिस पर कमेटी निर्णय करेगी।

- **सदन ने लिया निर्णय, शासन की अनुमति के बाद लागू होंगी नई दरें**





बता दें कि पुराना मकान, फ्लैट या दुकान खरीदने पर अपने नाम गृहकर कराने पर नगर निगम में संपत्ति की कीमत का एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क (म्यूटेशन) लगता है। जबकि नया मकान, फ्लैट या दुकान लेने पर गृहकर निर्धारण कराने में कोई फीस नहीं देनी होती है। इससे नामांतरण शुल्क को लेकर सवाल उठते रहे हैं। सोमवार को सदन में शुल्क कम करने का प्रस्ताव रखा गया, हालांकि इस पर कोई चर्चा नहीं हो सकी। सदन में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शासन स्तर पर इसको लेकर पहल हुई है। नामांतरण शुल्क कम करने को लेकर पार्षद और अधिकारियों की कमेटी बनाकर प्रस्ताव शासन भेजा जाएगा। मालूम हो कि अभी कोई मकान या दुकान जितनी बार बेची या खरीदी जाती है उसका नामांतरण कराने के लिए हर बार एक प्रतिशत शुल्क देना होता है। कोई भवनस्वामी यदि किसी संपत्ति को खरीदने के बाद उसका नामांतरण नगर निगम में नहीं कराता है तो पुराने भवनस्वामी के नाम पर ही टैक्स जमा होता रहता है। साल 2015 से पहले नगर निगम में संपत्ति की कीमत का एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क नहीं लिया जाता था। उस समय इसे लेकर स्लैब बना था। इसमें पारिवारिक विरासत की संपत्ति का नामांतरण कराने पर महज 2 हजार रुपये शुल्क लगता था, जिसे 2014 तक पांच हजार रुपये लिया जाता था। इसी तरह बैनामा से खरीदी गई संपत्तियों में पांच लाख की कीमत वाली का नामांतरण शुल्क दो हजार रुपये, पांच से 10 लाख रुपये वाली संपत्ति का शुल्क चार हजार रुपये और 10 लाख से अधिक की संपत्ति पर प्रति पांच लाख पर दो हजार रुपये और जुड़ जाता था। इसके साथ ही जनहित गारंटी अधिनियम के तहत नामांतरण प्रक्रिया को पूरा करने की समयसीमा 40 दिन निर्धारित है मगर कई मामलों में आवेदनों पर दो से तीन महीने तक कार्रवाई नहीं की जाती है। इस पर भी कमेटी निर्णय करेगी।

**यह प्रस्ताव भी पास किये गये :** 42 बाढ़ पंपिंग स्टेशनों के खर्च के लिए संस्था नामित किए जाने, शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना के अंतर्गत नए 10 नए शेल्टर होम बनाए जाने, शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए इंडिया कूलिंग ऐक्शन प्लान तैयार किए जाने, मोहिबुल्लापुर में निजी स्वामित्व की श्मशान की बाउंड्रीवाल के अंदर की भूमि के बदले भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया।

**शहर में ड्रेनेज का मास्टर प्लान बनेगा :** शहर में जलभराव की समस्या से निजात के लिए नगर निगम मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार किया जाएगा। इस प्लान को जोनवार तैयार किया जाएगा। इसकी वजह से ही ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके लिए ई निविदा के माध्यम से एनसीपीई इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लि. का चयन किया गया है। यह कंपनी जलभराव वाले स्थलों व शहर का हाईड्रोलिक सर्वे कराते हुए मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार करेगी। इसमें आने वाला खर्च शासन देगा। यह प्रस्ताव पास किया गया।

## सड़कों की हत्या कर रहा जल निगम

भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने कहा की सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड में दर्जनों सड़क विकास कार्य के नाम पर खोद दी जा रही हैं। जल निगम के ठेकेदार विकास कार्य सड़कों की हत्या कर रहे है । आरोप लगाये की जानकारी लेने पहुंचने पर उनसे ही ठेकेदार पूछ रहा है की आप कौन। जल निगम के अधिकारी व ठेकेदार दोनों मिलकर प्रशासन और नगर निगम को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा पार्षद ने आरोप लगाये की उनके इलाके में बनी पानी की टंकी में भी जल निगम ठेकेदार ने दोयम दर्जे का मैटिरियल लगाया है। अमित चौधरी ने राम नरेश रावत का समर्थन करते हुए कहा की जलनिगम जनता का पैसा शहर के विकास के लिए विनाश कार्य के लिए लगा रहा है। भाजपा पार्षद रंजीत सिंह ने भी जलनिगम अधिकारियो को लापरवाह बताया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा रोक के बाद भी नादरगंज में खुदाई की गई थी।

# पीड़ित परिवार को मिलेगा 10 लाख मुआवजा, ईईएसएल के मुद्दे पर हंगामा

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में ग्यारह बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। पार्षदों ने अपने अपने वार्ड से संबंधित समस्याओं को सदन में रखा। ज्यादातर पार्षदों ने सीवर, पेयजल, साफ सफाई, अतिक्रमण एवं सड़क इत्यादि से सम्बन्धित समस्याओं पर चर्चा की।

**धरने पर बैठे भाजपा पार्षद**

इस दौरान कई बार जल निगम व ईईएसएल को लेकर हंगामा हो गया। पार्षद रंजीत सिंह व सुशीत तिवारी ईईएसएल के काम न करने व करंट से तीन मौतों को लेकर सदन में ही धरने पर बैठ गए। इस पर कांग्रेस के पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने विरोध जताया। चर्चा के लिए जिम्मेदार ईईएसएल को सदन के समक्ष पेश होने की मांग की गई। मगर संस्था का कोई कर्मचारी सदन में नहीं आया। निर्णय लिया गया कि ईईएसएल के कर्मचारी के न होने पर उन्हें कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। साथ ही पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआबजा दिए जाने के निर्देश दिए गए।

**साढ़े तीन लाख पोलों का होगा सुरक्षा ऑडिट:** निर्णय लिया गया कि शहर में करीब 3.50 लाख पोल हैं। करंट से बचाव के लिए इनका सुरक्षा आडिट कराया जाएगा। इसकी शुरुआत पार्कों से की जाएगी। खम्भों में करंट से बचाव के लिए प्लास्टिक व पेंट से कवर किया जाएगाा। पार्कों में लगे हाईमास्ट को इंसुलेट किया जाएगा। साथ ही अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में उद्यान अधिकारी के साथ प्रत्येक जोन के जोनल अधिकारी, जेडएसओ नगर के समस्त पार्कों का निरीक्षण कर वहां व्याप्त समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करेंगे। इंजीनियरों से प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा। उधर, शंकरपुरवा वार्ड प्रथम में घटित घटना के पीड़ित परिवार के लोगों ने थाने में एफआईआर के लिए तहरीर दी है। साथ ही स्टेशन रोड का नाम डॉ जगदीश गांधी मार्ग के नाम पर रखे जाने के प्रस्ताव को पास किया गया। सदन उपरांत पूर्व पार्षद एवं नगर निगम कार्यकारणी सदस्य स्व. हृदय नारायण श्रीवास्तव तथा कल शंकरपुरवा वार्ड में बिजली करेंट लगने से एक बच्चे अभिषेक कुमार की हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त कर मौन धारण किया गया और शांति श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

**कूड़े से बनेगी बिजली, कचरे का होगा निस्तारण :** शहर से प्रतिदिन निकलने वाले करीब दो हजार मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाया जाएगा। 30 साल के पीपीपी मॉडल पर यह काम दिया जाएगा। इसके अलावा शिवरी प्लांट में फ्रेश वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाए जाने तक वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट लगाए जाने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। किला मोहम्मदी ड्रेन की रिमाडलिंग के लिए 97.39 करोड़ रुपये स्वीकृति दी गई। यह पैसा शासन से प्राप्त होगा। नाले के निर्माण से सरोजनी नगर विधानसभा के अंतर्गत आशियाना कालोनी, एलडीए कालोनी, गीतापल्ली, आजादनगर, मधुबननगर आदि क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं होगी। 163 करोड़ रु के खर्च में शूटिंग रेंज निर्माण का प्रस्ताव भी पास किया गया। अमृत दो के तहत एसटीपी के लिए सरोजनीनगर, अमौसी में तीन हेक्टेयर भूमि मुहैया कराने, बिजनौर में थाना निर्माण के लिए दी जमीन के नीचे हाईटेंशन लाइन आने से दूसरी जमीन देने को मंजूरी दी गई। यह प्रस्ताव कार्यकारिणी से पहले ही पास हो चुके हैं। सदन से अनुमोदन के बाद शासन को प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

**इन प्रस्तावों के लिये बनी कमेटी :** कुत्तों, पालतू जानवरों के ब्रीडिंग सेंटर, क्लीनिक, पेट शाप, स्टोर, वेटनरी डायग्नोस्टिक लैब चलाने वालों को अनुज्ञप्ति लाइसेंस लेने व प्रति दिन के हिसाब से 50 रुपये विलम्ब शुल्क लिये जाने के प्रस्ताव पर कमेटी बना दी गई है। संपत्तियों के किराए में वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव की पुनः जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। वहीं गोमती नगर में नगर निगम का नया कार्यालय बनाए जाने के लिए कार्यदायी संस्था चयन को मंजूरी दी गई।

**पार्षद ने दी इस्तीफा देने की धमकी, विपक्ष ने किया विरोध :** सदन की कार्यवाही के दौरान भाजपा अनुराग मिश्रा अन्नू ने महापौर व नगर निगम प्रशासन पर क्रीमीलेयर के तहत आरोप लगाते हुए लापरवाही का आरोप लगाते इस्तीफा देने की धमकी दी। कहा पांच दिनों मे शिकायत न होने पर पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा की समस्त 110 पार्षदों को एक नजर से देखा जाए। आरोप लगाया कि पार्षदों की एक क्रीमीलेयर बना दी गयी है। भेदभाव किया जा रहा है। इसलिए वे इस्तीफा लेकर आये हैं। हालांकि ऐसा कुछ नहीं था। इस पर कांग्रेस से पार्षद मुकेश चौहान, ममता चौधरी समेत सपा से यावर हुसैन रेशू और कामरान बेग ने इस मुद्दे पर सदन भाजपा पार्षदों को घेर लिया। पार्षद रेशू ने कहा की सदन अधिनियम के अनुसार पार्षद का इस्तीफा तत्काल मंजूर माना जाता है। इस पर हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान पार्षद अपनी कुर्सियों से उठ कर डायस तक पहुंच गये। महापौर ने बताया की पार्षद ने शिकायतों का पत्र दिया था। इस्तीफा देने की बात सिफ जुबानी चेतावनी दी थी।

## क्रेन संचालन का काम वापस लेगा नगर निगम

शहर में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को उठाने जाने का कार्य नगर निगम वापस लेगा। अभी यह यातायात विभाग को दे दिया गया था। सदन में यह प्रस्ताव लाया जा रहा है। प्रस्ताव के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 तक ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए क्रेन का संचालन नगर निगम की ओर से किया जाता था। इसके बाद ट्रैफिक विभाग को दे दिया गया। जबकि यह कार्य का मूल दायित्व नगर निगम का है। कई पार्षदों की ओर से इस पर आपत्ति जताई गई। नगर निगम को इससे एक करोड़ रु की आय होती थी। लिहाजा अब इस काम एक बार फिर शुरू करने के लिए नगर निगम के प्रस्ताव को पास कर दिया गया है।

# अस्पताल, क्लीनिक गेस्ट हाउस की लाइसेंस दरें बढ़ायेगा नगर निगम

शहर में नर्सिंगहोम, क्लीनिक, अस्पताल, पैथोलॉजी, डाइग्नोस्टिक सेंटर, होटल गेस्ट हाउस तथा रेस्टोरेंट के संचालन के लिए नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस लेना होता है। नगर निगम सदन में 10 तरह के कारोबार करने वालों से निर्धारित लाइसेंस दरों को बढ़ाने का प्रस्ताव लाया गया था। सदन ने निर्णय लिया कि इस पर कमेटी फैसला करेगी। अभी सभी तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अलग-अलग लाइसेंस शुल्क तय है। उपविधि के तहत एक साल के लिए ही लाइसेंस बनाया जाता है, जो अप्रैल से मार्च तक प्रभावी होता है।

इनके अलावा वर्तमान में ऐसे कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं जो शहर में संचालित हो रहे हैं उन्हें भी ट्रेड लाइसेंस की श्रेणी में सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा गया था जिसके लिए सदन ने कमेटी बना दी है। इनमें जिम सामान्य के लिए 4000 रुपये, जिम वातानुकूलित के लिए 10000 रुपये, ब्यूटी पार्लर सामान्य के लिए 4000 रुपये व वातानुकूलित के लिए 8000 रुपये, कोचिंग संस्थान व प्रशिक्षण संस्थान के लिए 4000 रुपये, चार्टड अकाउंटेंट कार्यालय के लिए 8000 रुपये, स्पॉ सेंटर 6000 रुपये, ब्रांडेड ज्वैलरी शोरूम 20000, सामान्य ज्वैलरी शॉप 10000 रुपये, ब्रांडेड कपड़ा व शू शोरूम 8000 रुपये, स्पोर्टस एकेडमी 10 से 20000 रुपये, बेकरी-10000 रुपये, टी स्टॉल-2000 रुपये, बिल्डर्स रजिस्ट्रेशन 20000 रुपये, फैब्रीकेटर्स 5000 रुपये, आरा मशीन 15000 रुपये, बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता 10000 रुपये, पेन्ट्स की दुकान 8000 रुपये व फर्नीचर शॉप के लिए 6000 रुपये शुल्क सालाना लिये जाने का प्रस्ताव रखा गया जिस पर कमेटी फैसला करेगी। इसके बाद शासन की अनुममित मिलने बाद लागू किया जाएगा।

| प्रतिष्ठान और लाइसेंस शुल्क प्रतिवर्ष | वर्तमान | प्रस्तावित |
|---|---|---|
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 50 बेड तक | 7500 | 15000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 51 से सौ बेड तक | 15000 | 30000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 101 बेड से 250 बेड तक | 20000 | 40000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 251 बेड से 500 बेड तक | 35000 | 70000 |
| पैथोलॉजी सेंटर | 5000 | 10000 |
| डायग्नोस्टिक सेंटर, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड बैंक | 10000 | 20000 |
| आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक क्लीनिक | 4000 | 8000 |
| गेस्ट हाउस, होटल 20 बेड तक | 2000 | 10000 |
| गेस्ट हाउस, होटल 20 बेड से अधिक | 3000 | 15000 |
| रेस्टोरेंट, जलपान गृह व ईटिंग हाउस | 2000 | 10000 |

# पांच व्यावसायिक व एक आवासीय अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी व चौक क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे पांच व्यावसायिक निर्माण व एक आवासीय निर्माण को सील किया गया।

- **सुशांत गोल्फ सिटी व चौक में हुई कार्रवाई**

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि एके पाण्डेय व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के सरसवां में साईंदाता रोड पर तुलसी विहार कालोनी गेट के सामने लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर आवासीय निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, परीदीन व अन्य द्वारा नीलमथा के विजय नगर में कामाख्या कालोनी के मोड़ पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन दोनों निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में अवर अभियंता एस0के0 सिंह, विपिन बिहारी राय व ऋतुपाल द्वारा पुलिस बल के सहयोग से इन्हें सील कर दिया गया। इसके अलावा सुबेदार सिंह व अन्य द्वारा सरसवां में साईंदाता रोड पर अहिमामऊ पुलिस चौकी के सामने लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया गया था। वहीं, उत्कर्ष शुक्ला द्वारा अहिमामऊ पुलिस चौकी के सामने लगभग 3200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह विशाल शुक्ला व अन्य द्वारा सरसवां में साईंदाता रोड पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए पूर्व में सील कराया गया था। वर्तमान में विपक्षियों द्वारा स्थल पर चोरी-छुपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीनों बिल्डिंगों को पुनः सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मोहम्मद फैज पुत्र जमाल द्वारा चौक के नक्खास मार्केट में दुकान नंबर-42 में अवैध रूप से निर्माण कार्य किया गया था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए दुकान को सील करने के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा परिसर को सील कर दिया गया।



# एलडीए में विकास कार्यों की गुणवत्ता के लिए टेंडर वर्क में बदलाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में अब से 10-10 लाख रुपए के सामान्य टेंडर निकालने के लिए भी उपाध्यक्ष से सैद्धांतिक स्वीकृति लेनी होगी। इसमें भी उन्हीं कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की जाएगी, जिनमें कार्य कराना अति आवश्यक हो।

- **दस लाख के सामान्य काम के लिये लेनी होगी मंजूरी**
- **5 करोड़ से अधिक की निविदा में द्वि पद्धति से होगा वेंडर का चयन**

इसके बाद ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। इसके अलावा 05 करोड़ रुपए से अधिक की निविदा में वेन्डर का चयन गुणवत्ता एवं लागत आधारित पद्धति से किया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के दृष्टिगत यह आदेश जारी किये हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा अभियंत्रण कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसमें पाया गया कि कुछ जगहों पर वेन्डरों द्वारा जो काम किया जा रहा है उसमें क्वालिटी कंट्रोल का आभाव है। इसे ध्यान में रखते हुए निविदा आमंत्रित किये जाने को लेकर वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था में कुछ बदलाव किये गये हैं।

इससे निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए ई-टेंडर की प्रक्रिया को बल मिलेगा। साथ ही अनुभवी व योग्य वेन्डरों को कार्य आवंटित होने से कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा। प्रभारी मुख्य अभियंता के0के0 गौतम ने बताया कि वर्तमान में लागू व्यवस्था के तहत 10 लाख रुपए व्ययनुमान तक के कार्यों में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति लेकर सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। अब इसमें संशोधन कर दिया गया है, जिसके तहत 10 लाख रुपए तक के कार्य का टेंडर निकालने से पहले उपाध्यक्ष से सैद्धांतिक स्वीकृति लेनी होगी।

जिसके उपरांत सक्षम अधिकारी से व्ययनुमानों की स्वीकृति लेते हुए सामान्य निविदा आमंत्रत की जा सकेगी। इस क्रम में 40 लाख से 02 करोड़ रुपए तक के व्ययनुमानों की स्वीकृति के बाद पहले टेक्निकल बिड और फिर फाइनेंशियल बिड खोलते हुए निविदा स्वीकृति सम्बंधी कार्यवाही की जाएगी। वहीं, 02 करोड़ से 05 करोड़ रुपए तक के कार्यों की स्वीकृति के बाद स्टैण्डर्ड बिड डाक्यूमेंट्स (एसबीडी), जिसमें प्री-बिड बैठक के बाद टेक्निकल और फाइनेंशियल बिड की स्वीकृति की कार्यवाही सक्षम स्तर से प्राप्त की जाएगी।

इसके अलावा 05 करोड़ रुपए से ऊपर समस्त व्ययनुमानों की स्वीकृति के उपरांत क्वालिटी एंड कॉस्ट बेस्ड सेलेक्शन (क्यूसीबीएस) पद्धति के तहत निविदाओं की स्वीकृति की कार्यवाही सक्षम स्तर से प्राप्त की जाएगी। इसी तरह पीपीपी मॉडल व डिपाजिट वर्क के तहत कराये जाने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए भी क्यूसीबीएस पद्धति के तहत निविदा की कार्यवाही की जाएगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# फिल्मों में काम दिलाने के बहाने युवती से गैंगरेप



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट में तीन युवकों ने कानपुर की रहने वाली एक युवती से पहले सोशल मीडिया पर दोस्ती की उसके बाद फिल्मों मे काम दिलाने के बहाने लखनऊ बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ गैंगरेप किया। गैंगरेप के बाद आरोपी उसे एक होटल में छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि होटल में भी उसके साथ गैंगरेप किया गया।

मूल रूप से कानपुर की रहने वाली 23 वर्षीय युवती की फेसबुक पर विपिन सिंह से दोस्ती हुई थी। युवती ने पुलिस को बताया है कि उसे मूवी डाइरेक्टर से मुलाकात करा काम दिलवाने के बहाने विपिन अपनी स्कार्पियो से उसे लेकर चिनहट के देवा रोड स्थित आफिस लेकर गया यहां किसी शख्स को डायरेक्टर बताकर मुलाकात करवाई। लौटते समय कार में दो अन्य युवकों हिमांशु सिंह और विनाम सिंह को बिठा लिया। आरोप है कि रास्ते में नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके साथ गैंगरेप किया ।जब होश में आई तो मटियारी चौराहे स्थित होटल में थी। चिनहट थाना प्रभारी अश्वनी चतुवेर्दी ने बताया कि जांच में पता चला है कि पीड़िता तथा विपिन की दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी। युवती ने विपिन से भोजपुरी फिल्मों में डांस करने की इच्छा जताई। जिसके बाद 28 अगस्त को युवती कानपुर से लखनऊ आई और विपिन के साथ चिनहट के देवा रोड स्थित रॉयल कंस्ट्रक्शन के आफिस गई थी। वापसी में इनकी गाड़ी का एक्सीडेन्ट हो गया था। फिलहाल युवती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मटियारी पुलिस चौकी के पास बने होटल में इतनी बड़ी वारदात होने से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी ओर सुरक्षा के तमाम इंतजाम होने के बाद भी होटल स्टाफ ने उन्हें कमरा कैसे अलॉट कर दिया। बहरहाल पुलिस ने होटल का सीसीटीवी अपने कब्जे में ले लिया है।

**कार सवार ने ऑटो में बैठी महिला से किया अशलील इशारा विरोध पर मारी टक्कर:** पारा थाना क्षेत्र से रविवार दोपहर आटो से लुलू माल जा रही महिला की आटो में एक कार नम्बर यूपी 32 पी पी 4969 के चालक ने उसके अशलील इशारे का विरोध करने पर कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बाराबिरवा नहर पर जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। जिससे आटो क्षतिग्रस्त हो गया और आटो सवार महिला सहित कई सवारियां चोटिल हो गई। घटना की शिकायत पीडिता ने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पारा थाना क्षेत्र निवासिनी अंजू देवी पत्नी प्रमोद कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर गाड़ी नम्बर के आधार पर आरोपित कार चालक की तलाश की जा रही है।

## पति ने नवविवाहिता पत्नी को पीटा, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में बीते एक सप्ताह पूर्व एक पति ने अपनी पत्नी की जमकर पिटाई कर दिया। वही पीडिता ने अपने पति पर विवाहित नन्दो की शह पर मारपीट करने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि चन्द्रोदय नगर राजाजीपुरम थाना तालकटोरा निवासिनी प्रियंका भारती पुत्री मेड़ी लाल के अनुसार उसकी शादी नौ वर्ष पूर्व आलमबाग मवईया निवासी राज पुत्र स्व० शिवपाल के साथ हुई है। उसके दो बच्चे है। परिवार में उसकी सास जमुना देवी व दो ननद रेखा व सोनी है जिनकी शादी हो चुकी है। आरोप है कि उसकी दोनों विवाहित ननदें जब आती है तो उसकी नन्दे पति के साथ मिलकर पीडिता से झगड़ा करती है व गाली देती है बीते 26 अगस्त को उसके पति राज ने पीडिता को सुबह करीब आठ नौ बजे के बीच उसकी नन्दो की शह पर जमकर मारा पीटा जिससे उसको काफी चोट आई जिसके चलते उसने अपने पति सहित विवाहित नन्दो के खिलाफ स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से शिकायत करने के साथ अपने माइके चली गई। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सिपाही भर्ती के लिए बैठाया सॉल्वर, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में सिपाही और समकक्ष पदों पर अक्टूबर 2018 में हुई सीधी भर्ती की परीक्षा में एक अभ्यर्थी ने सॉल्वर को बैठाया था।

इसका खुलासा बायोमैट्रिक मिलान के दौरान हुआ। फारेंसिक लैब से इसकी पुष्टि होने के बाद भर्ती बोर्ड की तरफ से लखनऊ के हुसैनगंज थाने में शिकोहाबाद के जमालीपुर नगता खंगर निवासी अभ्यर्थी सचिन कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस एफआईआर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। भर्ती बोर्ड की तरफ की तरफ से दर्ज कराई एफआईआर के मुताबिक सिकोहाबाद निवासी सचिन कुमार की 28 जनवरी 2019 को मथुरा महाबन बांगर स्थित केके डिग्री कलेज में लिखित परीक्षा थी। जिसमें अभ्यर्थी सचिन कुमार के पास होने पर वह फिजिकल टेस्ट के लिए 15 जनवरी 2020 को शामिल हुआ। जहां बायोमैट्रिक मिलान के दौरान पता चला कि परीक्षा देने वाले से उसके बायोमैट्रिक मिसमैच कर रहे हैं। जिसके बाद जांच में सामने आया कि अभ्यर्थी सचिन कुमार ने अपने जगह पर किसी और को परीक्षा में बैठाया था।

**फारेंसिक जांच में हुई पुष्टि:** फिजिकल टेस्ट के दौरान बायोमैट्रिक मिलान न होने पर अभ्यर्थी सचिन कुमार के सभी दस्तावेजों का मिलान कराया गया। साथ ही लिखित परीक्षा के दिन लिए गए बायोमैट्रिक और फोटो का फिजिकल के दिन लिए गए साक्ष्यों से फारेंसिक में मिलान कराया गया। जहां से इसकी पुष्टि हुई कि सचिन ने अपनी जगह पर किसी दूसरे को परीक्षा के दौरान बैठाया था। वहीं लिखित परीक्षा पास होने पर खुद फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचा था। हुसैनगंज पुलिस पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के सीओ अंबरीष सिंह भदौरिया की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**लम्बे समय से फरार आरोपी गिरफ्तार:** लंबे समय से पेशी से गैरहाजिर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में नगराम पुलिस द्वारा एक वारंटी को सोमवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र हसन पुर गांव निवासी बासुदेव के लड़के कुलदीप के विरुद्ध सन् 2020 में दर्ज मार-पीट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।

## विधायक के आवास से चोरों ने टोटियों पर किया हाथ साफ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बलटर पैलेस कालोनी स्थति सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ से विधायक विनय वर्मा के सरकारी आवास में चोरी हो गई।

चोर उनके बाथरूम से टोंटी और प्लंबिंग का सामान चुरा ले गए। उनकी शिकायत पर हजरतगंज थाना पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। विधायक निवास जैसे स्थान पर चोरी की घटना को लेकर विधायक ने चिंता जताते हुए पुलिस से ठोस कदम उठाने की बात कही है। सरकारी आवास में चल रहा है काम विधायक विनय वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया है कि उनको बटलर पैलेस कालोनी में सरकारी आवास आंवटित हुआ था। जिसका अभी भी राज्य सम्पति विभाग ने काम पूरा नहीं करा पाया है। जिसके चलते वह परिवार के साथ लखनऊ में नहीं रह पा रहे हैं। यहां पर लखनऊ आने के दौरान ही जाता हूं। 31 अगस्त को लखनऊ आने के प्रोग्राम के चलते अनुराग मिश्र को साफ-सफाई के लिए भेजा था। अनुराग ने बताया कि आवास में चोरी हो गई है। चोर पीछे की ओर आंगन का दरवाजा का ताला तोड़कर घुसे थे। चोर डायनिंग रूम के वासबेसिंग और बाथरूमों में लगे नलो को तोड कर नल चुरा ले गए। साथ ही कमरों में रखा क्या सामान गया है वह जांच के बाद बताया जाएगा। कंट्रोल रूम को दी गई सूचना उन्होंने यह भी बताया कि चोरी की जानकारी होने पर अनुराग ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी।

## घूस लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

लखनऊ ।राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की चौकी डाक्टर खेड़ा के चौकी इंचार्ज रामदेव गुप्ता को बीस हजार की घूस लेते हुए विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार किया है ।टीम चौकी इंचार्ज को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है ।चौकी इंचार्ज मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर रुपया मांग रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक पारा थाने के डॉक्टरखेड़ा चौकी इंचार्ज को विजिलेंस की टीम ने सोमवार को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार करने के बाद आरोपी दरोगा पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। विजिलेंस टीम की माने तो प्रतापगढ़ के रानीगंज के रहने वाले दिनेश कुमार पटेल के खिलाफ पारा थाने में पूर्व में एक मुकदमा दर्ज हुआ था ।इस मुकदमें की विवेचना डॉक्टरखेड़ा चौकी इंचार्ज दरोगा राम देव गुप्ता को सौंपी गई थी ।विवेचना के दौरान आरोपी के खिलाफ साक्ष्य नहीं मिले ।लेकिन दरोगा राम देव दिनेश कुमार से फाइनल रिपोर्ट लगाने के एवज में 20 हजार रुपये की घूस मांगी।

## अनियंत्रित वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

- मृतक के बेटे की शिकायत पर आरोपित कार सवार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आशियाना इलाके में रविवार रात घर से साईकिल ले सब्जी खरीदने निकले पेशे से चालक को थाना क्षेत्र स्थित स्मृति उपवन की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही अनियंत्रित कार चालक ने स्मृति प्लाजा के पास साइकिल सवार को टक्कर मार मौके से फरार हो गया। वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहाँ से उसे डॉक्टरों ने ट्रामा रेफर कर दियो जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दियो सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी गाँव निवासी तेज बहादुर ( 40 ) पुत्र स्व कन्हैया लाल के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक पेशे से चालक थो मृतक के परिवार में माँ लल्ली देवी , पत्नी गीता तीन पुत्रियां शिवानी , सौम्या व सिमरन और एक बेटा रोहित है मृतक रविवार रात्रि करीब 10:30 बजे अपने घर से सब्जी खरीदने के लिए निकला था और वह कार की चपेट में आ गया। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। वही पुलिस के अनुसार मृतक के बेटे ने गाड़ी नंबर आधार पर थाने में शिकायत की है पुलिस के अनुसार मृतक के बेटे की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित चालक की तलाश की जा रही है।

## सशस्त्र बल महोत्सव का उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

लखनऊ। सेना, नौसेना और वायुसेना की नवीनतम हथियार प्रणालियों और उपकरणों का प्रदर्शन करने वाला आर्म्ड फोर्सेज फेस्टिवल 3 से 5 सितंबर, 24 सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर-1 में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 3 सितंबर को सुबह 10 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन सशस्त्र बलों की शक्ति को दर्शाएगा। हेलीकाप्टरों, पैरामोटर्स, माइक्रोलाइट फ्लाइंग, लड़ाकू विमानों द्वारा फ्लाईपास्ट, घोड़े और मोटरसाइकिल प्रदर्शन आदि के साथ साथ स्लिथरिंग, पैरा जंप और विशेष बलों के कई रोमांचक प्रदर्शन यहां दिखेंगे। दर्शक आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित और नवीनतम सैन्य हथियार प्रणाली जैसे टैंक, इन्फेंट्री के हथियार, तोपखाने की बंदूकें आदि की क्षमता भी देख सकेंगे। यह उत्सव सभी नागरिकों के लिए खुला है।

## हाई कोर्ट ने जज की अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर लगायी मुहर

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अधीनस्थ न्यायालय के एक जज को समयपूर्व दी गयी अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश पर अपनी मुहर लगा दिया है। कोर्ट ने अपने आदेष में इस बात का संज्ञान लिया कि साल 2009 से 2019 तक उक्त जज के खिलाफ भ्रश्टाचार और बेईमानी की कई गंभीर शिकायतें थीं। यह आदेश जस्टिस राजन राय व जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की पीठ ने उक्त जज शोभ नाथ सिंह की ओर से दाखिल एक रिट याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची जज ने हाईकोर्ट की प्रशासनिक समिति के 26 नवंबर 2021 के एक आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की अनुशंसा थी। साथ ही राज्य सरकार के 29 नवंबर 2021 के आदेश को भी चुनौती दी थी जिसमें हाईकोर्ट की अनुशंसा पर उसे समय पूर्व सेवानिवृत्ति दे दी गयी थी। पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अनवार्य सेवानिवृत्ति कोई सजा नहीं होती अपितु इसका प्रयोग तब किया जाता है जब यह लगे उक्त कर्मचारी अमुक सेवा के लिए उपयुक्त नहीं रह गया है। जज शोभ नाथ सिहं की नियुक्ति यूपी न्यायिक सेवा में बतौर अपर मुंसिफ 2003 में हुई थी। 2008 में उसे सिविल जज सीनियर डिवीजन के तौर पर प्रोन्नति दे दी गयी थी। बाद में 2009 से 2019 के बीच उसके खिलाफ दो बार विभागीय जांच हुई। विजिलेंस जांच हुई। किन्तु उसे क्लीन चिट मिल गयी थी। बाद में जिला जज महोबा ने उसके सेवा पुस्तिका में उसकी सत्यनिष्ठा और आचरण को लेकर गंभीर टिप्पड़ियां की।

## छावनी परिषद की शाम की ओपीडी बनी एक नयी पहल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आज छावनी परिषद चिकित्सालय मे सायंकालीन ओपीडी का शुभारम्भ मेजर जनरल जे. देव नाथ कमाडेंट, कमांड चिकित्सालय तथा ब्रिगेडियर सौमित पटनायक, अध्यक्ष छावनी परिषद लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर द्वारा किया गया। मेजर जनरल जे.देव नाथ ने तथा बिग्रडियर सौमित पटनायक ने अभिषेक राठौर के कामों की सराहना की उन्होनें कहा कि शाम की ओपीडी से छावनी क्षेत्र की जनता को अत्यधिक लाभ मिलेगा। अभिषेक राठौर, मुख्य अधिशासी अधिकारी एवं उप मुख्य अधिशासी अधिकारी आर.पी.सिंह ने कहा कि काफी समय से सदर व्यापार मंडल तथा क्षेत्र की जनता शाम की ओपीडी खोलने की मांग की रही थी। इनकी मांगों को देखते हुए यह ओपीडी शुरू की गई है।

सायंकालीन ओपीडी में डा. मनीष यादव, जीडीएमओं, डा. आस्था सिंह, होम्यौपैथि फिजीशियन, डा. प्रिया डेंटल सर्जन, डा. अभिषेक सिंह, डेंटल सर्जन, डा. नीरज अग्रवाल आयुवेदिक फिजीशियन, शुभम सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति की गई है। सतबरी सिंह राजू सदर व्यापार मंडल ने समस्त व्यापारियों तथा छावनी क्षेत्र की जनता से शाम को खोली गई ओपीडी के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजुंम आरा, सुमन वैश्य, रूपा देवी, रतन सिघानियां एवं पूर्व सदस्यगण, जगदीश प्रसाद, संजय कुमार वैश्य, अमित शुक्ला, उपस्थित रहे। समस्त पूर्व उपाध्यक्ष एवं समस्त पूर्व सदस्य ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। इसके अतिरिक्त छावनी परिषद कार्यालय का स्टाफ तथा छावनी परिषद सार्वजनिक चिकित्सालय के आर.एम.ओ डा.एस.सी.जोशी भी उपस्थित रहे।

## यू पी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित



**लखनऊ।** यू पी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता चौक स्टेडियम लखनऊ में संपन्न हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रैंडमास्टर मोहम्मद नदीम द्वारा किया गया जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में लखनऊ कानपुर रोड स्थित अवध कॉलेजिएट के बच्चों ने बहुत उत्साह से हिस्सा लिया जिसमें अवध का कॉलेजिएट के पुरुष वर्ग में अवनीश कुमार और आशुतोष ने गोल्ड मैडल तथा महिला वर्ग में खुशी, पलक सिंह, उन्नति मिश्रा, ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया वहीं पियूष वर्मा पुलकित श्रीवास्तव सिमरन गौतम ने सिल्वर मेडल एवम नैतिक, समीक्षा गौतम, सक्षम, सत्यम पाण्डे, कौस्तुभ पाण्डे ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर अवध कॉलेजिएट तथा अपने जिले का नाम रोशन किया है अवध कॉलेजिएट के प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह एवम् निर्देशिका जतिंदर वालिया जी ने विजेता खिलाड़ियों को एवं उनके कोच घनश्याम शर्मा को बधाई दी। प्रतियोगिता में ग्रैंड मास्टर डॉक्टर जिम्मी जागतिअनी फाउंडर एंड फादर ऑफ ताइक्वांडो इन इंडिया, जनरल सेक्रेटरी टी एफ आई के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरण किया गया एवम श्री जिम्मी सर ने घोषणा कि की आगामी ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता और वर्ल्ड पूमसे ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सभी गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे ।

## भगवती बाबू की यूएसपी उनकी कहानियों का रोचक अंत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदी साहित्य के कालजयी एवं मूर्धन्य साहित्यकार भगवती चरण वर्मा की 121वीं जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। लखनऊ साहित्यिक मंच की ओर से कला स्त्रोत आर्ट गैलरी में हुई संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध कवि और लेखक डॉ उदय प्रताप सिंह ने की।

गोष्ठी में स्वर्गीय भगवती चरण वर्मा के पौत्र कवि एवं साहित्यकार चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि भगवती बाबू अपनी कहानियों की विषय वस्तु एवं चरित्र सच्ची घटनाओं से ही उठाते थे और उनको थोड़ा काट छांट कर प्रस्तुत करते थे। भगवती बाबू की कहानियों में जो सबसे महत्वपूर्ण बात होती थी कहानी का रोचक अंत। कहानियों के पाठक को कहानी के अंत तक यह आभास नहीं हो पता था कि जैसा अंत रचा गया है वैसा भी हो सकता है। यही उनकी कहानियों की यूएसपी हुआ करती है। चंद्रशेखर वर्मा ने बताया की की भगवती बाबू की कहानी प्रायश्चित और वसीयत भारत के हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा भी रहीं हैं। मशहूर शायर मनीष शुक्ला ने बताया कि बाबू जी को किसी एक विधा से बांधना बड़ा मुश्किल है वो बहुआयामी साहित्यकार थे। हर विधा में उन्होंने उत्कृष्ट रचनाएं लिखी। जहां उनकी कहानी दो बाकें और प्रायश्चित दुनिया की सबसे लोकप्रिय कहानियों में से हैं तो वहीं चित्रलेखा एक ऐसा उपन्यास है जो दुनिया के किसी भी कोने में बरसों याद किया जाएगा। मशहूर हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने कहा कि भगवती चरण वर्मा की रचनाओं में हास्य का बड़ा अनोखा पुट होता था। उनका हास्य आम तौर पर एक वाक्य में निकलता था लेकिन वह वाक्य पूरी रचना के घटनाक्रम को प्रमाणित कर देता था। पूर्व आईएएस शजे एस मिश्रा ने कहा कि भगवती बाबू को उन्होंने बचपन से ही पढ़ना शुरू किया था और वे उनसे बहुत प्रभावित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भगवती बाबू की रचनाओं में उन्होंने उन्होंने प्रगतिवाद भी देखा और इस संदर्भ में चित्रलेखा का जिक्र तो आमतौर पर बहुत किया जाता है लेकिन उनके भूले बिसरे चित्र और लेखन जैसे उपन्यासों आदि से ग्रामीण अंचल के बहुत से लोग अपने आप को जोड़कर देखा करते हैं ।कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी गोपाल सिन्हा ने किया।


## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मोहम्मद फैज पुत्र स्व. मो. सफीक को उसके गलत आचरण, चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **उमर जहाँ पत्नी स्व. मो. सफीक नि.-544/2964, कैम्पवेल रोड, निकट समनान गार्डन, बरौरा हुसैन बाड़ी, थाना-ठाकुरगंज, लखनऊ।**


## हाईकोर्ट ने याची को किया तलब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष उत्तर प्रदेश एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यगण को नामित किए जाने के सम्बन्ध में 23 अगस्त 2024 की अधिसूचना को जनहित याचिका दाखिल करते हुए, चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उक्त अधिसूचना अब तक जारी ही नहीं की गई है। आश्चर्य भी जताया गया कि जो अधिसूचना जारी ही नहीं हुई, वह आखिर याची को कैसे मिल गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रुद्रपुर कलां विकास खंड लखीमपुर, खीरी**

**पत्रांक : मेमो** **दिनांक 02/09/2024**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रुद्रपुर कलां विकास खण्ड लखीमपुर के पंचायत भवन जो की निष्प्रयोज्य हो गया है। जिसकी नीलामी दिनाक 09/09/2024 को दिन के 11 बजे ग्राम पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय में की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति समय से भाग ले सकते हैं नीलामी की शर्ते निम्नवत है

1. नीलामी बोलने वाले व्यक्ति को जमानत के रूप में कुल धनराशि का 10 प्रतिशत जमा करना होगा।
2. नीलामी पानी वाले व्यक्ति को नीलामी की धनराशि नीलामी की तिथि को जमा करना होगा।
3. नीलामी दाता को नीलामी की सामग्री/निष्प्रयोज्य सामान को 15 दिन के अंदर को उठाना होगा।
4. निष्प्रयोज्य सामग्री की तोड़फोड़ में किसी भी अप्रिय घटना के लिए ग्राम पंचायत की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. नीलामी समिति को अधिकार होगा कि बिना कारण बताएं नीलामी निरस्त कर सकती है।

**श्रीमती गायत्री देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रुद्रपुर कलां**
**विकासखंड लखीमपुर, खीरी**

**श्रीमती प्रतिभा सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत रुद्रपुर कलां**
**विकासखंड लखीमपुर, खीरी**


## पुलिस कर्मियों का रोका गया वेतन, विभाग में मची खल बली

- चल अचल सम्पत्ति उजागर करने के लिए मानव सम्पदा पोर्टल किया गया था जारी
- मकान गाड़ी व अन्य जरूरतों के लिए गये लोन की किस्त जमा न होने की वजह से बैंक वालों के घड़घड़ाने लगे फोन
- व्यौरा न देने वालों के साथ देने वाले पुलिस कर्मियों का भी रोका गया वेतन

राजा शेख (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के पुलिस मुखिया के आदेश पर जारी मानव संपदा पोर्टल पर अपने संपत्ति की जानकारी उपलब्ध न करने के चलते पुलिस विभाग में उनका वेतन रोक दिया गया है। इस फैसले के बाद विभाग में खल बली मची हुई हैं। लेकिन इस फैसले को लागू करने में एक चूक हो गई है। जिन पुलिस कर्मियों ने अपना संपत्ति का विवरण उपलब्ध करा दिया था उनका भी वेतन रूक गया है। मतलब सब धान बाइस पसेरी वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। ऐसे में इन पुलिस कर्मियों में नाराजगी उभर रही जिन्होंने आला अधिकारियों के निर्देश का अक्षरश पालन करते हुए अपनी संपत्ति का ब्योरा उपलब्ध करा दिया। अब पुलिस कर्मियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पड़े भी क्यो न ऐसे में जो पुलिस कर्मी सिर्फ वेतन के सहारे ईमानदारी से नौकरी कर अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं वह काफी चिन्तित हैं। कुछ पुलिस कर्मियों ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि उन्हें हर महीने गाड़ी की किस्त, बच्चों की फीस और स्कूल वैन या बस का किराया, साग सब्जी, लोन पर लिए मकान की किस्त जमा करनी पड़ती है। वेतन रूक जाने से और कमाई का कोई और जरिया न होने से उनकी किस्तें जमा नहीं हो पाई हैं जिसकी वजह से उनके बैंकों से तगादे के फोन आने शुरू हो गये हैं।

**डीजीपी उत्तर प्रदेश की तरफ से एक पोर्टल जारी किया गया जिसका नाम :** मानव सम्पदा पोर्टल रखा गया। इसमें आदेशित किया गया था कि प्रदेश के पुलिस कर्मी अपनी चल व अचल सम्पत्ति का व्यवरा 31 अगस्त तक पूरा कर दें और यह भी कहा गया कि यदि व्यवरा नहीं पूरा किया गया तो उनका अगस्त का वेतन रोक दिया जायेगा। इस आदेश के बाद पुलिस विभाग में काना फूसी शुरू हुई और कुछ पुलिस कर्मियों ने ततकाल आदेश का पालन किया और चल अचल सम्पति का व्यवरा डाला दिया लेकिन जिन पुलिस कर्मियों ने नहीं डाला उनके साथ सभी पुलिस कर्मियों का वेतन रोक दिया गया। जिन लोगों ने आदेश का पालन किया था उनका भी वेतन लापरवाह पुलिस कर्मियों के साथ रोक दिया गया। वेतन के रूकने से पुलिस की घरेलू समस्याएं में ऊबाल आ गया। ऐसे में पुलिस विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है और हर तरफ यही चर्चा हो रही है।

**लखनऊ में मात्र तीन हजार पुलिस कर्मियों ने दिया था चल अचल सम्पत्ति का व्यौरा:** लखनऊ कमिश्नरेट में कुल पन्द्रह हजार पुलिस कर्मी हैं जिसमें से मानव सम्पदा पोर्टल पर तीन हजार पुलिस कर्मियों ने अपनी चल अचल सम्पत्ति का व्यौरा दिया था बाकी 12 हजार पुलिस कर्मियों ने आदेश का पालन नहीं किया जिसकी वजह से उनके साथ जो पुलिस कर्मियों ने व्यौरा दिया था उनका भी वेतन रोक दिया गया है अब ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


**उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, ई-निविदा सूचना :** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे किया गया है, ई-निविदा की वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। 1. अति अल्पकालीन खुली ई-निविदा संख्या टी.-04/2024-25, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैफई पर 01 नग 33के.वी. क्षतिग्रस्त सर्किट ब्रेकर को हटाकर नया सर्किट ब्रेकर लगाने का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"(पत्रांक : 1681, दिनांक 02.09.2024)**

# आध्यात्मिक शो का हिस्सा बनने की चाहत हमेशा रही : शरद मल्होत्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कसम से और महाराणा प्रताप जैसे टी वी शो में नजर आने वाले शरद मल्होत्रा जय जगन्नाथ से एक बार फिर से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने वॉयस ऑफ लखनऊ से अपने नए शो जय जगन्नाथ और उसमें निभाए गए अपने किरदार के बारे में बात की।

**आपका नया शो आ रहा है, अपने नए किरदार के बारे में क्या कहना चाहेंगे ?**

मैं आपको बताना चाहूँगा कि हरि ओम पहला दैवीय ऐप है। इस ऐप और जय जगन्नाथ का हिस्सा बनकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। पूरे संसार में ऐसा शो अभी तक नहीं बना है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं श्रीकृष्ण का किरदार निभाऊंगा। लेकिन हमेशा चाहता था कि मैं एक आध्यात्मिक शो का हिस्सा बनूं। लेकिन जब ये हुआ तो मैं बहुत खुश हुआ, ऐसा लगा जैसे ऊपरवाले ने मेरी अपील को सुन लिया हो। मैं अपने आप को बहुत लकी मानता हूँ कि मुझे ये शो मिला। आज तक मैंने जितने भी शो किए है ये उन सबसे अलग है। ये एक ऐसा किरदार था जो प्रभु ने चाहा और मैंने प्ले किया। शो के दौरान मुझे बहुत-सी लाइन भी दी गई थी तब मैं समझ नहीं पा रहा था कि मैं कैसे यह सब कर पाउँगा, लेकिन जब मैं सेट पर गया तो सब अपने-आप हो गया। मैं खुद भी कृष्ण भक्त हूँ। बात करू अगर शो की तो ये एक ऐसा शो है जो जगन्नाथ पुरी के बारे में है, यह शो बताएगा कि जगन्नाथ पुरी की शुरूआत कैसे हुई थी, उन्होंने क्या-क्या किया। उनके क्या-क्या रहस्य है, यह शो ये सब बताएगा। ये बहुत प्यारी कहानी है।

**जगन्नाथ पुरी को लेकर बहुत रहस्य है, आप किस रहस्य को जानने के लिए सबसे जायदा इच्छुक थे ?**

मैंने भी इनके रहस्य के बारे में बहुत कुछ सुना था। पताका का जो रहस्य है उसे आज तक कोई जान ही नहीं पाया है। इसके अलावा जब मैं ये शो कर रहा था तब मुझे पता चला कि अर्जुन ने श्रीकृष्ण के दिल को एक पेड़ के अन्दर रख दिया था। लोग कहते हैं कि आज भी उनका दिल धड़कता है, वह आज भी आकर प्रसाद खाते हैं, उनके प्रसाद को पूरा ग्रहण करना होता है, कोई इसे छोड़ नहीं सकता है। यह सब मैं शो के दौरान ही जान पाया।

**आपको इस शो के लिए कितनी भविष्यवाणी की जरूरत पड़ी ?**

जब मैंने शो के प्रोडयूसर से शो की कहानी के बारे में पूछा तो उन्होंने मुझे बताया कि शो की कहानी महाभारत युद्ध के बाद की है। जब श्रीकृष्ण अपने जीवन के अंतिम चरण में होते हैं यानि जब वह यह धरा छोड़ने वाले थे, कहानी की शुरूआत यही से होती है। शो में इसके बाद वह जगन्नाथ के रूप में नजर आए, फिर नील माधव के रूप में। बहुत प्यारी कहानी है। लोगों को बहुत पसंद भी आ रही है। सभी को शो बहुत ही खूबसूरत लग रहा है।

**क्या जय जगन्नाथ की शूटिंग के दौरान आप पुरी गए थे ?**

मैं पुरी बचपन में गया था। हमने बस जगन्नाथ पुरी के चमत्कार के बारे में सुना था, लेकिन इस शो के दौरान मुझे उनसे कनेक्ट होने का मौका मिला। शूट के पहले दिन जब मैंने श्रीकृष्ण का गेटअप लिया। जब मैंने मुकुट और मोरपंख लगाया और शीशे के सामने जाकर खड़ा हो गया। मुझे उस वक़्त अच्छा महसूस हो रहा था, लग रहा था कि अब सुकून है। मेरे मन में उस वक़्त कोई और ख्याल नहीं था। यहीं मेरा कनेक्शन था।

**ऐसे धार्मिक शो आते हैं तो आप इसे कैसे देखते हैं ?**

जब कोई आपके पास ऐसा शो लेकर आता है तो वह इसपर बहुत मेहनत करता है। ऐसे शो बनाने से पहले बहुत रिसर्च करनी पड़ती है। इसके बाद ही उसे दिखाया जा सकता है। अलग-अलग प्लेटफार्म पर अलग-अलग शो आते हैं. सभी बहुत मेहनत करते हैं। हम भारतीय बहुत इमोशनल है। जैसे मान ले कि मैं श्रीकृष्ण का किरदार निभा रहा हूँ और दर्शक उसे सुन रहे हैं, कहीं न कहीं वह इसे अपने जीवन में अपना भी रहे हैं, ऐसे में जो कुछ भी कहा जा रहा है मुझे उनका अर्थ पता होना चाहिए। ऐसा नहीं कि मैं बस उसे कह भर दूं। रामायण जैसे शोज जिसमें राम और सीता को देखकर हम सभी ने मान लिया कि असल में यही राम और सीता है। हम जब भी उन्हें देखते थे तो हाथ जोड़कर खड़े हो जाते थे, ये सब हमारा विश्वास है और जहाँ विश्वाश होता है, वहां और कुछ नहीं हो सकता।

**आप अपने फैनस से क्या कहना चाहते हैं ?**

मेरे फैनस मुझे कह रहे हैं कि आपको तो हम देख ही नहीं पा रहे हैं, हम तो श्रीकृष्ण को देख रहे हैं। अभी शो आए हुए कुछ ही दिन हुए है लेकिन दर्शकों का बहुत प्यार मिल रहा है। मैं तो यही उम्मीद करता हूँ कि लोग इस शो से जुड़ें और नई चीजें सीखें। साथ ही अपने सनातन धर्म को पहचाने। श्रीकृष्ण जी ने कहा है कर्म करें जा फल की चिंता मत करें।

# महानगर रामलीला की तैयारी शुरू, रिहर्सल में जुटे कलाकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राजधानी में इन दिनों रामलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में महानगर रामलीला समिति के सभागार में लीला मंचन का पूर्वाभ्यास शुरू हो चुका है। महेन्द्र पंत के निर्देशन में प्रतिदिन सायं 6 बजे से 9 बजे तक सभी कलाकार रामलीला महोत्सव 2024 की तैयारी में पूर्वाभ्यास में जुटे हैं।

समिति के महासचिव हेम पंत ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन में शबरी प्रसंग को भी जोड़ा गया है। इस बार लीला मंचन में राम के अभिनय में यशी लोहुमी, लक्ष्मण फाल्गुनी लोहुमी, सीता के अभिनय में अनुराधा मिश्रा किरदार निभायेंगी। भरत की भूमिका में पहली बार प्रतिष्ठा शर्मा और सत्रुघ्न की भूमिका में प्रसिद्धी जोशी पूर्वाभ्यास में जुटी हैं। समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि इस बार कई वर्षों से जनक का किरदार निभा रहे हरीश लोहुमी महेन्द्र पंत के साथ सह निदेशक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ललित भट्ट सौंपी हारमोनियम पर तथा नीरज पंत व दिवाकर राव तबले पर तथा किशोर श्रीवास्तव बांसुरी पर संगत कर रहे हैं। संयोजक दीपक पांडे (दिनू) ने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक होगा। रामलीला के निर्देशक महेन्द्र पंत इस बार भी हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे।

# सुख-समृद्धि का प्रतीक गणेश चतुर्थी 7 से, घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेश चतुर्थी, जिसे विनायक चतुर्थी और गणेश चौथ के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व को भक्त बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। यह ज्ञान, सौभाग्य और समृद्धि के देवता भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है। यह त्योहार हर साल भाद्रपद माह में मनाया जाता है, जो दस दिनों तक चलता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 6 सितंबर दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 7 सितंबर को शाम 5 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि को देखते हुए गणेश चतुर्थी का शुभारंभ 7 सितंबर दिन शनिवार को होगा और इसी दिन गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना और व्रत की शुरूआत होगी। इसके साथ ही 7 सिंतबर को गणेश चतुर्थी की पूजा सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 34 मिनट के बीच होगी।

**गणेश चतुर्थी मूर्ति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त:** 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी की पूजा और मूर्ति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 3 मिनट से दोपहर 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। इस मुहूर्त के बीच भक्तगण बप्पा की मूर्ति स्थापित कर सकते हैं। गणपति जी की मूर्ति विधिपूर्वक ही स्थापित करनी चाहिए। वहीं गणेश की वो मूर्ति घर लाएं जिसमें उनकी सूंड बाईं ओर हो। दाएं तरफ सूंड वाली गणपति जी की मूर्ति को घर में स्थापित करने से बचना चाहिए।

**कब होगा गणेश चतुर्थी का समापन:** पंचांग को देखते हुए गणेश चतुर्थी का समापन 17 सितंबर, 2024 दिन मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के दिन होगा। वहीं, इसी दिन गणेश जी का विसर्जन किया जाएगा। ऐसा मान्यता है कि जो लोग इस व्रत का पालन करते हैं, उन्हें भगवान गणेश का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही उनके परिवार में खुशहाली आती है।

**दस दिनों तक चलता है गणेश उत्सव:** गणेश चतुर्थी का उत्सव हर साल भाद्रपद माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष के दौरान भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी का उत्सव पूरे 10 दिनों तक चलता है और इसका समापन अनंत चतुर्दशी के दिन होता है। गणपति बप्पा के स्वागत के लिए घर से लेकर मंदिर और पंडाल तक में खास सजावट की जाती है। गणेश चतुर्थी पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाई जाती है। लेकिन महाराष्ट्र में गणेश उत्सव का खास रौनक दिखाई देता है। पूरे 10 दिन दिन मुंबई गणपति जी की भक्ति के रंगों में रंगा नजर आता है।

### गणेश प्रतिमा खरीदते समय 4 बातों का रखें ध्यान

- गणेशजी की प्रतिमा मिट्टी की बनी होना चाहिए।
- सूंड़ बाईं तरफ झुकी होना शुभ माना जाता है।
- गणेश जी आराम की मुद्रा में बैठे हुए होना चाहिए।
- एक हाथ में मोदक, दूसरा आशीर्वाद की मुद्रा में हो।

## भगवान गणेश को मोदक समेत पांच व्यंजनों का लगायें भोग, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश का जन्म हुआ था। हर वर्ष इस तिथि को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो लगभग 10 दिनों तक लगातार चलता है। इस साल गणेश चतुर्थी 7 सितंबर 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन घरों में गणपति बप्पा को स्थापित किया जाता है, और विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की जाती है।

हिंदू धर्म में गणेश भगवान को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी नए कार्य की शुरूआत करने से पहले उनकी विशेष पूजा की जाती है। माना जाता है कि जो जातक उनकी पूजा आराधना सच्चे मन और भाव से करता है, उसे ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं हर साल की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी का दिन सभी के लिए बहुत लाभकारी है। इस तिथि पर ब्रह्म योग और चित्रा नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। ऐसे में विघ्नहर्ता की पूजा के साथ-साथ उनके प्रिय भोग लगाने से हर इच्छा पूरी होती है। साथ ही सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**मोदक का भोग:** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आप भगवान गणेश को मोदक का भोग जरूर लगाएं। ये उन्हें अति प्रिय है। माना जाता है कि मोदक के भोग से गणेश जी प्रसन्न होते हैं, और हर मनोकामना पूरी करते हैं। आप मोदक को घर पर भी तैयार कर सकती हैं।

**खीर का भोग:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को खीर बहुत प्रिय है। ऐसा माना जाता है कि जब भी माता पार्वती खीर बनाती थीं, तो भगवान गणेश खीर का पूरा प्याला पी जाया करते थे। इसलिए उनके जन्मोत्सव के खास अवसर पर उन्हें खीर का भोग अवश्य लगाएं।

**वड़े और चूरमा का भोग:** गणेश चतुर्थी पर आप गणेश जी को उड़द की दाल से बने वड़े का भी भोग लगा सकती है। इसके अलावा बाटी का चूरमा भी खिला सकती है। माना जाता है कि चूरमा गणेश जी को बहुत पसंद है।

**केले का भोग:** गणेश पूजन पर मखाने का भोग लगाएं। इसे काफी शुभ माना जाता है। इस दौरान आप नारियल और केले का भोग भी लगा सकती हैं। इसे काफी उत्तम माना जाता है। केले का भोग सभी देवी-देवताओं को प्रिय होता है, और पूजा पाठ से जुड़े कार्य में इसे जरूर शामिल किया जाता है।

**बेसन की बर्फी:** गणेश जी को बेसन की बर्फी का भोग लगाना बहुत शुभ होता है। आप गणेश चतुर्थी की पूजा में इसे जरूर रखें। बेसन की बर्फी आप घर पर भी तैयार कर सकते हैं। ये भोग पीला और मीठा होने की वजह से भगवान गणेश को पसंद है।

# यूट्यूब चैनल पर श्रीमद्भागवत महापुराण का हुआ विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मेधज यूट्यूब चैनल पर आज श्रीमद्भागवत महापुराण का भव्य विमोचन हुआ। मेधज के संस्थापक डॉक्टर समीर त्रिपाठी द्वारा संगीतमय गाये इस महापुराण को उनकी माता रेखा त्रिपाठी ने विमोचन किया। मेधज यूट्यूब चैनल पर आज से प्रतिदिन श्रीमद्भागवत महापुराण का एक अध्याय रिलीज होगा। इस महापुराण के 12 खंड के 335 अध्याय में 18000 श्लोक है। ओमी व सुधेश खरे ने संगीत दिया है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के शिष्य ब्रह्मचारी मुकुंदानंद की पावन उपस्थिति में डॉक्टर समीर त्रिपाठी की माता रेखा त्रिपाठी ने लखनऊ आशियाना स्थित मेधज टावर में दीप प्रज्ज्वलित कर मेधज यूट्यूब चैनल पर इसका विमोचन किया व श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व को भी विस्तार से बताया। भाद्रपद अमावस्या एवं मघा नक्षत्र के अवसर पर इसका विमोचन किया गया। डॉ समीर त्रिपाठी ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण जिसे सनातन धर्म में पांचवें वेद की संज्ञा दी गई है। भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है।

डॉ त्रिपाठी के अनुसार इस कालखंड में मन्त्रों की महिमा बहुत बढ़ गई है। मन्त्रों के गायन से मंगल प्रसन्न होते हैं। डॉ त्रिपाठी रामचरितमानस, शिव पुराण, देवी पुराण व भगवत गीता आदि का भी गायन किया है। कोरोना काल में उन्होंने शास्त्रों के गायन का शुभारंभ किया था। मेधज एस्ट्रो यूट्यूब चैनल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवी भागवत महापुराण के पहले अध्याय का विमोचन किया था।

# प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम

- कला स्रोत आर्ट गैलरी अलीगंज लखनऊ मे कलांश अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कला निकेतन सोसायटी द्वारा आयोजित कलांश अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी के समापन सत्र का आयोजन कला स्रोत आर्ट गैलरी अलीगंज लखनऊ में हुआ। इसमें आमंत्रित कलाकार, स्वतंत्र कलाकार एवं युवा कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. मांडवी सिंह कुलपति भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय उपस्थित रही।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कुसुम वर्मा अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार उपस्थित रहीं। कला निकेतन सोसाइटी की कोषाध्यक्ष शिवानी गुप्ता जी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। अभिनव दीप ने पौधा भेंट कर सभी का अभिनंदन किया। प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कला क्षेत्र में उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। और ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि कुसुम वर्मा ने कलाओं में लोक के समागम पर बात रखी व कहा लोक की अपनी एक परंपरा है। कलाकारों को चाहिए की उस परंपरा की ओर भी ध्यान दें। आमंत्रित कलाकारों में प्रो. सुनीता शर्मा जी, डॉ कुमुद मिश्रा, डॉ शुभम शिवा जी, डॉ सुनील कुमार जी उपस्थित रहें जिन्हे मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कला के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभागी रहने वाले राजेंद्र मिश्रा को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में अभिनव दीप ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रदेश और देश भर से आए हुए कलाकारों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कौंतेय जय ने किया। कार्यक्रम में हर्षिका, विकास, शिवम, अरेंद्र, मांशी, सिद्धार्थ गुप्ता, भारती, मनोज प्रजापति समेत लगभग 100 कलाकार उपस्थित रहे।

# शबद कीर्तन व फूलों की वर्षा के साथ शुरू हुआ गुरु ग्रन्थ साहिब का प्रकाश पर्व





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज का 420वां पहला प्रकाश पर्व सेवक जत्थे एवं श्री गुरु सिंह सभा की ओर से ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जा रहा है। प्रातः का दीवान 5.00 बजे शबद चौकी के कार्यक्रम आरम्भ हुआ जिसमें शबद कीर्तन गायन करते श्रद्धालुओं के पीछे फूलों की बरखा एवं सुगन्ध से भरे वातावरण में फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में विराजमान साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज को पुरूष, महिलाएं तथा बच्चे अपने कन्धों पर उठाकर वाहिगुरू का जाप एवं गुरबाणी कीर्तन का गायन कर रहे थे शबद चौकी के कार्यक्रम के उपरान्त श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश दरबार हाल में फूलों और एवं बिजली की झालरों से सुसज्जित भव्य संगमरमर की पालकी में किया गया उसके उपरान्त श्री अखण्ड पाठ शुभारम्भ हुआ जो लगातार 48 घन्टे तक चलेगा तत्पश्चात भाई हजूरी रागी राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में सभ सिक्खन को हुकुम है गुरू मान्यो ग्रंथ एवं पवित्र आसा दी वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी गुरजिन्दर सिंह जी ने श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की महिमा का व्याख्यान करते हुए बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का सबसे पहले प्रकाश सिक्खों के पाँचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी ने श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर साहिब में 1604 को किया था और बाबा बुड्ढा जी को पहला मुख्य ग्रंथी बनाया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। 3 सितंबर 2024 को शाम के विशेष कीर्तन समागम में शामिल होने के लिए भाई हरभेज सिंह जी वडाला हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब से विशेष रूप से पधार रहे हैं जो गुरबाणी कीर्तन गायन कर संगतों को निहाल करेंगे। दीवान की समाप्ति के उपरान्त ब्रेड छोले, चाय नाश्ता का लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

## गुरुद्वारा यहियागंज में प्रकाश पर्व कल

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व 4 सितंबर को बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉक्टर गुरमीत सिंह के संयोजन में होने वाले इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भाई हरभेज सिंह वडाला श्री दरबार साहब श्री अमृतसर से पधार रहे हैं कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7:00 बजे होगी एवं समाप्ति देर रात होगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से सजाया जाएगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की संपादना सिखों के 5वें गुरु श्री गुरु अर्जुनदेव द्वारा की गई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में गुरु अर्जुनदेव ने अपने से पहले चारों गुरुओं द्वारा रची गई वाणी, अपनी गुरुवाणी, उस वक्त के निर्गुण विचारधारा के 15 भक्तों की वाणी, गुरु घर के अनन्य सेवक बलवंत जी, सुन्दर जी और 11 भट्टी की वाणी का समावेश किया गया। गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी में मुल्तानी, पंजाबी, हिन्दी, सिंधी, मराठी, व्रज, गुजराती, अरबी, फारसी भाषाओं का समावेश है। माना जाता है प्रभु परमात्मा द्वारा जो वाणी गुरुओं को सुनाई गई थी, वही गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी में मौजूद है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर सहित देश भर में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

# फिल्म 'इमरजेंसी' के कुछ दृश्यों पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जताया विरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी के संभावित रिलीज पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा महामंत्री सरदार हरपाल सिंह जग्गी प्रवक्ता सरदार सतपाल सिंह मीत लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक के अधिकृत अधिवक्ता सरदार जसवीर सिंह ( राजू बक्शी ) गुरुद्वारा सदर के अध्यक्ष सरदार तेजपाल सिंह रोमी द्वारा संबोधित की गई।

सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा अध्यक्ष एवम सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने अवगत कराया कि पूर्व में गुरुद्वारा सदर में दिनांक 29 अगस्त को समस्त गुरुद्वारा एवं सिख संगठनों की बैठक की गई जिस पर निर्णय लिए हुए बिंदुओं पर समिति द्वारा कार्रवाई की गई जो प्रेस बंधुओ के समक्ष प्रेषित है। लखनऊ गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव सरदार हरपाल सिंह जग्गी एवं अधिकृत अधिवक्ता सरदार जसवीर सिंह ( राजू बक्शी ) द्वारा केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड मुंबई को इस फिल्म को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए याचिका दी गई जिसकी संतुति सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा अध्यक्ष द्वारा प्राप्त की गई है एवं अनुरोध किया कि इस फिल्म में सिख समाज के विरुद्ध भड़काऊ दृश्य को हटाकर ही इस फिल्म के प्रदर्शन के पूर्व लखनऊ के द्वारा प्रबंधक कमेटी एसजीपीसी दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं तख्त श्री अकाल तख्त साहिब को फिल्म दिखाकर संतुष्ट किया जाए।

# दस ट्रेनें निरस्त, कई गाड़ियों के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के वाराणसी-जंघई-फाफामऊ-प्रयागराज जं. एवं वाराणसी-जंघई-माँ बेला देवी धाम प्रतापगढ़ रेल खण्ड के जंघई-बरयाराम-उग्रसेनपुर खण्ड के दोहरीकरण एवं जंघई यार्ड रिमाडलिंग के परिप्रेक्ष्य में नान-इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।



जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें बनारस से 12 से 14 सितम्बर तक चलने वाली 15107 बनारस-लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ से 12 से 14 सितम्बर तक चलने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 11 से 14 सितम्बर तक चलने वाली 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नई दिल्ली से 12 से 15 सितम्बर तक चलने वाली 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 12 सितम्बर को चलने वाली 22541 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 13 सितम्बर को चलने वाली 22542 आनन्द विहार टर्मिनस-बनारस गरीब रथ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गाजीपुर सिटी से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 05437 गाजीपुर सिटी-प्रयागराज संगम मेमू विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज संगम से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 05438 प्रयागराज संगम-गाजीपुर सिटी मेमू विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बनारस से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 05117 बनारस-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 05118 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतागढ़-बनारस अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन वाया बनारस-जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ होकर चलने वाली ट्रेनों में डिब्रूगढ़ से 10, 11 एवं 12 सितम्बर को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 13 एवं 14 सितम्बर को चलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 12 सितम्बर को चलने वाली 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी।

बलिया से 05, 12 एवं 19 सितम्बर को चलने वाली 04055 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनस विषेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग जौनपुर-जौनपुर सिटी-सुल्तानपुर-लखनऊ-कानपुर सेण्ट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 04, 11 एवं 18 सितम्बर को चलने वाली 04056 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया विषेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-सुल्तानपुर-जौनपुर सिटी-जौनपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 08 एवं 15 सितम्बर को चलने वाली 04498 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया विषेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी। बलिया से 09 एवं 16 सितम्बर को चलने वाली 04497 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन वाया वाराणसी-जफराबाद-अयोध्या कैण्ट-लखनऊ होकर चलने वाली ट्रेनों में हावड़ा से 13 सितम्बर को चलने वाली 12353 हावड़ा-लालकुंआ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जफराबाद-अयोध्या कैण्ट-लखनऊ के रास्ते चलाई जायेगी। कोलकाता से 12 सितम्बर को चलने वाली 13167 कोलकाता-आगरा कैण्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जफराबाद-अयोध्या कैण्ट-लखनऊ के रास्ते चलाई जायेगी। आगरा कैण्ट से 14 सितम्बर को चलने वाली 13168 आगरा कैण्ट-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-अयोध्या कैण्ट-जफराबाद-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी। वाराणसी सिटी से 12 सितम्बर को चलने वाली 14865 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जफराबाद-अयोध्या कैण्ट-लखनऊ के रास्ते चलाई जायेगी। जोधपुर से 11 सितम्बर को चलने वाली 14866 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-अयोध्या कैण्ट-जफराबाद-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन वाया प्रयागराज-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या कैण्ट होकर चलने वाली ट्रेनों में लोकमान्य तिलक टर्मिनस 02 से 21 सितम्बर तक चलने वाली 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-अयोध्या कैण्ट-शाहगंज के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस 02 से 21 सितम्बर तक चलने वाली 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-अयोध्या कैण्ट-शाहगंज के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग षाहगंज-अयोध्या कैण्ट-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग षाहगंज-अयोध्या कैण्ट-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन वाया वाराणसी-बनारस-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. होकर चलने वाली ट्रेनों में ग्वालियर से 02 से 21 सितम्बर तक चलने वाली 11107 ग्वालियर-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं#-प्रयागराज रामबाग-बनारस के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, उग्रसेनपुर, जंघई, सुरियांवा, भदोही स्टेषनों पर नही रहेगा। बनारस से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 11108 बनारस-ग्वालियर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बनारस-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 03 से 22 सितम्बर तक चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बनारस-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जायेगी। दुर्ग से 02 से 21 सितम्बर तक चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी सिटी के रास्ते चलाई जायेगी। मऊ से 07, 14 एवं 21 सितम्बर तक चलने वाली 15181 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मऊ-औड़िहार-वाराणसी सिटी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 02, 09 एवं 16 सितम्बर तक चलने वाली 15182 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी सिटी-औड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। बांद्रा टर्मिनस से 08 सितम्बर को चलने वाली 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-वाराणसी सिटी के रास्ते चलाई जायेगी।

## बीबीएयू में आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को केंद्र सरकार के निदेशार्नुसार 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में अशोका एवं कनिष्का छात्रावास में आयोजित इस अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आसपास स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय प्रभारी सेनीटेशन डॉ.रवि शंकर वर्मा ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा केंद्र सरकार की एक अच्छी पहल है, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही खुशहाल जीवन जीने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ - साथ आसपास के वातावरण को भी सुरक्षित रखना जरूरी है।

# बहुत जल्द पटरियों पर दौड़ती नजर आयेगी वंदे भारत स्लीपर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय रेल द्वारा बहुत जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाने वाला है। वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है, साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधीकवच प्रणाली से लैस है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक और इसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस ट्रेन में वरइ चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअल इन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे व मॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है। इसके साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलूरु में उत्पादन इकाई का दौरा किया और वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

### स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषताएं

- ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट
- ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं
- पैनलों के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर
- एरोडायनामिक बाहरी लुक
- मॉड्यूलर पेंट्री
- फायर सेफ्टीजोखिम स्तर: 03
- दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय
- स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे
- सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर
- अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि अवरोधक दरवाजे
- एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई गंध रहित शौचालय प्रणाली
- लोको पायलट के लिए शौचालय
- प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान
- चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट
- सार्वजनिक घोषणा और दृश्य सूचना प्रणाली
- सामान रखने के लिए बड़ा लगेज रूम

# शिक्षक भर्ती के आरक्षित अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास को घेरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने लखनऊ में सोमवार सुबह उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास का घेराव किया। अभ्यार्थियों का कहना था कि कोई सुनवाई नही हो रही है। अधिकारियों से कहने पर पता चलता है कि सब उपर से होगा उपर कौन है जो नियमतह कार्य नही कर रहा है। गोरखपुर से आये सुनील ने बताया कि कई बार धरना दे चुके है लेकिन हर बार सुनवाई के बाद समाधान नही होता है। पुलिस के रोकने पर सड़क पर ही लेट गए। आरक्षित अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग है कि कोर्ट के आदेश पर नई सूची जारी नियुक्ति की मांग की। पुलिस से नोकझोंक और झड़प भी हुई। पुलिस ने अभ्यर्थियों जबरन बस में बैठा कर ईको गार्डन ले जा रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश को



तत्काल पालन करने की मांग कर रहे हैं। आदेश पटेल का का कहना हैं कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही हैं। उनकी मांग है कि कोर्ट के आदेश के अनुसार नई सूची जल्द जारी की जाए। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के कहा कि अधिकारियों कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है कि हाईकोर्ट के निर्णय को 10 दिन होने को हैं, बावजूद इसके अभी तक फैसले का पालन नहीं किया गया। जबकि मुख्यमंत्री ने इसको लेकर निर्देश जारी कर चुके हैं। अब जब मामला सुप्रीम कोर्ट में जाएगा तो एक बार फिर से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय के लिए इंतजार करना पड़ सकता हैं।

# भाषा विवि में इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक और बीसीए प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्रों के लिए 13 अगस्त 2024 से प्रारंभ हुए इंडक्शन प्रोग्राम का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय के वातावरण से परिचित कराना और उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना था। यह कार्यक्रम संकाय निदेशक प्रोफेसर सैयद हैदर अली के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ शान ए फातिमा और सह-संयोजक श्री विवेक बाजपेई ने अपनी सूझबूझ और समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान, छात्रों को न केवल विश्वविद्यालय के नियमों और शैक्षणिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया, बल्कि उन्हें विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी शामिल होने का अवसर मिला। संकाय के प्रत्येक शिक्षक ने अपनी-अपनी कक्षाओं में छात्रों से मुलाकात की, उन्हें अपने विषय की महत्ता समझाई, और विश्वविद्यालय के नियमों से रूबरू कराया। इसके साथ ही, छात्रों की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह में उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने इन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिला। समारोह के अंत में, छात्रों से उनके अनुभवों और सुझावों पर फीडबैक भी लिया गया। अधिकांश छात्रों ने कार्यक्रम को उत्कृष्ट बताया और इसके विभिन्न पहलुओं की सराहना की। डॉ शान ए फातिमा ने छात्रों द्वारा दिए गए फीडबैक को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि जिन बिंदुओं पर छात्रों ने सुझाव दिए हैं, उन पर विचार किया जाएगा और भविष्य में उन्हें बेहतर तरीके से लागू करने का प्रयास किया जाएगा। समारोह का अंतिम चरण छात्रों के लिए विशेष रूप से आयोजित सूक्ष्म खान-पान की व्यवस्था के साथ समाप्त हुआ। इस आयोजन ने छात्रों को आपस में घुलने-मिलने और एक दूसरे को जानने का अवसर प्रदान किया, जिससे उनका विश्वविद्यालय जीवन के प्रति दृष्टिकोण और भी सकारात्मक हो गया। इस प्रकार, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का बीटेक इंडक्शन प्रोग्राम न केवल छात्रों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़ने में सफल रहा, बल्कि उन्हें एक सशक्त और प्रेरणादायक शुरूआत देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लखनऊ विवि के नवनिर्मित भवन का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के द्वितीय परिसर में आज कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के कर-कमलों द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन एवं द्वितीय परिसर मे नवनिर्मित दो द्वारो का लोकार्पण एवं उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहें। नवनिर्मित संस्थान में 13 रिसर्च लेबोरेटरी, 8 क्लासरूम, 1 कंप्यूटर लैब, 1 आडिटोरियम, 1 मशीन रूम, 1 सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी रूम, 2 लेक्चर थियेटर, 1 स्टूडेंट एक्टिविटी रूम, 1 फैकल्टी रूम एवं 1 एनिमल हाउस की सुविधा उपलब्ध है। 13 प्रयोगशालाए मुख्य रूप से इंडस्ट्रियल फामेर्सी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, फार्मास्यूटिकल एनालिसिस, हर्बल ड्रग टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फामाकोलॉजी एवं फामाकोग्नॉसी की है, साथ ही संस्थान में 8 कक्षाएं एवं 5000 से अधिक फामेर्सी किताबो की उपलब्धता वाली एक लाइब्रेरी है।



लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कुलाधिपति ने संस्थान में निर्मित उच्च तकनीक से सुसज्जित इंडस्ट्रियल फामेर्सी एवं फिजिकल फामार्सुटिक्स की प्रयोगशालाओ, मशीन रूम, दो लेक्चर थियेटर, म्यूजियम एवं औषधीय पौधशाला का भ्रमण किया।

उन्होंने मशीन रूम में उपलब्ध टेबलेट के डिसइंटिग्रेट होने के समय के परीक्षण में प्रयुक्त डिसइंटिग्रेशन उपकरण, दर्द निवारक दवाइओ की जांच करने वाले अनलजेसिओ मीटर, सोल्युशन की एसिडिटी निरीक्षण हेतु पी एच मीटर, दवाइओ की शुद्धता की जांच के लिए प्रयोग होने वाले मेल्टिंग पॉइंट उपकरण, क्रिस्टल्स एवं मिनरल्स की स्टडी के लिए ट्राईनोकुलर पोलराइज्ड माइक्रोस्कोप एवं डिजिटल तथा अनेलिटिकल बैलेंस की कार्यप्रणाली को देखा।

संस्थान मे भ्रमण के बाद कुलाधिपति का विश्वकर्मा सभागार मे आगमन हुओ राष्ट्रगान एवं कुलगीत की प्रस्तुति के बाद, कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कियो अपने स्वागत उद्बोधन मे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने नवीन परिसर को डिसेंट परिसर से संबोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में इस परिसर ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। कुलपति ने बताया कि द्वितीय परिसर में 4400 छात्रों और 77 शिक्षकों की संख्या अब बढ़कर 7800 छात्रों और 150 शिक्षकों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले वर्षों में 10,000 छात्रों की संख्या तक पहुंचना है। बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि द्वितीय परिसर में भविष्य में एक लड़कों के हॉस्टल का निर्माण, एक मूट कोर्ट, टैगोर लाइब्रेरी का विस्तार और फामेर्सी संकाय में एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराये जाने का लक्ष्य है। उन्होने बताया कि पिछले वर्षों में विश्वविद्यालय को परियोजनाओं के लिए 97 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, जिसका संपूर्ण सदुपयोग करने के बाद पूरक के रूप में 2 लिफ्ट का निर्माण इंजिनियरिंग संकाय में हुआ। विश्वविद्यालय ने एनईपी के दिशानिर्देशों को अपनाने में एक पायनियर की भूमिका निभाई है, जिसमें बहु-निकासी विकल्पों के साथ लचीले स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश की जा रही है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि यह समय उच्च शिक्षा का स्वर्णकाल है। विश्वविद्यालय की सफल कार्यान्वयन के प्रमाण के रूप में इंजिनियरिंग संकाय के छात्रों का 82फीसद प्लेसमेंट दर के साथ विधि संकाय के छात्रों ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज परीक्षा में 302 में से 49 सीटें हासिल की हैं। उन्होंने आगे कहा कि विधि संकाय ने विशेष रूप से प्रतिष्ठा प्राप्त की है, एनआईआरएफ में 23वां स्थान और विश्वविद्यालयों में 97वां स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, हाल ही में हुई सीयूईटी परिणामों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें काउंसलिंग के पहले दिन बी.टेक की 675 में से 671 सीटें भरी गईं। कुलपति ने पीरो नियम (80:20) के बारे में अवगत कराया और सभी को इसका अनुसरण करने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर परकुलाधिपति ने लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रिपल क्राउन लोगो के साथ विधि, आई.एम.एस, इंजीनियरिंग एवं फामेर्सी के न्यूज लेटर एवं प्रगति रिपोर्ट का भी अनावरण किया।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार शाम भाजपा के सदस्यता अभियान 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' के तहत अपने आवास पर पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। कानपुर के महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सदस्यता प्रभारी विजय कुमार अवस्थी और विधानसभा के मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। भाजपा के इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसके तहत लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए टोल फ्री नम्बर पर कॉल करने की सुविधा दी गई है। सोमवार शाम 5 बजे से शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य है अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इस सदस्यता अभियान से पार्टी ने एक बार फिर से अपने संगठन को विस्तार देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस मौके पर कई पदाधिकारी और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करोड़ों खर्च के बाद भी बिजली खंभे पर जंगली घास

लखनऊ। बिजली तार और खंभे को सुरक्षित रखने के लिए एक वर्ष में लाखों का टेंडर होता है फिर भी ट्रांसफार्मर, तार और खंभे पर जंगली घास ने घेरा बना लिया है। ऐसे में तार में आग की चिंगारी निकलने पर बड़ी दुर्घटना हो जाती है। दुर्घटना के साथ-साथ तार टुटने पर घण्टो बिजली गुल भी हो जाती है। लेसा सिस गोमती प्रथम के मुख्य अभियंता राजत जुनेजा ने बताया कि कहीं भी कोई फाल्ट होता है। उसे समय रहते ठीक कराया जाता है। घास को साफ करने के लिए संविदाकर्मियों को भी फीडर के तहत कार्य देखने के लिए नामित किया गया है।

आलमबाग, नादरगंज, दुबग्गा, उतरठिया, माल, मलिहाबाद सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली के तार और खंभे पर जंगली घास ने अपना घेरा बना लिया है जिससे प्रतिदिन बिजली कटौती बढ़ गयी है। बिजली कटौती रोकने के लिए जंगली घास को साफ करना जरुरी होता है। नादरगंज के उतरठिया पावर हाऊस के तहत साऊथ सिटी में बीच सड़क के किनारे ही तार पर जगंली घास से मकड़जाल बना रखा है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## एम आर शर्मा, कृभको के प्रबंध निदेशक नियुक्त किये गये

लखनऊ। एम आर शर्मा को कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड (कृभको) के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रबंध निदेशक के पदभार के साथ वे निदेशक (तकनीकी) की भूमिका भी निभाना जारी रखेगे। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। एम आर शर्मा, आईआईटी, रूडकी (1981) से रासायनिक अभियांत्रिकी स्नातक हैं। शर्मा को उर्वरक उदयोग में अमोनिया और यूरिया उत्पादन संयंत्रों के साथ सहायक उपयोगिता संयंत्रों में 42 से अधिक वर्षों का अनुभव है। शर्मा 1982 में कृभको में स्नातक इंजीनियर प्रशिक्षु (जीईटी) के रूप में शामिल हुए और प्रबंध निदेशक के पद तक पहुंचने वाले पहले जीईटी हैं।

कृभको में विभिन्न भूमिकाओं के दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का नेतृत्व किया और उत्पादन क्षमता बढाने के लिए अमोनिया और यूरिया काम्पलेक्स के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोविड-19 के दौरान, जब पश्चिमी भारत के अधिकांश उर्वरक संयंत्र कच्चे माल और कार्यवल की अनुपलब्धता के कारण बंद हो गए थे तब एम आर शर्मा ने 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता और रिकोर्ड उर्जा दक्षला के साथ उत्पादन संयंत्र को चलाना सुनिश्चित किया। उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें गुजरात चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा सर्वश्रेष्ठ सीईओ के रूप में सम्मानित किया गया और वर्ष 2021 में प्रकाशित प्रतिष्ठित द सीईओ मैगजीन में इनके द्वारा कोविड काल में किये गये उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। इसके अतिरिक्त शर्मा को अनेक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## एकेटीयू में लगेंगे चौके -छक्के

**लखनऊ।** एकटीयू के 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती समारोह सात मई से आठ मई तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर प्रतियोगिता का आयोजन नौ से 21 सितंबर के बीच होगा। दो सप्ताह के बीच होने वाले इस खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट, एथलेटिक, बैडमिंटन, वालीबॉल, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज के खेल होंगे। इसमें कुलपति एकादश, कुलसचिव एकादश, वित्त अधिकारी एकादश, परीक्षा नियंत्रक एकादश, आईईटी एकादश, एफओएपी एकादश, कैश एकादश, डीन एकादश, फार्मा एकादश, मैनेजमेंट एकादश की टीमें होंगी। सभी टीमों के अलग-अलग संयोजक भी बनाये गये हैं। इसके अलावा कुलपति की अध्यक्षता में खेल आयोजन समिति एवं खेल प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी ही भाग लेंगे। पार्थ रेजिडेंट के चुनाव में सुनील कुमार अध्यक्ष चुने गए लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के पार्थ आद्यांत रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में सुनील कुमार को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी, कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स के दिशानिर्देश में आयोजित आरडब्ल्यूए के चुनाव में सुनील कुमार सिंह - अध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह गौर - उपाध्यक्ष, राजेश कुमार गुप्ता - सचिव दीपक शर्मा - कोषाध्यक्ष, निर्मेश सिंह - सदस्य, अंशुमान सिंह - सदस्य, राम नारायण सिंह - सदस्य निधि चौधरी - सदस्य, हिमांशु चंद्रा - सदस्य, सविता शुक्ला को सदस्य चुना गया। सभी चुने गये पदाधिकारियों ने पार्थ आद्यांत में रहने वालों लोगो ने माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर चुने गए पदाधिकारियों ने रेजीडेंट को भरोसा दिलाया कि वह हर समय हर समस्या में उनके साथ खड़े है।

## डीआरएम ने किया रेलवे के उच्चाधिकारियों से की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे अनूप सत्यपती एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (कोल), रेलवे बोर्ड अविनाश कुमार मिश्रा से अनौपचारिक भेंट की। इस भेंट वार्ता में उन्होंने दोनों उच्चाधिकारियों के साथ गाड़ी परिचालन सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों पर गहन मंत्रणा की। इसके साथ ही इस बैठक में मण्डल रेल प्रबंधक ने आगामी कुम्भ मेला की पूर्व तैयारियों तथा मेला के सकुशल और सुगम संचालन के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर इन दोनों के साथ पारस्परिक संवाद करते हुए विचार-विमर्श किया।

## एनईआर के एक अफसर व 20 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में आज मण्डल कार्मिक अधिकारी बसन्त लाल द्वारा मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में 01 रेलवे अधिकारी एवं 20 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मण्डल कार्मिक अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मृतक आश्रित नियुक्ति के मांग को लेकर परिवहन निगम मुख्यालय घेरा

लखनऊ। कई वर्षो से परिवहन निगम में मृतक आश्रित नियुक्ति की मांग को लेकर बार-बार प्रदर्शन कर रहे है। इसी क्रम में सोमवार को आश्रितो ने परिवहन निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। मृतक आश्रित निगम प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करने की। सड़क जाम करने की धमकी के बाद गार्ड ने इसकी सूचना मुख्यालय के प्रबंधन को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने शासन में नियुक्त को लेकर कार्रवाई तेज होने का आश्वासन दिया। दरअसल, परिवहन निगम में वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की नियुक्त नहीं हुई। इस बीच कोविड के दौरान काफी संख्या में कर्मचारियों की मृत्यु हो गई। इसके बाद भी मृतक आश्रितों की भर्ती नहीं हुई। धीरे-धीरे करीब छह वर्ष गुजर गए। इस दौरान मृतक आश्रितों की संख्या 11 सौ से ज्यादा हो गई। निगम मुख्यालय से कई बार शासन को पत्र भेजकर अवगत कराया गया। मृतक आश्रित मनीष शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई तक समय दिया गया था।

संक्षेप

## मोबाइल छीनने मुकदमा दर्ज

**आंवला, बरेली।** रामनगर के रहने वाले नन्नुकी गुप्ता ने थाना आंवला में शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि वह अपने फोन पर बात करते हुए जा रहा था।तभी कोई अज्ञात बाइक सवार उसके मोबाइल को छीनकर भाग गया।उसकी शिकायत पर आंवला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोतवाल सिद्धार्थ सिंह तोमर का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मारपीट का केस दर्ज

**आंवला, बरेली।**तिगरा खानपुर की रहने वाली महिला ने थाना आंवला में शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि रात्रि 10:00 बजे कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की।उसकी शिकायत पर आँवला पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

वहीं दूसरे पक्ष ने बताया कि एक व्यक्ति उसकी भाभी के साथ गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने पर उसने मारपीट की।एक दूसरे की शिकायत पर आंवला पुलिस ने एक दूसरे पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।कोतवाल सिद्धार्थ सिंह तोमर का कहना है मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच करके विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**शाही, बरेली।**समुदाय विशेष के युवक ने गांव की एक किशोरी को घर में अकेला देखकर दुष्कर्म किया' शोर मचाने पर परिजनों ने युवक को घर में दबोच लिया।

# ठगों के गिरोह का भंडाफोड़, 8 अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)




**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने अबतक का एक बड़ा खुलासा आज किया है जिसमे विदेशों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलने वाले गैग का पदार्फाश कर उनसे 03 लाख नगद , 225 पासपोर्ट, सैकड़ों बीजा, 20 अदद फर्जी मुहर, 22 सिम कार्ड भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण/ कूटरचित दस्तावेजों (कुल कीमत

- 03 लाख नगद 225 पासपोर्ट इलेक्ट्रोनिक सामग्री बरामद

लगभग 24 लाख रुपए) के साथ 08 शातिर अपराधीयों को गिरफ्तार किया है।बतादे कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग पर रोकथाम हेतु टीमें गठित की गयी थी जिसके क्रम में आज साइबर थाना व थाना रविन्द्रनगर धूस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बड़ी सफलता प्राप्त करते हुये 08 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।इनके द्वारा लोगों को विदेश में नौकरी का झांसा देकर कूटरचित दस्तावेज आनलाईन इलेक्ट्रानिक उपकरणों से एडिट कर फर्जी मुहरों की सहायता से पासपोर्ट बन्धक के रूप में रखकर उनसे बड़ी मात्रा में धन अर्जित किया जाता है । इस बड़े खुलासे में पकड़े जाने वाले लोगो के नाम है 1.मनोज कुमार यादव उर्फ राहुल राय पुत्र दुलारचन्द यादव सा0 सिसई थाना गोरेयाकोठी जनपद सिवान बिहार 2.पीताम्बर उर्फ अभिजीत राव पुत्र परमेश्वर राव सा0 कुमबरगांवा थाना नामकुम जनपद रांची झारखण्ड 3.राजेश कुमार उर्फ संतोष गुप्ता पुत्र भिन्डर सिंह उर्फ रविन्द्र राजभर सा0 खैराती थाना हुसैनगंज जनपद सिवान बिहार 4.विकास कुमार यादव उर्फ अमित कुमार पुत्र जगलाल यादव सा0 बिश्वम्भर पुर थाना जामो बाजार जनपद सिवान बिहार 5.नितीश कुमार पुत्र शम्भू सिंह सा0 बिश्वम्भर पुर थाना जामो बाजार जनपद सिवान बिहार 6.संजय कुमार यादव पुत्र दुलारचन्द यादव सिसई थाना गोरेयाकोठी जनपद सिवान बिहार 7.मिथिलेश कुमार यादव पुत्र जगलाल यादव सा0 बिश्वम्भर पुर थाना जामो बाजार जनपद सिवान बिहार 8.विनय कुमार यादव पुत्र जितेन्द्र यादव सा0 खोड़ी पालड़ जद्दी टोला पारसपट्टी थाना जामो बाजार जनपद सिवान बिहार है इनको पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 225 अदद पीडित लोगो के पासपोर्ट (बन्धक) , 03 लाख नगद रुपये , 01 अदद स्कार्पियो, 01 अदद मोटरसाइकिल, 03 अदद लैपटाप, 01 अदद ,01 सीपीयू, 01 अदद प्रिंटर,13 अदद मोबाइल फोन, दर्जनो फर्जी आफर लेटर और रिज्यूम क्यूआर कोड, एक अदद की बोर्ड, 20 अदद फर्जी मोहर ,22 अदद फर्जी सिम कार्ड ,चेकबुक, एटीएम कार्ड, पीडित लोगो के बन्धक पासबुक ,मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र ,अन्य कागजात की बरामदगी की गयी तथा बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 147/2024 बीएनएस थाना रविन्द्रनगर धूस पर पंजीकृत किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की पूछ ताछ में आरोपियों ने अपना अपराध का तरीका बताया की यह एक संगठित गिरोह है इनसे पूछ-ताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि ये लोग जनता के लोगों को विदेश भेजने में नौकरी दिलाने के नाम पर उनको छल व कपट कर व धोखा धडी से अपने झांसे में फंसाते है तथा उन्हे अपने पास मौजूद इलेक्ट्रानिक उपकरणो की सहायता से कूट रचित वीजा, जाब आफर अपने पास मौजूद कूट रचित मुहरो की सहायता से देकर तथा विश्वास में लेकर लाखो रुपये का अवैध धन अर्जित करते है तथा कुछ महिनो बाद उस स्थान पर बनाये गये आफिस को छोड़कर चले जाते है तथा उक्त अपराध से अर्जित अवैध धन को आपस में बटवारा कर लेते है हमारे उपरोक्त गैंग कुछ वर्ष पुर्व हमलोगो नें अपने सदस्यों से मिलकर रामकृष्ण नगर थाना कृष्णानगर पटना बिहार कई स्थानों जैसे गैलेक्सी इन्टरप्राइजेज नाम से ऐसा ही फजीर्वाणा गैंग चलाते थे तथा उपरोक्त के फजीर्वाणे व साइबर अपराध के बारे में सक हुआ क्योकि हम लोग सैकड़ो भोले भाले लोगो को विदेश मे नौकरी दिलाने का उनसे छल व कपट कर धोखा धड़ी से लाखो रुपये अवैध धन अर्जित कर लेते है इस बात की भनक पटना के आस पास के लोगो को लग गयी थी इसलिए हम लोग वहा से भाग कर उपरोक्त गैग के सक्रिय सदस्यो के साथ पडरौना कुशीनगर कृष्णा हास्पिटल के सामने बाजाज फाइनेंस कम्पनी के उपर प्रथम तल पर सालिया खातुन पत्नी नसीउज्जमा सिद्दीकी के मकान में जय अम्बे इन्टरप्राइज आदि भिन्न-भिन्न स्थानों पर अपना अड्डा बनाकर लोगों से ठगी का काम करते है यह गैंग पीड़ितों के पासपोर्ट, बीजा आदि को बन्धक के रूप में रख लेते हैं तथा बाद में उनसे अधिक धन अर्जित करते है।जिनके साथ इस गैंग ने फ्राड किया था वे लोग बिहार राज्य के सिवान, गोपालगंज, बेतिया तथा उ0प्र0 के जनपद कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज बलिया के रहने वाले थे।

## भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान



**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में पार्टी की सदस्यता का महा अभियान शुरू कर दिया है ।राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही पूरे देश में इस अभियान का शुभारंभ हो गया ।इस क्रम में देवरिया भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भुजौली कालोनी के बूथ संख्या 253 पर अपनी पत्नी आरती सिंह को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई तथा 21 अन्य लोगों को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई ।इस दौरान कार्यकताओं ने टी वी पर चल रहे सदस्यता कार्यक्रम को देखा ।इस अवसर पर अंकुर राय, गोविंद चौरसिया, मनीष मल्ल, अच्छय राजपूत, विजय बेलदार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## गांव की बेटी ने स्वर्णपदक पाकर कॉलेज और क्षेत्र का बढ़ाया सम्मान

**भटनी(देवरिया)।** राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर भटनी की छात्रा व ग्राम महुरांव थाना भटनी निवासी नीतू चौरसिया पुत्री महेन्द्र चौरसिया ने दी द उ गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के 43वे दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल के हाथो स्वर्णपदक पाने पर कालेज व गाँव सहित क्षेत्र मे खुशी का माहौल है ।नीतू चौरसिया कालेज की एम ए समाजशास्त्र विषय मे दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय मे सर्वोच्च अंक प्राप्त कालेज ही नही पुरे देवरिया जनपद का सम्मान बढाया है ।विश्वविद्यालय के 43वे दीक्षांत समारोह मे महामहिम राज्यपाल के हाथो स्वर्णपदक पाकर छात्रा के चेहरे खिल उठे ।कालेज के प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय समाजशास्त्र के प्रवक्ता डाँ राजेश कुमार राव , गांव के निवासी पूर्व प्रधानाचार्य ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय ने नीतू की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा के मंगलमय भविष्य की कामना की है ।छात्रा नीतू चौरसिया ने इस उपलब्धि का श्रेय कालेज के शिक्षकों व अपने माता पिता को दिया है ।

## नेशनल पब्लिक स्कूल को मिला नेशनल स्कूल अवार्ड

**भटनी(देवरिया)।**नेशनल पब्लिक स्कूल सोंदा देवरिया शाखा पेट्रोल पम्प चाँदपार भटनी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु होटल रेडिसन ब्लू द्वारका न्यू दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल अवार्ड के 10वें संस्करण के उपलक्ष्य में मोस्ट इमर्जिंग स्कूल 2024 (उत्तर प्रदेश) का अवार्ड मिला ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चिराग पासवान(मां0 कैबिनेट मंत्री) एवम श्री अरूण भारती(सांसद) द्वारा यह अवार्ड विद्यालय की उपनिदेशिका श्रीमती समीक्षा मिश्रा को दिया गया ।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दिया ।विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री संजय शंकर मिश्र ने इसे विद्यालय परिवार ,शिक्षक -शिक्षिकाओं , अभिभावकों के कठिन परिश्रम का परिणाम माना ।उन्होंने सभी को इस उपलब्धि हेतु बधाइयां भी दीं ।इस अवसर पर श्री सौरभ शंकर मिश्र, श्रीमति मृदुला सिंह,श्रीमती अंजू मिश्रा , बी डी मिश्र,बृजेश सिंह ,दिलीप तिवारी,संजीव मिश्र,मोहिनी सिंह,खुशबू जायसवाल,अमित गुप्ता,अमित शर्मा,नवनीत चतुवेर्दी,विकास सोनी,दिव्यांशु दुबे,मुकेश दुबे ,मनीष मणि,अभिषेक राव , अंकित सिंह,वाई के मिश्रा, रीना पाण्डेय सुमन मिश्रा, चंदा मिश्रा,रानी शुक्ला, गिरिजेश तिवारी,अहमद,अभय कुमार,वर्षा मिश्रा, अक्शा खातून,अंबालिका पाण्डेय आदि लोगो ने बधाई दिया है ।एनएच 727अ देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों ने कहा किसी भी कीमत पर 2/3 की कटौती स्वीकार नहीं

# स्ट्रीट स्कूल में नंद उत्सव का आयोजन, बच्चों ने किया नृत्य प्रस्तुति और दही हांडी प्रतियोगिता



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित एस एफ स्ट्रीट स्कूल, ट्रांसपोर्ट नगर पर नंदोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण जी के गानों पर नृत्य प्रस्तुति की और दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लिया। भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव नंद उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो प्रेम, करुणा और सच्चाई के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का संचालन राजन गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने सुंदर भाषण से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ट्रांसपोर्ट नगर पार्षद अभिजीत सिंह एवं भारत खंडेलवाल को पटुका पहनाकर की गई, जिसमे सभी को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य पीयूष बंसल ने बताया की कान्हा के जन्म की खुशी और बधाई के बीच पूरे ब्रज में नंदोत्सव का उल्लास देखने को मिल रहा है और भक्तों का रेला मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म के बाद अब गोकुल की ओर बढ़ चला है साथ ही साथ नंदीश्वर पहाड़ी पर स्थित नंदबाबा मंदिर में श्रीकृष्ण के जन्म की बधाइयों का दौर चल रहा हैं। इसी क्रम मे मथुरा शहर की संस्था एस.एफ सोसाइटी ने ये त्योहार आज इन नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ मनाया जिसमें बच्चों द्वारा पारम्परिक ,सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। दही हांडी कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी, जिसको देख वहां के बच्चों एवं आसपास के लोगों का उत्साह देखने लायक था। वहां लोगों एवं संस्था के सदस्यों द्वारा नंदोत्सव के दौरान बच्चों में उपहार लुटाये गए।

इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्षद अभिजीत सिंह ने बच्चों की प्रशंसा की और उनके हाथों से संस्था द्वारा दो बच्चों को साइकिल उपहार में दी गई। उन्होंने कहा, ह्लभगवान श्री कृष्ण जी का जीवन हमें सच्चाई, प्रेम और करुणा की शिक्षा देता है।ह्ल इसके बाद मौजूद 180 बच्चों को खान-पान की सामग्री वितरित की गई। साथ ही, मौजूद दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सभी मेहमानों ने उनकी तारीफ की। यह आयोजन स्ट्रीट स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बच्चों को शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। अंतः मे वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा ने सोसाइटी के बारे में बताया की सोसाइटी एक सामाजिक सेवा संगठन है जो एक बेहतर समाज की ओर काम कर रहा है और असहाय, निर्बल लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सारे त्यौहार पारंपरिक ढंग से बच्चों के साथ मनाती है।

# भूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक



**देवरिया ।** भूमि बचाओ समिति के संयोजक अजीत त्रिपाठी की अध्यक्षता में विक्रम पब्लिक इण्टर कॉलेज रतनपुरा महुआनी चौराहा हुई। जिसमे सभी किसानों ने एक स्वर में कहा की जिला प्रशासन द्वारा हम निरीह किसानों के साथ बर्बरता पूर्वक अन्याय किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में किसी भी गाटा के 101एयर रकबे का ग्रामीण क्षेत्रों में चार गुना मुआवजा देकर बाकी के सारे रकबे पर 2/3 की कटौती यानी 67 प्रतिशत की कटौती करके मुआवजा देने की बात की जा रही है एवं नगरीय किसानों को किसी भी गाटा के 101 एयर रकबे का मुआवजा 2020 के सर्किल रेट से दो गुना देकर सारे रकबे पर 2/3 की कटौती यानी 67 प्रतिशत की कटौती करके मुआवजा देने की बात की जा रही है। जिससे हम किसानों में जिला प्रशासन एवं सरकार के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अजीत त्रिपाठी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सारे किसान एकजुट होकर जिला प्रशासन को अपनी शक्ति की पहचान कराए। देवरिया बाईपास से प्रभावित 37 गांवो में भूमि बचाओ संघर्ष समिति का विस्तार करके भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति द्वारा सयुक्त रूप जिला प्रशासन एवं सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही बड़े शाही ने कहां कि भारतीय किसान यूनियन पूरे जनपद के सभी कार्यकताओं को संगठित करके किसानों की इस लड़ाई में जी जान से जुटेंगे और किसानों को उनका हक दिलवाकर रहेंगे। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार सिंह, सुग्रीव मिश्रा, चदंन मिश्रा, लल्लन यादव,अजय सिंह, अजय चौरसिया, विजय चौरसिया, हंसनाथ यादव, राजनाथ यादव, शिवाजी चौहान, राघवेन्द्र चौहान, नीरज शुक्ला, लाल प्रताप सिंह, सचिन यादव, संजय सिंह, सुधीर चौहान, संजय पासवान, उमाशंकर प्रसाद, बीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## सब्जियों के दाम बढ़े



**देवरिया।** बढ़ोतरी से भोजन विश्वास होने लगा है लहसुन में पहले से ही आग लगी थी अब प्याज भी अंगारे बरसा रहा गरीबों की सब्जी कहे जाने वाला आलू दगा दे गया है हरी मिर्च भी अपना तीखापन बढ़ा रही है लाल टमाटर कभी तेज तो कभी धीमी आंच दे रहा है क्षेत्र में बरसात कम होने से सब्जियों की आवक काम हो गई है जिससे भाव में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है बाजार में सजी कोई भी सब्जी सस्ती नहीं है बेचारा गरीब आदमी यह सोचता है की खाई तो क्या खाएं। परवर, बोड़ा, बैंगन और अरवी तथा बन्डा लगभग 80 रूपए प्रति किलो के भाव बिक रहे हैं। बाहर से आ रही गोभी कभी 100 तो कभी 120 पर पहुंच रही है। नेनुआ, तरोई और सरपुतिया 40 रूपए किलो पर टिके हैं। सबसे खराब स्थिति आलू की है जिसका भाव 35 रूपए प्रति किलो से नीचे आने को तैयार नहीं है। वहीं प्याज का दाम 40 से बढ़कर 50 रूपए प्रति किलो पर रूका हुआ है। लहसुन और अदरक का तो भाव पूछना ही बेकार है। इनका भाव आसमान छू रहा है। हरी मिर्च भी अपना तीखापन बढ़ा रही है। लौकी और कद्दू 40 रूपए प्रति किलो पर ठहरे हैं।

# बेघर परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सूची में जोड़ने का कार्य शुरू: सीडीओ



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मथुरा मनीष मीना ने अवगत कराया है कि सभी बेघर पात्रपरिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ देने के लिए सर्वे का कार्य फिर से शुरू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2018 की सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़े जाएंगे। इस योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थियों का मानक निर्धारित किया गया है। पात्र लाभार्थी- ग्रामीण परिवारों के सभी आवास विहीन परिवार, एक या दो कमरों के कच्ची दीवार और कच्ची छत युक्त मकानों में रहने वाले परिवार को शामिल किया जाएगा।इसके अलावा वह पात्र लाभार्थियों की श्रेणी में गिने जाएंगे, जो आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा/भीख मांगकर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढ़ोने वाले, आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर हैं।इससे इतर, अपात्रता का मानक भी तय किया गया है। जिसके पास मोटर युक्त तिपहिया-चैपहिया वाहन हो, मशीनी तिपहिया/चैपहिया कृषि उपकरण हो, 50000 रुपये अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड हो, आवेदनकर्ता परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो।

आवेदनकर्ता परिवार का कोई सदस्य गैस कृषि उद्यम में सरकार के साथ पंजीकृत हो, आवेदनकर्ता/परिवार का कोई सदस्य 15000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमा रहा हो। आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वो परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो। वो परिवार जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो, को अपात्र माना जाएगा।इससे पूर्व में दो पहिया वाहन के लाभार्थी, 7.5 एकड़ असिंचित जमीन वाले लाभार्थी, मछली पकड़ने के लिए नाव रखने वाले लाभार्थी और जिस परिवार का सदस्य 10000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाने वाले हैं, उन लाभार्थी को अपात्र किया जाना निर्धारित किया गया था, जिसका मानक वर्तमान में उपरोक्तानुसार परिवर्तित हुआ है। जनपद के समस्त विकास खण्डों मे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समस्त ग्राम प्रधानो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ,ग्राम सचिवों की तथा इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को संशोधित मानक एवं सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बैठक को ह्लपीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठीह्ल का नाम दिया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन दिन पूर्व बैठक में गांव के अधिकाधिक लोग प्रतिभाग करें। बैठक की फोटोग्राफी कराकर इसे एलबम के रूप में जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर संरक्षित किया जाएगा। बीडीओ या फिर उनके प्रतिनिधि के रूप में एडीओ इस बैठक में भाग लेंगे। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा इस विशेष प्रयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम में एक रजिस्टर रखा जाएगा। इस रजिस्टर को ह्लप्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टरह्ल कहा जाएगा। चयन से जुड़ी प्रत्येक जानकारी इस रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। पात्रता एवं अपात्रता के मानकों की जानकारी देने के लिए वालराइटिंग कराई जाएगी। सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण होने तक इस बीच आयोजित होने वाले सभी तहसील एवं थाना दिवसों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के नये मानकों एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# चौकी का सिपाही बताकर महिला को धमकाया, कहा मुकदमा लिख दूंगा

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** सोमवार को तुर्कपट्टी थाना के मधुरिया चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी के निजी चालक व एक महिला के बीच बातचीत का आडियो वायरल होते ही यह चर्चा आम हो गई, जबकि एक संदेश इस आडियो पुष्टि नहीं करता हैं। थाना कार्यालय व मधुरिया चौकी पर एसओ व चौकी प्रभारी का नियंत्रण नहीं रह गया है मधुरिमा चौकी पर निजी चालक की मनमानी चलती है। पीड़ितों का तुर्कपट्टी पुलिस से भरोसा उठ गया है। हालांकि एसपी ने कड़ी कार्रवाई की बात कहे है।बता दें कि 2 मिनट 58 सेकेंड के इस वायरल आडियो की शुरूआत में एक पुरुष की आवाज सुनाई देती है जो यह कहता है कि मैं मधुरिया चौकी से बोल रहा हूं। तो महिला ने कहा कि जी साहब बताइए क्या काम है। पुरुष की आवाज आती है कि नूरसलाम के परिवार से बोल रही हो। मुझसे बात करा दिजिए। महिला इंकार कर रही है। फिर पुरुष की आवाज आती है कि वह आपके पति हैं उनसे बात करा दिजिए। इस पर महिला मना करते हुए कहती है कि मेरा खुद मेरे पति से केस चल रहा है। तब फिर पुरुष दबाव बनाता है कि जब वह आएं तो चौकी पर आकर मुझसे मिल लें। महिला फिर इंकार करते हुए जब यह कहती है कि नूर सलाम की पत्नी उसके घर है, उससे बात कर लिजिए और पता कर लिजिए कि वह कहां है, कहां नही। महिला ने फिजूल की बात न करने और फिर फोन करने से मना किया तो पुरुष गुस्से में आ गया और महिला को पागल

- वायरल आडियो में दरख्वास्त देखने की बात कह रहा आरोपी
- महिला ने कहा बात हो रही रिकार्ड तो फोन करने वाले का तेवर हुआ ढीला

बताते हुए कह रहा है कि आप उनको लेकर भागी हैं। और वह मुकदमा लिख देने की धमकी देता है। दोबारा दबाव बनाता है घबराओ मत कल ही मुकदमा लिखवा रहा हूं।इस पर जब महिला यह कह रही है कि मै कल कप्तान साहब के पास जा रही हूं। आपके पास क्या सबूत है। आपकी बात रिकॉर्ड हो रही है। इस पर पुरुष का तेवर ढीला हो गया। और कह रहा है कि आपके खिलाफ दरख्वास्त पड़ा है और उस पर नंबर लिखा तो आपसे बात कर रहा हूं। आप कप्तान साहब से जाकर बताइए कि आप दूसरी पत्नी है। इस पर महिला कह रही है कि मै जब उसकी पत्नी नहीं हूं तो क्यों कहूंगी। तब पुरुष पूछ रहा है कि आपने जमीन क्यों बेचीं हैं। इस पर महिला कह रही है कि मै नही बेची हूं। मै कप्तान साहब को रिकार्डिंग सुनाऊंगी। आडियो के अंत में पुरुष घबराते हुए यह कह रहा है कि चलिए कप्तान साहब के यहां हम आएंगे। हालांकि एक संदेश इसकी पुष्टि नही कर रहा है लेकिन इस आडियो के बाद यह चर्चा आम है कि आखिर एक प्राइवेट व्यक्ति को किसने यह अधिकार दे दिया कि वह चौकी का हवाला देकर दरख्वास्त के मामले में बात करे, मुकदमा लिखने की धमकी दे और जबरन एक महिला को दूसरे व्यक्ति की पत्नी साबित करने पर तुल जाए तथा कप्तान साहब से भी बात करने की कूव्वत रखता हो। क्षेत्रीय जन का कहना है कि थाने और चौकी पर प्राइवेट व्यक्तियों की दखलंदाजी से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा और भ्रष्टाचार भी बढ़ गया है।इस संबंध में पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। पता करवा रहा हूं , थाने व चौकी पर प्राइवेट व्यक्तियों की दखलंदाजी का साक्ष्य मिलते ही जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दूसरी बार निलंबित हुए एसएचओ विनय कुमार सिंह, एक दारोगा व आरक्षी पर भी गिरी गाज

**कुशीनगर।** हर बार अपने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी निरीक्षक रामकोला विनय कुमार सिंह एक बार फिर निलंबित कर दिए गए। इनके साथ एक उप निरीक्षक व एक आरक्षी पर भी गाज गिरी है। बता दें कि पिछले 27 अगस्त को रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना में डोल मेला जुलूस में विवाद हो गया था। जिसका जांच सी ओ सदर कर रहे थे। जांच में सी ओ ने पाया कि उक्त गांव में पीस कमेटी की मीटिंग न करने व पीस कमेटी की मीटिंग में अनुपस्थित रहने तथा जुलूस के दौरान मौके पर उपस्थित न रहने एवं अपने पदीय कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता व उदासीनता बरतने आदि के दोषी पाए जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष रामकोला विनय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया। इनके साथ ही उप निरीक्षक आशीष कुमार व आरक्षी पंकज चौधरी भी निलंबित किए गए है।बता दें कि अभी पिछले वर्ष कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की को बहला फुसला कर चलती कार में गैंगरैप के मामले में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह निलंबित हुए थे। उक्त प्रकरण में एसपी ने लापरवाही एवं ड्यूटी के प्रति उदासीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। कुछ महीनों बाद बहाल होने के बाद थाना रामकोला का चार्ज मिला था। सब कुछ ठीक ठाक ही चल रहा था कि सोहरौना के डोल मेला में लापरवाही पर निलंबित होना पड़ा। अभी नवागत एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने अच्छे कार्यों के लिए मेंडल देकर सम्मानित किया था।

## भारी पुलिस बल के साथ एसओ हरिओम चौहान ने बैंको में चलाया चेकिंग अभियान

**नगीना, बिजनौर।** पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर अभियान चलाकर नगर में बैंको के अलावा संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की। थाना प्रभारी निरीक्षक हरिओम सिंह चैहान ने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें जिससे अपराध पर समय से अंकुश लगाया जा सके। सोमवार की सुबह नगीना थाना प्रभारी निरीक्षक हरिओम सिंह चैहान ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के सभी बैंको में चैकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की। पुलिस ने इस मौके पर बैंको को बाहर बेतरतीब खडे वाहनों को भी चेक किया।

# तारीख पर तारीख

कानून का राज, अनुशासित समाज और विधि व्यवस्था का सम्यक पालन, यह किसी समाज का इको-सिस्टम है जिसमें समाज के लोग, युवा, बच्चे, महिलाएं, खिलाड़ी, उद्यमी सभी अपने सपनों को, अपने कला-कौशल या फिर अपने अंदर की प्रतिभा को निखारते हैं। इससे समाज हर क्षेत्र में ऊंचाइयों की तरफ जाता है। लेकिन अगर कानून का राज न हो, नागरिकों में अनुशासन हीनता हो, राज्य व्यवस्था में भरोसा कम हो जाये, तो इससे समाज या राष्ट्र का पतन होता है। कुल मिलाकर कानून का राज ही वह मूलमंत्र है जिसमें समाज अपनी प्रतिभा को निखारने या आगे बढ़ाने का काम कर सकता है। लोग शांतिपूर्ण जीवन बिता सकते हैं और समाज आर्थिक, नैतिक और सामाजिक अनुशासन के साथ मानवीय गुणों को निखार सकता है। इसलिए कानून के राज को सिर्फ पुलिस व्यवस्था या न्याय की व्यवस्था तक सीमित करने के बजाय हमे किसी भी राज्य के आवश्यक तत्व के रूप में लेना चाहिए और इसको रोटी, कपड़ा, मकान की तरह समाज की बुनियादी जरूरत स्वीकार करना चाहिए।



**देश को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय की जरूरत है और इसके लिए सरकार को ठोस प्रयास करना चाहिए।**

दुर्भाग्य से हम इसमें पीछे छूटते जा रहे हैं। जब देश में कानून के राज का हाल यह है कि हर बीस मिनट पर एक महिला के साथ रेप की घटना घटती हो, प्रति घंटे 11 अपहरण के मामले दर्ज किये जाते हों और हर 19 मिनट पर एक हत्या रिपोर्ट की जा रही हो, तो फिर एक-दो चर्चित घटनाओं पर जल्द फैसले के लिए 'फास्ट ट्रैक कोर्ट' बना देने से, दो-चार मामलों में जल्द न्याय दिला देने से कानून का राज कायम नहीं हो जायेगा। हमे ईमानदारी से यह मान लेना चाहिए कि देश में न्याय व्यवस्था का आम आदमी के लिए कोई मतलब नहीं है। कुछ मामलों में फैसले आने या फिर स्वतंत्र न्याय पालिका हो जाने भर से न्याय नहीं मिल जाता। आज स्थिति यह है कि आम आदमी महंगी और लंबी न्याय प्रक्रिया और पुलिस के रवैये के कारण अधिकांश मामलों में अपने ऊपर होने वाले अन्याय को सह लेता है। क्योंकि न्याय पाने के लिए आदमी को घटित अपराध से भी अधिक प्रताड़ित होना पड़ता है। इसलिए जब किसी गरीब या आमजन पर कोई अपराध होता है, तो ज्यादातर मामलों में उसका विवेक यही कहता है कि कोर्ट-कचेहरी और पुलिस के चक्कर में पड़ने के बजाय चुपचाप इसे बर्दाश्त कर लेना चाहिए। जब तक हमारी न्याय व्यवस्था इतना संवेदनशील नहीं हो जाती है कि गरीब से गरीब व्यक्ति बिना किसी हिचक के अदालत के दरवाजे तक पहुंचे, तब-तक कानून के राज की व्यवस्था को मुकम्मल नहीं कहा जा सकता है। सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय देश की जरूरत है लेकिन दुर्भाग्य से जजों के सम्मेलन में भी इसको लेकर कोई स्पष्ट आश्वासन सामने नहीं आया। बावजूद इसके कि इसमें प्रधानमंत्री और सीजेआई भी मौजूद थे। कोलकाता और महाराष्ट्र में हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद देश में महिला सुरक्षा को लेकर कई प्रश्न उठ रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला अदालतों की नेशनल कांफ्रेंस में बोलते कहाकि आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा। पीएम ने कहाकि न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं, पिछले 10 सालों में देश ने न्यायिक ढांचे पर 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। लेकिन इन सबका क्या मतलब जब न्याय के लिए तारीख-दर-तारीख का इंतजार करना पड़े। अब देश को आंकड़ों की नहीं बल्कि फैसले की जरूरत है। अगर सस्ता, शीघ्र और सर्वसुलभ न्याय की व्यवस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचती है, तो सारे आंकड़े कागजी ही साबित होंगे।

## विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# महिलाओं को गूंगा बनाना चाहता है तालिबान



नौशाबा परवीन



जब भी किसी आवश्यकता के कारण एक बालिग महिला अपने घर से बाहर निकले तो उसके लिए जरूरी है कि वह अपनी आवाज, चेहरे व शरीर को पर्दे में रखे। यह है तालिबान का नया कानून 'अच्छाई का प्रचार व बुराई की रोकथाम', जिसकी घोषणा कुछ दिन पहले की गई है और जो शरिअत की तालिबानी व्याख्या को अफगानिस्तान की अवाम पर थोपता है। अधिकारिक गजट में प्रकाशित इस 114-पृष्ठों के डॉक्यूमेंट का अर्थ है कि असंबंधित पुरुषों, गैर-मुस्लिमों व 'चरित्रहीन' महिलाओं के सामने अफगानी महिलाओं को 'अनुचित प्रलोभन के डर' से न सिर्फ.अपने चेहरे व शरीर को ढकना है बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर उनकी आवाज भी सुनायी नहीं देनी चाहिए। तालिबान के अनुसार महिला की आवाज- गाने, जपने या जोर से पढ़ने- 'औराह' (शरीर के वह अंग जो दिखायी नहीं जा सकते) है, इसलिए सुनायी नहीं देनी चाहिए। असंबंधित पुरुष व महिलाएं एक दूसरे को देख भी नहीं सकते। इस कानून के उल्लंघन का अर्थ है सजा को आमंत्रित करना।

इस्लाम के नाम पर तालिबान की यह अपनी व्याख्या है, जिसका कुरआन से दूर दूर तक का भी संबंध नहीं है। यह कानून न केवल कुरआन विरोधी है बल्कि महिला व इंसानियत विरोधी भी है। इसलिए दुनियाभर में इसकी आलोचना व निंदा हो रही है और संयुक्त राष्ट्र ने भी नये कानून की तुरंत निंदा की है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि वह तालिबान से 'संपर्क' बनाये रखेगा। नये कानून में पुरुषों के लिए भी आदेश व नियम हैं। उनको दाढ़ी रखनी होगी, गले में टाई नहीं बांध सकते और पश्चिमी शैली में बाल नहीं बनवा सकते। सभी गेम्स व मनोरंजन के तरीके, जिनमें कंचों या अखरोट से बच्चों के परम्परागत गेम्स भी शामिल हैं, को जुआ घोषित करके प्रतिबंधित कर दिया गया है। यात्रा की इस तरह से योजना बनायी जाये कि नमाज का समय प्रभावित न हो। ड्राईवर उन महिलाओं को ट्रांसपोर्ट नहीं कर सकते जिनके साथ पुरुष गार्जियन नहीं हैं। मुहतासिब नामक नैतिक पुलिस को विवेकाधीन सजाएं देने का अधिकार है, जिनमें तीन दिन तक की कैद भी शामिल है। नैतिक पुलिस लोगों को इस्लामी प्रतीकों का सम्मान करने के लिए मजबूर कर सकती है और फोन व लैपटॉप को चेक कर सकती है यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनमें जीवित प्राणियों की तस्वीरें तो नहीं हैं। नैतिक पुलिस यह भी सुनिश्चित करेगी कि घरों से बाहर महिलाओं की आवाज या संगीत सुनायी न दे। यहां यह बताना आवश्यक है कि

**अफगानिस्तान**

इनमें से अधिकतर नियम अफगानिस्तान में पहले से ही लागू हैं, जिनमें से कुछ पिछले तीन साल के दौरान तालिबान के आदेश से लागू हुए हैं या स्थानीय प्रशासकों ने अधिक बेतुके ढंग से लागू किये हैं। इस समय डर यह है कि तथाकथित 'नैतिकता कानूनों' के अधिकारिक कोडिफिकेशन से सजाएं अधिक क्रूर हो जायेंगी और नैतिक पुलिस के हाथ ज्यादा मजबूत हो जायेंगे। अफगान इतिहास पर सरसरी नजर से भी इन कानूनों का अति प्रतिगामी होना जाहिर हो जाता है। अफगानी महिलाओं ने मतदान का अधिकार 1919 में प्राप्त किया था और 1980 के दशक तक महिलाएं मंत्री, जज, डॉक्टर व गायिका बन गईं थीं, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति अधिक सीमित थी। तालिबान के हाथ जब पहली बार सत्ता लगी (1996 से 2001 तक) तो महिलाओं को क्रूरता के साथ मध्य युग में भेज दिया गया, लेकिन अगले दो दशकों के दौरान नई पीढ़ी की परवरिश काफी हद तक आजादी में हुई और अनुमान यह था कि 2021 में सत्ता में वापसी करने वाला तालिबान भी विकसित हो गया होगा। नये कानूनों की घोषणा के बाद पूर्व अफगानी सांसद फौजिया कूफी ने पत्रकारों से कहा, 'उन्हें तालिबान 2.0 के रूप में पेश किया गया था, अधिक उदारवादी भी, इसलिए हमने उनसे राब्ता कायम किया।' उन्होंने बताया कि अंतरिम अवधि के दौरान कुछ तालिबान नेताओं की बेटियों ने विदेश में भी शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन वह जब से सत्ता में लौटे हैं तब से निरंतर 'काले कानूनों' से महिलाओं को निशाना बनाये हुए हैं।

भारतीय लेखिका नयनिमा बसु का कहना है कि 'काबुल के बुलबुले' के बाहर प्रांतों में लोग एकदम स्पष्ट थे कि तालिबान की सोच प्रक्रिया में कोई परिवर्तन नहीं आया है। बसु के अनुसार, 'दोहा में तालिबान नेतृत्व, जिसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विश्वास दिलाया था कि लड़कियों के लिए एक्सक्लूसिव स्कूल व विश्वविद्यालय फिर से खोले जायेंगे और अफगानिस्तान में जो वास्तव में पाषाण युग की सोच के तालिबान सत्ता में हैं, उनमें जबरदस्त विरोधाभास है।' कुछ अफगान महिलाओं ने नये कानूनों का विरोध किया है कि उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर अपनी आवाज बुलंद की है, सोशल मीडिया पर गाने गाते हुए वीडियो पोस्ट किये हैं, हालांकि वह सिर से पांव तक पर्दे में ढकी हैं। कुछ महिलाओं ने सड़कों पर भी प्रदर्शन किया है, जिसका अर्थ कूफी के अनुसार यह है, 'कुछ महिलाओं को अपने जीवन व मौत की परवाह नहीं है क्योंकि उनके पास खोने को अब कुछ बचा नहीं है।' अन्यों ने विरोध के नाजुक तरीकों को अपनाया है, लेकिन दीर्घकालीन प्रभावों के साथ। निर्वासन में जीवन व्यतीत कर रहीं पश्ताना दुर्रानी ने एक गैर-मुनाफे वाला संगठन 'लर्न' स्थापित किया है, जो अफगानिस्तान में पांच भूमिगत स्कूल चलाता है, जिसमें चोरी छुपे 661 लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती हैं, शिफ्ट्स में और जैसे ही उन्हें तालिबान को खबर लगने का पता चलता है तो लोकेशन को बदल दिया जाता है। नये कानून घोषित होने के बाद जो वीडियो पोस्ट किये गये उनमें बुर्का ओढ़े लड़कियों को विज्ञान, गणित व भाषा की शिक्षा ग्रहण करते हुए देखा जा सकता है। दुर्रानी ने लिखा है, 'वे हमारे दरवाजे बंद कर सकते हैं, लेकिन हमारे सपनों को नहीं छीन सकते।' संयुक्त राष्ट्र महिला का कहना है कि नये कानून 'दमनकारी' हैं, जबकि मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र आयुक्त के दफ्तर ने आग्रह किया है कि 'पूर्णतः असहनीय' कानून को निरस्त किया जाये। लेकिन जब तालिबान ने कहा कि वह अफगानिस्तान में यूएन असिस्टेंस मिशन से सहयोग नहीं करेगा तो संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने इस बात पर बल दिया कि संयुक्त राष्ट्र तालिबान सहित अफगानिस्तान में सभी स्टेकहोल्डर्स से संलग्न रहेगा। कूफी का कहना है, 'मेरा यकीन है कि राजनीतिक दबाव तालिबान को जवाबदेह बनायेगा, लेकिन वह दबाव कभी डाला ही नहीं गया।' ध्यान रहे कि संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान की इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि गर्मियों में दोहा में होने वाली वार्ता में महिलाओं को शामिल नहीं किया जायेगा। कूफी के अनुसार, 'इसलिए तालिबान सोचता है कि संसार को वास्तव में महिला अधिकारों की कोई परवाह नहीं है। ग्लोबल उत्तर व दक्षिण के बीच मतभेद ने भी तालिबान का दुस्साहस बढ़ा दिया है।'

भारत के विदेश मंत्रालय ने अपनी पोजीशन को दोहराते हुए कहा है कि वह समावेशी सरकार के पक्ष में है जो महिलाओं के लिए बराबर के अधिकार सुनिश्चित करे और अफगानी महिलाओं की शिक्षा के पक्ष में हो। पैगम्बर मुहम्मद ने महिला शिक्षा को अनिवार्य बनाया, कुरआन महिलाओं को स्वरोजगार व अपनी पसंद से विवाह की अनुमति देता है, हज में महिलाएं अपना चेहरा खुला रखती हैं और फातिमा अल-फिहरी (मुस्लिम महिला) ने सन 895 में विश्वविद्यालय स्थापित किया, इसलिए यह सोचने की बात है कि तालिबान इस्लाम के नाम पर किसके घटिया विचार महिलाओं पर थोप रहा है?

**भारत के विदेश मंत्रालय ने अपनी पोजीशन को दोहराते हुए कहा है कि वह समावेशी सरकार के पक्ष में है जो महिलाओं के लिए बराबर के अधिकार सुनिश्चित करे और अफगानी महिलाओं की शिक्षा के पक्ष में हो।**

## सोशल मीडिया

आज भारत अवसरों की धरती है, हमारा विश्वास है कि भारत का भविष्य इससे कहीं बेहतर होने वाला है, हमने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी.



निषाद कुमार को पेरिस पैरालंपिक में पैरा एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा टी-47 में रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं। चिराग पासवान.



हाल में आये मूड ऑफ द नेशन सर्वे के आंकड़ों को देखें तो कह सकते हैं कि आज देश में राहुल गांधी के तीन मुद्दों पर जनता का बहुत गहरा समर्थन मिलता दिख रहा है। योगेन्द्र यादव.



# वैचारिक चेतना

**अंतर्दृष्टि**

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

# हमारा रोजगार है झूठ बोलना

**व्यंग्यलोक**

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा- अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।



पूरन सरमा

# वन्य जीवों पर आफत बन जाती है मूसलधार बारिश



वन्य-जीवन

इन दिनों बारिश शुरू होते ही, चाहे वह कितनी ही मूसलधार और जानलेवा ही क्यों न हो, सोशल मीडिया में कई रोमांच वीर तरह तरह की भाव-भंगिमाओं वाली सेल्फी शेयर करने लगते हैं। कई लोग तो बारिश होते ही अपनी वाल में गर्मागर्म पकौड़े और चाय पेश कर देते हैं। लेकिन जब हम पक्षियों से जंगल और उनके घर यानी पेड़ छीनकर कंकरीट के बसेरे में बारिश का लुत्फ ले रहे होते हैं, ठीक उन्हीं पलों में लाखों पक्षी बारिश से बेबस होकर जान दे रहे होते हैं। जी, हां यह कोई काल्पनिक रुदन नहीं है, सैकड़ों वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफरों का भावुक कर देने वाला अनुभव है। वास्तव में अति बारिश, जैसी आजकल हो रही है, न केवल उनके घोंसलों को गीला और असुविधाजनक बना देती है, बल्कि उनके लिए भोजन ढूंढना या खुद को गर्म रखना भी मुश्किल कर देती है। लंबे समय तक बारिश के कारण पक्षी हाइपोथर्मिया या भूख से मर जाते हैं। हां, जब उनके घने जंगल थे, जंगलों में पत्तों से भरे पेड़ थे, तब उनके लिए भी बारिस पिकनिक होती थी। लेकिन अब हर गुजरते साल उनके लिए बारिश एक जानलेवा बुरा अनुभव बनती जा रही है।

पक्षियों के लिए जानलेवा अति बारिश में उनके जलरोधी पंख वास्तव में शिथिल हो जाते हैं और उनका सिर भीग जाता है। इससे उन्हें ठंड लग जाती है और वे मर जाते हैं। छोटे पक्षी अक्सर भारी बारिश में आश्रय खोजने की कोशिश में परेशान देखे जाते हैं। दरअसल पक्षी अपने पंखों के नीचे हवा की छोटी-छोटी परतें बनाकर रखते हैं, जो उन्हें गर्म रखती हैं। लेकिन जब बारिश अति में हो रही हो तो वे हार जाते हैं। इस स्थिति में बारिश के संपर्क में आने वाले अमेरिकी केस्ट्रेल अपनी चयापचय दर को बढ़ाते हैं, संभवतः गर्मी के नुकसान की भरपाई के लिए। लेकिन देखा गया है कि पक्षी जितना छोटा होता है, अति बारिश उसके लिए उतनी ही डरावनी होती है। क्योंकि छोटे पक्षियों का सतह-क्षेत्र-से-आयतन अनुपात अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे अधिक तेजी से गर्मी खो देते हैं, और उनके पास आम तौर पर कम ऊर्जा भंडार होते हैं। यही कारण है कि अक्सर मूसलधार बारिश के दौरान देखने में आता है कि छोटे पक्षी बदहवासी से आश्रय की तलाश में होते हैं जबकि टर्की गिद्धों का झुंड पेड़ की चोटी पर पंख फैलाकर बारिश में नहाता हुआ देखा जाता है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर घोस्ट वी कहते हैं, फोटो खींचने के लिए पक्षियों पर लगातार नजर रखने के कारण ऐसे मौकों पर उनकी बेबसी देखकर मुझे बहुत दुःख होता है। हालांकि आजकल किसी भी पक्षी को बारिश से आश्रय न मिलता हो या वो न लेते हों ऐसा भी नहीं है। जिन पक्षियों को यह सुविधा होती है, वे बारिश के समय झाड़ियों के झुरमुटों में, नरकटों में, इंसानी घरों के छज्जों के नीचे, अपने घोंसले के छिद्रों में छिपने या बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह पक्षियों को अनिवार्य रूप से हासिल कोई सुनिश्चित सुविधा नहीं है और हो भी तो आखिर पक्षियों को नियमित खाने की भी तो जरूरत होती है। सच में भूख पक्षियों के लिए बारिश का दूसरा खतरा है। क्योंकि थोड़ी देर की बारिश में तो छिप सकते हैं, लेकिन एक हफ़्ते तक चलने वाली बारिश में क्या करेंगे?

पक्षियों पर नजर रखने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर कहते हैं जब बारिश शुरू होती है तब तो पक्षी कुछ समय के लिए गायब हो जाते हैं, लेकिन अगर यह कुछ समय तक लगातार होती है, तो पक्षी फिर से दिखाई देने लगते हैं। क्योंकि वे भोजन की तलाश बंद नहीं कर सकते हैं, खासकर अगर उनके पास खिलाने के लिए चूजे हों। दरअसल पक्षी बहुत कम खाते हैं, इसलिए उन्हें बार बार खाना पड़ता है। सिर्फ लंबे समय तक होने वाली बारिश ही एकमात्र पहलू नहीं है जो पक्षियों के संदर्भ मायने रखती है- बारिश की तीव्रता भी फर्क डालती है। पर्याप्त रूप से हल्की बारिश फिर भी शायद ज्यादा समस्या न हो, लेकिन लेकिन भारी बारिश बहुत खतरनाक होती है। इससे निपटने के लिए उन्हें अलग से रणनीति बनानी पड़ती है। कई बार हम देखते हैं भीग रहे पक्षी अपने पंख फुला लेते हैं। क्योंकि पंखों को फुलाना उन्हें गर्म रखता है। लेकिन यह खतरनाक भी है। अगर बारिश बहुत भारी है, या यह नहीं थमती तो पानी उनके फूले हुए पंखों के अंदर में चला जाता है और इससे वह बहुत जल्द भीग जाता है। भारी बारिश में कई बार पक्षियों की एक और क्लासिक मुद्रा देखने को मिलती है, जिसका एक और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ह्यूम (1986) ने वर्णन किया है, सिर पीछे की ओर, चोंच बारिश की ओर, शरीर सीधा और पंख चिकने। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसमें कोई पक्षी खुद को गर्म रखने की कोशिश करता है। क्योंकि सिर पीछे की ओर की मुद्रा एक गर्मी-संरक्षण की स्थिति है।

**के. पी. सिंह.**

## आप की बात

### श्रमिकों की समस्याएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### पड़ोसी देशों में चीन का दखल

चीन में जिस तरह शी चिनफिंग की तीसरी बार ताजपोशी हुई है और जैसे उन्होंने इरादे जाहिर किये हैं उससे यह जरूरी है कि भारत चीन को लेकर सतर्क रहे। चीन की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं इसलिए सीमा पर कड़ा जवाब देने के साथ ही अब चीन पर आर्थिक प्रहार भी करने की जरूरत है। कुछ समय पहले जब चीन ने भारत के आर्थिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसे एफडीआई नीति में बदलव के जरिये रोका गया। भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जरूरी बदलाव करके अपने कारपोरेट को बचाने का जो प्रयास किया है वह सही समय पर उठाया गया कदम था। चीन के शातिर चाल पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जो बदलाव किया है वह स्वागतयोगय कदम है। इससे भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण का खतरा कम होगा। उदारीकरण की नीतियों को लागू किये जाने के बाद देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आया है और भारतीय कंपनियां एवं उद्यमियों ने भी आक्रामक अधिग्रहण के जरिये विदेशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को अपने कब्जे में लिया है। कोरोना काल में भी चीन के केन्द्रीय बैंक 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' ने अचानक भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी में अपनी हिस्सेदारी को एफडीआई रूट के जरिये 0.80 से बढ़ाकर 1.01 फीसद कर लिया था। बैंक ऑफ चाइना के इस कदम ने भारत के कारपोरेट जगत में हलचल पैदा कर दी थी। इसके बाद केन्द्र ने एफडीआई नियमों में संशोधन किया है। अब चीनी कंपनियों एवं नागरिकों के लिए भारतीय कंपनियों का अधिग्रहण सरकार की मंजूरी के बिना नहीं हो सकेगा। भारत सरकार ने एफडीआई नियमों में संशोधन कर एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसमें भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देश की कंपनी, व्यक्ति, संस्था या किसी ऐसी कंपनी जिसका स्वामी सीमावर्ती देश के नागरिक या कंपनी के पास हो, उसको भारतीय कंपनी में निवेश के लिए मंजूरी लेनी होगी। एफडीआई में एक प्रावधान और जोड़ा गया है कि किसी भी ऐसे वर्तमान या भावी निवेश के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी जिसमें स्वामित्व हस्तांतरण शामिल हो। वैश्वीकरण के इस युग में कंपनियों में निवेश, अधिग्रहण सामान्य बात है, लेकिन अगर भारत की किसी कंपनी का मालिकाना हक चीन, पाकिस्तान जैसे देशों के पास चला जाये तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय हित पर बहुत गहरी चोट भी है। इसके अलावा अब चीनी आयात पर भी लगाम लगाने की जरूरत है क्योंकि यह लगातार बढ़ता जा रहा है।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कांग्रेस ने आरोपियों को जमानत मिलने पर सरकार की किया निंदा

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने अपने संयुक्त बयान में वाराणसी के बीएचयू में आईआईटी में बीटेक की छात्रा से दरिंदगी करने वाले भाजपा आईटी सेल से जुड़े आरोपियों को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर सरकार की निंदा की।

जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम ने अपने बयान में कहा कि कई दिनों तक छात्रों और कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए आंदोलन के बाद आरोपियों गिरफ्तार किया गया था जबकी भाजपा के बड़े नेता उन्हें बचाने में लगे थे।इनमें से दो आरोपियों को आरोपियों को पुलिस की लचर पैरवी के चलते हाई कोर्ट से जमानत मिल गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा भारतीय जनता पार्टी के नेता एक तरफ तो कहते हैं बेटियों की तरफ आंख उठाने वालों को नेस्तनाबूदकर दिया जाएगा वही दूसरी तरफ बच्ची के साथ गैंगरेप के आरोपी गंभीर धारा लगने के बाद भी छूट रहे हैं, क्योंकि आरोपी भाजपा से जुड़े हैं इसलिए उनके यहां बुलडोजर भी नहीं चला।

# पुश्तैनी जमीन पर दबंग कर रहा अवैध निर्माण

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पुश्तैनी खाते की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण की फरियाद लेकर पहुंचे खंडासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव निवासी एक खातेदार युवक को थाना प्रभारी द्वारा लाठी डंडों से पिटाई किए जाने सहित मुकदमे में फंसा दिए जाने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।यही नहीं इलाकाई पुलिस

- शिकायत करने पहुंचे खातेदार कृषक को पुलिस ने थाने से डांट कर भगाया
- पीड़ित खातेदार ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर बताई आप बीती



की मिली भगत से खातेदार युवक की पैतृक भूमि पर दबंग द्वारा जबरिया कब्जा भी किया जा रहा है।घटना के बाद पीड़ित खातेदार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर आप बीती बताते हुए न्याय की गुहार की है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक अयोध्या के खण्डासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव निवासी सुनील तिवारी ने आरोप लगाया है कि पुलिस की मिली भगत से उसकी मंझनपुर ग्राम के अमरगंज बाजार स्थित पैतृक बैनामे की जमीन गाटा संख्या 753 रकबा 446 एअर है।इस भूखंड में उर्मिला पत्नी कमलेश कुमार, आकाश पुत्र कमलेश अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं।

जब पीड़ित कृषक खातेदार ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने उसे डांटकर थाने से भगा दिया।पीड़ित ने बताया कि उसकी जमीन पर उक्त लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं और जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसे धमकी देना शुरू कर दिया।पीड़ित किसान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को अनसुना करते हुए उल्टे पीड़ित को ही डांटकर थाने से भगा दिया और कहा कि वह अपनी जमीन के बारे में क्यों परेशान हो रहा है।पीड़ित खातेदार अब न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है।

लेकिन कोई भी उसे न्याय नहीं दिला पा रहा है।पीड़ित किसान सुनील तिवारी का कहना है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी व एसडीएम मिल्कीपुर को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर उन्होंने काम रुकवाने का निर्देश भी दिया था।उस आदेश को मैंने ले जाकर खण्डासा पुलिस को दिया। लेकिन थानाध्यक्ष ने मेरा कोई दस्तावेज व कागज को नहीं देखा और थाने से डांट कर भागते हुए मेरे भी पक्षी से कहा कि तुम निर्माण करो अगर नहीं मानेंगे तो इन्हें 20 लाठी लगाकर ठीक कर दूंगा।पीड़ित का यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल अब देखिए पीड़ित खातेदार की मदद में तहसील से लेकर जनपद का कौन सा प्रशासनिक अधिकारी आगे आता है, यह तो भविष्य के गर्त में है।

## जनवरी तक एसटीएफ को मिल जायेगा नया कार्यालय भवन

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी संवेदनशील हैं। काफी लम्बे समय से अयोध्या मे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के कार्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मे एसटीएफ के कार्यालय के लिए भवन निर्माण के लिए 9.48 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया है जिससे एसटीएफ के कार्यालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। अयोध्या में गोलाघाट मार्ग पर बन रहे एसटीएफ के कार्यालय का निर्माण लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ग्राउंड फ्लोर से लेकर यह भवन पांच मंजिल मे बनाया जा रहा है।एसटीएफ कार्यालय के निर्माण का दायित्व पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंपा गया है। इस भवन का निर्माण 1995.12 वर्ग मीटर मे किया जा रहा है। एसटीएफ कार्यालय के लिए बनाए जा रहे भवन के ग्राउंड फ्लोर पर 211.39 वर्ग मीटर मे पार्किंग बनाई जाएगी। अधीक्षण अभियंता सीडी टू उमेश चन्द्र ने बताया कि भवन का निर्माण 16 जनवरी 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य भवन के भूतल की स्लैब का कार्य पूरा हो चुका है।

## गोड़हिया नम्बर-3 के ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित

**बहराइच ।** विकास खण्ड कैसरगंज के ग्राम पंचायत गोडहिया नं0-3 में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास चयन के समय सही तरीके से लाभार्थियों का सत्यापन न करने तथा उक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज द्वारा जारी पत्रों का उत्तर न देने पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार द्वारा सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी गुलाब सिंह को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर विकास खण्ड फखरपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि निलम्बित ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्यवाही में खण्ड विकास अधिकारी, बलहा को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## आधार लिंक खाता धारकों को मिलेगी पेंशन की राशि

**बहराइच ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था भरण-पोषण अनुदान योजनान्तर्गत पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि पेंशन की आगामी किशत का भुगतान अकाउण्ट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर ह्यआधार बेस्ड पेंमेन्टह्ल प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक खाते में किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए लाभार्थियों को अपने बैंक खाते में एनपीसीआई मैपर की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा।उन्होनें बताया कि दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से अपील की जाती है कि जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वह अपनी बैंक शाखा से सम्पर्क कर अपने पेंशन खाते को आधार से लिंक कराते हुए एनपीसीआई मोड में मैप करा लें, जिससे पेंशन की अगामी किशत बैंक खाते में अंतरित होने में समस्या न हो।

## ज्वैलरी शोरूम से उचक्कों ने पार की चेन

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर उचक्कों के गिरोह की सक्रियता सामने आई है।उचक्कों के गिरोह ने खरीददारी के बहाने रिकाबगंज क्षेत्र स्थित एक ज्वैलरी शो रूम से लगभग एक लाख कीमत की सोने की चेन पार कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मामले की जानकारी हुई। शोरूम के प्रबंधक ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिकाबगंज में ब्लूस्टोन ज्वैलरी एण्ड लाइफ स्टाईल का शो रूम है।शोरूम पर प्रयागराज जनपद के शिवपुरी थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुर निवासी रवीन्द्र नाथ गुप्ता शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात हैं।शाखा प्रबंधक रवीन्द्र नाथ गुप्ता का कहना है कि 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे दो महिलाएं एवं एक पुरुष प्रतिष्ठान पर पहुंचे और सोने की चेन दिखाने के लिए कहा।कर्मी ऋषभ सोनकर ने निकलकर चेन दिखानी शुरू की।बाद में तीनों कोई चेन पसंद न आने की बात कह कर बिना खरीददारी वापस लौट गए। रात्रि में स्टाक मिलान करने पर पता चला कि 13.62 ग्राम की एक सोने की चेन गायब है।इसके बाद सीसीटीवी रिकार्डिंग की बारीकी से पड़ताल कराई गई तो पता चला कि खरीददारी करने पहुंची दो महिलाओं और एक पुरुष के दल में शामिल महिला ने अपनी सहयोगी महिला को चेन पकड़ा दी और फिर कुछ देर इधर-उधर करने के बाद तीनो लोग बिना कुछ खरीदें चले गए। वारदात की जानकारी के बाद तीनों की तलाश का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।सोमवार को नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतिष्ठान प्रबंधक की ओर से शिकायत मिलने के बाद तीन अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तहकीकात और आरोपियों की पहचान व तलाश कराई जा रही है।

# भाजपा महानगर में बनायेगी 80 हजार सदस्य

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता महाअभियान की शुरूआत दिल्ली के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। महानगर में कार्यकर्ता सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय से लाइव के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। पार्टी कार्यालय में 172 लोगों मिस्ड कॉल के माध्यम से डिजिटल रूप में पार्टी के सदस्य बने। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर इसी सप्ताह में समारोह पूर्वक स्थानीय स्तर पर भी सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी।इस दौरान महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर महानगर में इसी सप्ताह में समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया जाएगा।कार्यकताओं को जिम्मेदारियां देते हुए तैयारियां कर पूर्ण कर ली गई है। महानगर के प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी का महापर्व है।सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाएं। संवाद तथा सम्पर्क द्वारा लोगों को पार्टी में वैचारिक रूप से जोडे.। कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क अभियान चला कर सरकार की योजनाओं की चर्चा अवश्य करें।अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएं।विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सबका साथ सबका विकास की योजनाओं को लोगों को बताते हुए उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएं। मौके पर सदस्यता बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, शक्ति सिंह मौर्या, राकेश मणि त्रिपाठी, अनीता सिंह, संजय निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता चार सितंबर से

**अयोध्या।** लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद के सभी ब्लाकों में प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता की शुरूआत 4 सितम्बर से पूरा ब्लाक से की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूरा बाजार के बच्चू लाल इंटर कालेज में एमएलसी हरिओम पाण्डेय द्वारा सुबह 10 बजे किया जाएगा।5 सितम्बर को 3 बजे समापन पूर्व सांसद लल्लू सिंह करेंगे। सभी ब्लाकों में दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।लोकसभा क्षेत्र के सभी 13 ब्लाकों में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के ग्राम पंचायत की टीमें प्रतिभाग करेंगी। ब्लाक स्तर पर विजेता तथा उपविजेता टीमों का फाइनल लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें कबड्डी, वॉलीबाल तथा रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। बीकापुर ब्लाक में तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक की गई। बैठक में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि पुरानी सरकारें खेल को



प्रोत्साहन नही देतीं था इस कारण युवा खेलों को कैरियर के रूप में नही लेते थे।पीएम मोदी की सरकार में खेल तथा खिलाडियों को मिलने वाले प्रोत्साहन से युवा इसको प्रोफेशन के तरह से ले रहे है। आज युवाओं की सोच बदली है।हमारे गांवों के प्राचीन खेलों को इस तरह प्रतियोगिता में शामिल करने से उन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है।

उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों का प्रयोग अपने जीवन में लोग कई प्रकार से करते है। शारीरिक व मानसिक विकास में इसका महत्वपूर्ण रोल रहता है।खेलों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभाएं मौजूद है।जिनमें निखार लाने के लिए प्रतियोगिताओं के माध्यम से मंच प्रदान किया जाता है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के उपरान्त वृक्षारोपण भी किया गया। बैठक में बीकापुर प्रधानमंत्री खेल समिति के संरक्षक राकेश पाण्डेय राना, दिनेश वर्मा, सुनील सिंह राजपूत, अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, भोला शंकर शुक्ला, लल्लन भारती, राम सहाय निषाद, भरत जी जायसवाल, रामपाल वर्मा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## तीन ग्राम पंचायत में हुई पीएम आवास योजना को लेकर खुली बैठक



**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली, देवराकोट व धनीपुर में प्रधानमंत्री आवास के पात्रों के लिए ग्राम पंचायत के सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को खुली बैठक किया गया।प्रधान व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चैहान, प्रधान मनोज सिंह व प्रधान जीत बहादुर ने बताया कि पंचायत के सभी पात्रों ने आधार कार्ड देकर अपना आवेदन किया। तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील पांडेय , अखिलेश सिंह, इच्छा राम प्रियदर्शी ने बताया कि आए सभी लाभार्थियों का चयन उसकी पात्रता की जांच के उपरांत किया जायेगा।इस अवसर पर ग्राम प्रधान ज्वाला प्रसाद ए डी ओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह वर्मा, जेई आलोक रंजन सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## मजरा नव्वन गरेठी का डीएम व एसपी ने किया भ्रमण



जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** तहसील महसी अन्तर्गत थाना हरदी के ग्राम गरेठी गुरूदत्त सिंह के मजरा नव्वन गरेठी में हिंसक वन्यजीव के हमले में अंजली पुत्री कमल कश्यप आयु लगभग ढाई वर्ष की मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने अन्य अधिकारियों के साथ मजरा नव्वन गरेठी पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया तथा मौजूद अधिकारियों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष हरदी सूरज वर्मा ने बताया

- शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

कि 01 सितम्बर 2024 की देर रात्रि लगभग 03:00 बजे की घटना है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेन्द्र गौड, खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त यादव.व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंचकर हिंसक वन्यजीव के हमले में घायल थाना हरदी अन्तर्गत ग्राम बाराबिगहा के मौजा कोटिया निवासिनी श्रीमती कमला देवी पत्नी मोहन लाल का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एम.एम. पाण्डेय को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये।

## मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह की हुई तैयारी बैठक

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने महानगर कार्यालय पर बैठक कर पार्टी पार्षदों व कार्यकर्ताओ को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए दिशा निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा प्रत्येक वर्ष 4 सितंबर को कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे द्वारा मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है जिसका आयोजन शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह और उनकी पूरी कमेटी के नेतृत्व में किया जाता है जिसमें प्रस्तावित कमेटी द्वारा चुने गए पांच शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है।

## बांके से काटकर बेटी की हत्या

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** एक पिता ने अपनी सगी बेटी को घर के चौखट पर ही सर काट के उसकी बेहरमी से हत्या कर दी है, और सर को वही रख कर खुद भी बैठ गया।जिले के थाना मोतीपुर अंतर्गत मटेही गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी की बांके से निर्मम

- शव के पास बैठा रहा पिता

हत्या कर दी।हत्यारोपी पिता को मौके से गिरफ्तार कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र में यह सनसनी खेज घटना घटित हुई है।

यहां पिता ने अपनी बेटी को अपने ही घर के बाहर दरवाजे के चौखट पर उसका सर काट के बेहरमी से हत्या कर दी है, और सर को वही रख दिया।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर मटेही गांव निवासी खुशबु ( 17 ) पुत्री नईम खान का प्रेम प्रसंग इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायबोझा गांव निवासी एक युवक से चल रहा है।

जिसका विरोध पिता द्वारा किया जा रहा था।किंतु जब पिता की बात पुत्री द्वारा नहीं मानने पर यह कदम उठाने को मजबूर हो गया।

गांव के लोगों के मुताबिक सोमवार को प्रेमी गांव पहुंच गया। पिता ने प्रेमी को देखा।इसके बाद युवक फरार हो गया।

जबकि बेटी को पिता ने घर में रखे बांके से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।सर, हाथ, पैर और शरीर सब काटकर अलग कर दिया।

इसके बाद वह बेटी के शव के पास ही बैठा रहा।सूचना पाकर सीओ हीरालाल कनौजिया, थानाध्यक्ष राकेश पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जबकि आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

## बाजार में चाय पी रहे युवक को चार लोगों ने पीटा

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के महबूबगंज बाजार में चाय पी रहे एक युवक को चार लोगों ने बुरी तरह से पीट डाला।मामले में पुलिस ने युवक की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।अम्बेडकरनगर जनपद के कन्धरापुर थाना बेवाना निवासी रितिक यादव पुत्र रामशकल यादव का कहना है कि वह सुबह महबबूगंज चैराहे पर खड़ा होकर चाय पी रहा।आरोप है कि उसी समय मकन्दपुर गांव निवासी केडी यादव अपने तीन अन्य साथियों के साथ आये और उसे लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।जब लोगो ने इकट्ठा होना शुरू किया तो जान माल की धमकी देते हुए भाग गए।मारपीट में वह बुरी तरह से चोटिल हो गया।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा र

## कीमती जमीन की कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम सभा पिलखावां के मजरे अरकुना में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गये। एक गरीब युवक धनीराम का आरोप है कि उसकी जमीन पर जबरिया निर्माण कराया जा रहा है।युवक ने इसकी शिकायत एस एस पी से कर चुका है। थाने पर भी शिकायती पत्र दिया है।निर्माण कार्य कराने वाले पीड़ित युवक को जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं।युवक का आरोप है कि इस कार्य में कुछ स्थानीय लोगो का सानिध्य है। भूमि हाईवे सड़क किनारे की है।इस मामले में जबरदस्ती कमजोर और गरीब की भूमि पर कब्जा करने वाले लोग शामिल बताये जा रहे हैं। शिकायत के बाद कोई सुनवाई नहीं है। पूंछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है।मामले की जाँच पड़ताल कराई जा रही है।

## आपसी बातचीत के बाद निपट गया नायब तहसीलदार और कर्मचारी विवाद

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील में गत शुक्रवार को नायब तहसीलदार मसौधा द्वारा एक कर्मचारी की पिटाई से आहत धरना प्रदर्शन कर रहे संग्रह अनुवेशक कर्मचारियों का आंदोलन बातचीत और एक दूसरे से क्षमा याचना के बाद समाप्त हो गया।तहसील प्रशासन और कर्मचारी वर्ग ने राहत की सांस लिया है।सोमवार को दूसरे दिन सुबह शुरू हुए धरने में जब अन्य तहसीलों से आह्वान किए गए कर्मचारी नही पहुंचे तभी लोगो को आंदोलन समाप्ति की पटकथा समझ में आने लगी थी।इंतजार केवल संगठन के मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह का हो रहा था। करीब 2 बजे इनके धरना स्थल पर पहुंचते ही उपजिला अधिकारी के कक्ष में बुलावे का न्योता आया और दोनो पक्षों के बीच मान मनौवल का घंटा भर दौर चला।निर्णय की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए आरोपी नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला के साथ उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी, तहसीलदार विनोद चैधरी, नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा शिकायती कर्मचारी अब्दुल फिरोज और कर्मचारी संगठन के मंडल अध्यक्ष सहित वार्ता में शामिल सभी धरना स्थल पर पहुंचे।एक दूसरे को लेकर क्षमा याचना की गई।शिकायती कर्मी की मांग पर उसे कार्यालय कार्य से मुक्त कर फील्ड का कार्य देने की सहमति दी गई और विरोध आंदोलन समाप्त की घोषणा संगठन के नेता अरविंद सिंह ने कर दी।तहसीलदार विनोद चैधरी ने बताया तहसील एक परिवार है।

## इमरजेंसी वार्ड में तीमारदार ने किया हंगामा, स्टाफ नर्स से भिड़ा

**अयोध्या।** रविवार की रात जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बवाल हो गया। विवाद के बाद अस्पताल स्टाफ ने तीमारदार की पिटाई की। स्टाफ नर्स ने तीमरदार पर गाली-गलौज व धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया है और स्टाफ नर्स की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के गाँव कालीदीन का पुरवा

- स्टाफ व अन्य ने युवक को पीटा, पुलिस ने कराया मेडिकल

निवासी युवक अर्जुन यादव रविवार को रात लगभग 9.40 बजे अपनी बहन मंजीत कुमारी यादव पत्नी अरविन्द यादव निवासी आस्तीकन थाना इनायतनगर को लेकर जिला अस्पताल आया। विवाहिता को कमजोरी और बुखार होने के चलते इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ आशीष पाठक ने परीक्षण के बाद भर्ती कर लिया। भर्ती का पर्चा बनने के बाद उसे इमरजेंसी वार्ड के 10 नंबर बेड पर भेज दिया गया। वार्ड में स्टाफ नर्स की ओर से उपचार शुरू करने में देरी को लेकर उसका भाई बिगड़ गया और स्टाफ नर्स से उलझ गया। इसके बाद गाली-गलौच व हंगामा हुआ तो अन्य सटाफ और तीमारदार एकत्र हो गए तथा युवक की पिटाई की। वहीं ईएमओ की सूचना पर रिकाबगंज चैकी पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस को दी गई शिकायत में कोतवाली के ही गाँधी नगर निवासी स्टाफ नर्स का कहना है कि रात ने आरोप लगाया है कि रात 8 से सुबह 8 बजे तक उसकी ड्यूटी थी। रात 10 बजे तीन मरीज आए थे, वह एक-एक को देख रही थी, इसी दौरान शराब के नशे में धुत अर्जुन यादव ने अभद्रता शुरू कर दी। साथी स्टाफ नर्स कुसुम चैधरी व वार्ड ब्वाय साहिल से उलझ गया तथा अपनी बहन का ठीक से इलाज न करने का आरोप लगाने लगा। मैनें उसे समझाया कि बेहतर ढंग से इलाज किया जा रहा है और मरीज मंजीत को आइवी फ्लूइड लगाने लगी। नाराज अर्जुन यादव ने गाली-गलौज किया और जान से मार डालने की धमकी दी। अन्य स्टाफ व पुलिस ने युवक को मौके से हटाया। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि स्टाफ नर्स की शिकायत पर तीमारदार के खिलाफ गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## आजादी के नायकों का चरित्र हनन करने में लगी है सरकार: सूर्यकांत पाण्डेय

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** काकोरी ऐक्शन शताब्दी वर्ष की श्रृंखला में रविवार को मोहबरा बाजार स्थित मधुर कुंज में वरिष्ठ पत्रकार अमर नाथ वर्मा के संयोजकत्व में क्रांतिकारियों के सपने और आज का भारत विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण प्रताप सिंह ने तथा संचालन भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने किया।

गोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार आजादी के इतिहास को तोड़ मरोड़कर पेश करने और आजादी के नायकों का चरित्र हनन में लगी है। ऐसे हमें वास्तविक इतिहास व उनके सपनों को जनता के बीच ले जाने की जरूरत है। गोष्ठी में अपनी बात रखते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सरकार इतिहास में गलत तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए आम जनमानस में भ्रम पैदा कर अपने एजेंडे को पूरा करने में लगी है जिससे समाज में विभाजन व हिंसा का वातावरण बनता जा रहा है। आजादी की मूल भावना को जागृत कर बेहतर समाज और राष्ट्र निर्माण को बनाने की तरफ



आगे बढ़ना होगा। भाकपा (माले) के जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि आजादी के पचहत्तर साल बीत जाने के बाद भी देश में सामाजिक और आर्थिक असमानता भयानक रूप से दिखाई दे रही है। सामाजिक न्याय का प्रश्न आज भी देश के वंचित समुदाय की शिराओं में गूंज रहा है। कांग्रेस नेता कमलेश यादव ने कहा कि विद्यालयीय पुस्तकों के पाठ्यक्रम में फेरबदल कर आने वाली पीढ़ियों के दिमाग से वास्तविक इतिहास को मिटा देने की साजिश रची जा रही है जो देश के लिए घातक है। सपा नेता विजय बहादुर वर्मा ने समाज में हो रहे उथल-पुथल की चर्चा करते हुए कहा कि आज सही बात कहना भी अपराध हो गया है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष वंशीलाल यादव ने बेहतर समाज बनाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने बल दिया।सामाजिक कार्यकर्ता आफाक उल्ला ने भगतसिंह और उनके साथियों के क्रांतिकारी इतिहास की विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी को रामजी राम यादव, उमाकांत विश्वकर्मा, विनोद सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अजय शर्मा चंचल, शोएब खान, घनश्याम यादव, सुग्रीव यादव, आशीष कुमार, रमेश गौड़, मोहम्मद आरिफ, शिवराम, पप्पू सोनकर, दिलीप गुप्ता, जगन्नाथ पाल, सुरेन्द्र यादव, आदि ने संबोधित किया।

संक्षेप

## 40 पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारंटी व 19 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 40 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## 6 वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना बदोसरांय पुलिस ने मु0अ0सं0 200/2024 धारा 3(5)/109/110/118(1)/351(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र रामसेवक गुप्ता, अभिषेक पुत्र रामसेवक गुप्ता, रितेश पुत्र रामसेवक गुप्ता निवासीगण ग्राम तासीपुर थाना बदोसरांय व मु0अ0सं0 201/2024 धारा 3(5)/109/110/115(2)/351(2)/352 01. इन्द्र बहादुर सिंह पुत्र हरिनाम सिंह, चन्दन सिंह पुत्र हरिनाम सिंह, आशीष सिंह पुत्र गौतम सिंह निवासीगण ग्राम तासीपुर थाना बदोसरांय को गिरफ्तार किया।

## चोरों ने नगदी समेत मोबाइल पर हाथ किया साफ

सुलतानपुर। घर में घुसकर चोरों ने पांच हजार नगदी, मोबाइल व चार्जर गायब कर दिया। सुबह जब पीड़ित सो कर उठा तो उसे चोरी की जानकारी हुई तो वह स्तब्ध रह गया। पीड़ित ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के कोइलाहा पारसपट्टी गांव निवासी पंकज मिश्रा कोतवाली नगर के पंचायत भवन के पीछे स्थित मकान में किराये पर रहते हैं। एक सितम्बर की रात पीड़ित सो रहा था। अज्ञात चोरों ने घर को निशाना बनाते हुए पीड़ित के पर्स से पांच हजार की नगदी, मोबाइल व चार्जर गायब कर दिया। पीड़ित जब सुबह सोकर उठा तो उसे घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## सर्पदंश से नौनिहाल की मौत, कोहराम

कूरेभार, सुलतानपुर। सोमवार की सुवह एक गांव में सर्प दंश से एक नवनिहाल की इलाज के दौरान मेडिकल कालेज सुलतानपुर में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक कार्तिक वर्मा (4) पुत्र सरवन वर्मा निवासी पटना सैदखानपुर को सोमवार की सुवह घर पर ही जहरीले सांप ने काट लिया। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी कूरेभार पर ले गए, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नवनिहाल की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## प्राथमिक विद्यालय की सामग्री चोरी

अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अचलपुर में बेखौफ चोरों ने कुंडी काटकर एमडीएम सामग्री पार कर दिया है और पेयजल के लिये लगाई गई पानी की टोटियों तोड़ डाली गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से दर्ज करा दी है।विकास क्षेत्र तिलोई के प्राथमिक विद्यालय अचलपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार सिंह ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि विद्यालय की कुंडी काटकर अराजक तत्वों ने एम डीएम योजना के तहत रखा लगभग पैंतीस किलो गेहूं पार कर दिया गया है और पानी की टोटियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

## विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहे बिजली उपभोक्ता

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। विद्युत विभाग की लापरवाही एवं खामियों के चलते विद्युत उपभोक्ता भारी परेशान हैं। चांदा पावर हाउस में कार्यरत कर्मचारियों की लापरवाही एवं मनमानी ढंग से कार्य करने की बदौलत विद्युत विभाग को करोड़ों रुपए का चूना लग जाता है, परंतु यह कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं लाते। यही कारण है कि विद्युत उपभोक्ता इन कर्मचारियों की लापरवाही एवं मनमानी के चलते विद्युत बिल का समय से भुगतान नहीं करते तथा दिनों दिन विद्युत विभाग गर्त में जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र चांदा में तैनात कर्मचारियों की लापरवाही का राज किसी से छिपा नहीं है। बाजार में लगे विद्युत कनेक्शन धारकों के यहां से रीडिंग लेने, बिल का संशोधन करने, रीडिंग के हिसाब से उपभोक्ताओं बिल ऊपर भेजने के लिए विद्युत विभाग में कई कर्मचारी तैनात किए गये हैं।

# भाजपा चार लाख लोगों को बनायेगी पार्टी का सदस्य : डॉ. आर ए वर्मा

## भाजपा के सदस्यता अभियान का हुआ शुभारंभ



सुलतानपुर (वीओएल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्राथमिक सदस्य बनने के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो गया। नगर के डाकखाना चैराहे पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में पार्टीजनों ने कैंप लगाकर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को मोबाइल व अन्य डिजिटल माध्यम से लाइव सुना। जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा लगभग 6 बजे पार्टी के टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड काल कर पार्टी के सदस्य बने। इसी के साथ जनपद में भी सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा कि संगठन पर्व सदस्यता अभियान- 2024 का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा मैं सभी शुभचिंतकों, जिले की जनता और भाजपा कार्यकताओं से एक बार फिर भाजपा के साथ जुड़ने की अपील करता हूं। उन्होंने बताया जिले में 4 लाख भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए भाजपा की मजबूती जरूरी है।इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, जगजीत सिंह छंगू, सुमन सिंह, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, आनन्द द्विवेदी, प्रीति प्रकाश, गांधी सिंह, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, एमपी त्रिपाठी, सुमन राव कोरी, कोकिला तिवारी, स्नेहलता पांडे, प्रवीण मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, रजनीश मिश्रा, राकेश जायसवाल, दूधनाथ तिवारी समेत सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# शिक्षामित्र संयुक्त मोर्चा 5 सितम्बर को करेंगे निदेशालय का घेराव




सुलतानपुर (वीओएल)। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एशोसिएशन व शिक्षामित्र सयुंक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित शिक्षामित्रों का पांच सितंबर को निदेशालय का घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में शिक्षामित्र संयुक्त मोर्चा के लगभग सभी संगठनों के पदाधिकारीगण कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना योगदान दे रहे है। सभी शिक्षामित्रो से अपील है कि सभी निदेशालय पहुंचकर आन्दोलन को सफल बनाए। जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा ने सभी से अपील किया कि आप सब भारी से भारी संख्या मे निदेशालय पहुंचे। उपाध्यक्ष पूनम मिश्रा व महिला महामंत्री रीना उपाध्याय ने कहा की इस बार महिलाए शत प्रतिशत कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेगी। 6 सितम्बर से दो-दो मण्डल प्रत्येक दिन निदेशालय पर धरना-प्रदर्शन करेगे। महामंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि जब तक हमारी सम्पूर्ण मांगे नही मानी जाऐगी, तब तक धरना अनवरत जारी रहेगा। वरिष्ठ सलाहकार अखिलेश तिवारी व मिडिया प्रभारी सुतीक्षण तिवारी ने कहा कि जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षो को अपने अपने ब्लाको से शिक्षामित्रो को निदेशालय के घेराव कार्यक्रम मे सुगमता पूर्वक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गयी।

## राज्यमंत्री ने किया कृषि स्नातकों के 13 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



बाराबंकी। स्टार आर-सेटी प्रशिक्षण केन्द्र में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में चयनित 42 कृषिस्नातको के 13 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि समस्त प्रशिक्षार्थियों को 13 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें एग्रीजंक्शन (वन स्टाप शाप) के संचालन हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नियमानुसार समस्त प्रकार के अभिलेखों को तैयार करने एवं उनके रख-रखाव की जानकारी भी उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर समस्त अभ्यर्थियों को उर्वरक, बीज एवं पेस्टिसाइड के निःशुल्क लाइसेंस प्रदान किये जायेंगे। साथ ही व्यवसाय हेतु ली गई दुकान के किराये पर प्रथम एक वर्ष हेतु किरायानामा के आधार पर अधिकतम रू0 1000 प्रतिमाह की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त व्यवसाय संचालन हेतु रू0 500000 तक के लोन पर प्रथम 3 वर्षों के ब्याज अनुदान के रूप में एकमुश्त 60000 रुपये का बैंक इण्डेड अनुदान भी उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम मे आल इण्ड़िया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी डा0 विनोद कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक विवेक कुमार, आर-सेटी के निदेशक विशाल सिंह, जिला सलाहकार कैलाशनाथ पाण्डेय, कृषि विशेषज्ञ अशोक कुमार मिश्र, नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के 16 मोबाइल व तमंचा बरामद



बाराबंकी। थाना कोठी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुये 2 शातिर चोरों को चोरी के 16 मोबाइल फोन, तंमचा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने 2 शातिर चोर दीपक कुमार यादव पुत्र मनोज कुमार व नीलकमल यादव पुत्र समरेस कुमार निवासीगण ग्राम दुराजपुर मजरे इब्राहिमाबाद थाना कोठी को भानमऊ-गंगागंज रोड पर नहर पुलिया से चोरी के विभिन्न कम्पनियो के 16 अदद नये मोबाइल, एक अदद अवैध तमंचा मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उ0नि0 संजय यादव, हे0का0 जलालुद्दीन, भानु प्रताप, का0 राजेश्वर सिंह, योगेंद्र यादव, मो0 अफजल मौजूद रहे।

# नीट की परीक्षा पास कर एमबीबीएस में अनुराग का हुआ दाखिला

सुलतानपुर (वीओएल)। कहते हैं प्रतिभा कभी किसी चीज की मोहताज नहीं होती। बस कुछ कर



गुजरने की दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए। इस कहावत को चरितार्थ किया गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी अनुराग उपाध्याय ने जिसने देश की कठिन परीक्षा में शुमार नीट की परीक्षा पास कर डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ में आगे की पढ़ाई के लिए एमबीबीएस में दाखिला लिया। अनुराग के पिता राकेश उपाध्याय निजी टैक्सी चलाकर परिवार का भरण पोषण कर अनुराग को उच्च शिक्षा दिलाने में दिन रात परिश्रम किया बेटे की सफलता पर उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। अनुराग ने क्षेत्र के ही इंटर कालेज नटौली से बारहवीं तक की शिक्षा प्राप्तकी थी। वहीं नीट की तैयारी कोटा राजस्थान से की वह गुरुजनों से मिलने के लिए सोमवार स्कूल गए, जहां सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त किया इस अवसर नटौली प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने स्कूल के होनहार छात्र रहे अनुराग को स्कूल प्रांगण में सम्मानित कर आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक रमेश तिवारी, सत्येंद्र तिवारी संगम लाल पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, शिवेंद्र तिवारी समेत विद्यालय परिवार ने अनुराग को मिली सफलता पर शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल सुनहरे भविष्य की कामना की।

# व्यापारियों ने बैठक कर बनायी रणनीति



सुलतानपुर (वीओएल)। सरार्फा लूट कांड को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल तथा युवा व्यापार मंडल की बैठक सुदनापुर में आयोजित की गयी। इस दौरान ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी के सरार्फा की दुकान में हुई डकैती को लेकर व्यापारियों ने आक्रोश जाहिर किये। बैठक में व्यापारियों को घटना के बारे में जानकारी दी गई कि विपिन कुमार सिंह रायबरेली कोर्ट में सरेंडर कर दिया है जिससे व्यापारियों में रोष कम हुआ। साथ ही सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया सुदनापुर बाजार में किसी भी घटना से बचने के लिए चैक में सर्व सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन 04 बजे से पांच बजे पदाधिकारी द्वारा व्यापारी बंधुओ से मिलकर सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया जाएगा। जिससे भविष्य में किसी भी व्यापारी बंधु के मान सम्मान में संगठन तन मन धन से सहयोग कर सके। इस दौरान डॉक्टर विश्वास, आशुतोष वर्मा, सूरज अग्रहरि, बबलू खान, आलोक वर्मा, प्रवेश वर्मा, लालमणि दुबे जी टीटू यादव, श्याम शंकर वर्मा, आकाश मौर्य, सुरेश सोनी, शुभम पाठक, संतोष पाल, कपिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अभियुक्तों को पकड़ने के बाद पुलिस ने छोड़ा परिजन हुए नाराज, पहुंचे एसपी कार्यालय



गौरीगंज, अमेठी। विगत सप्ताह मुंशीगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत सरायखेमा गांव निवासी राकेश कुमार यादव पुत्र रामचन्द्र ने ड्रीम 11 में 3,55000 रूपए जीता था जिसमें उसी गांव निवासी अनुराग, तूफान, विशाल, हंसराज आदि के द्वारा 56 हजार खर्च करा लिया था और राकेश के ऊपर इन लोगों द्वारा दबाव बनाया जा रहा था जिससे परेशान होकर राकेश ने आत्महत्या कर लिया था। मृतक की मौत के बाद परिजनों ने गांव के ही निवासी चार लोगों पर मानसिक दबाव के कारण आत्महत्या करने की तहरीर थाने में दिया था। अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सोमवार को मृतक राकेश यादव के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पर पुलिसिया कार्रवाई और आरोपी को दबाव में छोड़ने को लेकर कार्यवाही की मांग किया है। परिजनों का आरोप है विवेचक सुरेश चन्द्र यादव द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर तीन लोगों में अनुराग, विशाल, हंसराज को पुलिस ने गिरफ्तार किया लेकिन बिना न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए छोड़ दिया गया। विवेचक उक्त अभियुक्तों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि कोतवाली के दूसरे सक्षम अधिकारी के द्वारा विवेचना कराई जाय जिससे मृतक के परिजनों को न्याय मिल सके। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रेमचंद ने बताया कि विवेचना में सही साक्ष्य न पाये जाने पर उक्त लोगों को छोड़ दिया गया जांच की जा रही है अगर मृतक के परिजन चाह रहे हैं कि विवेचना दूसरे से कराई जा जाय तो हम विवेचना करने की जिम्मेदारी दूसरे को सौंप देंगे।

# एमजीएस के 16 खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में होंगे शामिल



सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को एमजीएस इंटर कॉलेज के 16 खिलाड़ी प्रदेश स्तर जूनियर नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने रामपुर, मुरादाबाद मण्डल गए। पूरी टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह और राजेश कुमार कनौजिया खेल प्रवक्ता रेलवे स्टेशन जा कर बच्चो को शुभ कामनाएं दिया। आनन्द सिंह टीम कोच (गेम टीचर सरस्वती इंटर कॉलेज उमरी) बनाये गए हैं। एमजीएस की पूरी टीम ने जनपद और प्रदेश स्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिस आधार पर प्रदेश स्तर पर पूरी टीम का चयन किया गया। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमानुसार नेहरु हाकी प्रतियोगिता मे एक ही विद्यालय की पूरी टीम विजेता होने पर मण्डल प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करती है। टीम इस प्रकार है- मो. फैजान, शोएब अहमद, सचिन भारती, अनूप यादव, मो. समीर, अभिषेक यादव, अमन कुमार यादव, पवन कुमार, निखिल सरोज, विपिन कुमार, अनन्य श्रीवास्तव, यश वर्धन सिंह, प्रिंस प्रजापति, सर्वेश, मो. शाहिल, अभय सिंह हैं। यह टीम सरस्वती इंटर कालेज ऊमरी के क्रीड़ा प्रभारी आनन्द सिंह के नेतृत्व में प्रतिभाग करेगी। सुलतानपुर और विद्यालय का नाम रोशन करने पर संजय सिंह विद्यालय अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह प्रबंधक, दीपक सिंह, राकेश सिंह, अजय सिंह, देवेश चंद्र मिश्रा, संजय सिंह धर्मेंद्र पांडेय आदि ने खुशी जताई है।

# बैंक कर्ज की वसूली से परेशान दंपती और बेटी ने की आत्महत्या

हापुड़। जिले के थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव सपनावत में निजी बैंक के कर्जे की वसूली से परेशान होकर एक दंपती और उनकी 18 वर्षीय बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्ज चुकाने के लिए बैंक के एजेंट लगातार परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। थाना कपूरपुर के प्रभारी अवनीश शर्मा ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि दंपती ने बच्चों की पढ़ाई के लिये निजी बैंक से करीब पांच लाख रुपये का कर्ज लिया था। मामले में पुलिस को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि गांव सपनावत के संजीव राणा (48) अपनी पत्नी प्रेमवती(45), पुत्री पायल(18), पुत्र रिंकू व पिंटू के साथ रहते थे। कुछ समय पहले बच्चों की शिक्षा के लिए उन्होंने एक निजी बैंक से करीब पांच लाख रूपयें का कर्ज लिया था। 31 अगस्त की रात बैंक के पांच एजेंट पीड़ति परिवार के घर पहुंचे थे। कर्ज की किस्त जमा करने को लेकर उन्होंने पीड़ित परिवार को धमकाया था, जिससे आहत होकर परिवार ने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि 31 अगस्त की देर रात संजीव राणा उसकी पत्नी प्रेमवती और बेटी पायल ने जहर खा लिया। जिस समय दंपती और उनकी बेटी ने जहर खाया उस वक्त उनके बेटे रिंकू व पिंटू घर पर नहीं थे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऋण न चुकाने को लेकर आत्महत्या किये जाने की बात सामने आ रही है। दंपती व उनकी पुत्री के जहर खाने की सूचना पर ग्रामीणों ने उन्हें जिला मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# गुल्मेली समाज सेवा समिति ने मनाया तीज का त्योहार

- हरितालिका तीज हिमालय पुत्री देवी पार्वती से है सीधा संबंध
- पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में भारतीय समुदाय के लोग हुए शामिल

जिला संवाददाता (vol)



**बलरामपुर।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल जिला बांके उप महानगर पालिका इन्द्रेणी होटल प्रांगण में महान पर्व हरितालिका तीज के अवसर पर गुल्मेली समाज सेवा समिति परिवार द्वारा संपूर्ण महिला दीदी बहिनी बुआ आमा दाजू भाई कार्यक्रम कराया गया हिन्दू महिलाओं के लिए नेपाल का एक विशेष सांस्कृतिक त्योहार है। हिंदू महिलाओं का महान त्योहार तीज भाद्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होकर पंचमी को पूजा संगत के साथ समाप्त होता है। इस त्यौहार के मुख्य दिन दार खाना दिवस, हरितालिका तीज, गणेश चतुर्थी और ऋषि पंचमी हैं। भाद्र शुक्ल तृतीया के दिन हिंदू महिलाएं भगवान शिव की पूजा, उपवास और नृत्य करके धूमधाम से तीज मनाती हैं। गणेश चतुर्थी और ऋषिपंचमी को भी त्योहार का हिस्सा माना जाता है। हम जो भी सांस्कृतिक त्यौहार मनाते हैं वह हमारे वैदिक और पौराणिक सन्दर्भों से सम्बंधित होता है और परम्परागत रूप से चलता आ रहा है। शिव पुराण में हरितालिका को हिमालय की पुत्री पार्वती के प्रसंग से भी जोड़ा गया है। प्राचीन काल में हिमालय की पुत्री पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। हालाँकि, उनकी तपस्या सफल नहीं हुई। उसने भगवान विष्णु से प्रार्थना की कि ब्रह्मांड के पालनकर्ता भगवान विष्णु निश्चित रूप से जानते हैं कि उसकी तपस्या को कैसे सफल किया जाए, और विष्णु ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए व्रत, पूजा और अनुष्ठानों के बारे में विस्तार से बताया। हरि, पार्वती द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कठोर व्रत करने के बाद, भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्हें उनकी प्रतिज्ञा पूरी करने का वरदान दिया। इस दिन पार्वती ने हरि के कहे अनुसार पूजा की और शिव को प्राप्त करने में सफल हुईं। इसलिए, इस त्योहार को हरितालिका (हरि द्वारा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार की गई पूजा) के रूप में जाना जाने लगा। इस दिन विवाह करके अपने पति के घर गयी बहू को लाने की प्रथा है। अविवाहित महिलाएं शिवजी जैसा योग्य वर पाने के लिए भगवान शिव का व्रत और पूजा करती हैं, जबकि विवाहित महिलाएं पारिवारिक सुख और वैवाहिक जीवन की सफलता के लिए व्रत और पूजा करती हैं। कुल मिलाकर यह त्यौहार खान, पान, व्रत, उपवास और स्नान के साथ-साथ अरुंधति सहित सात ऋषियों की पूजा पर केंद्रित है। मीठा खाना, नाचना, गाना, कपड़े और आभूषण पहनना तथा अन्य विषयों में बाहरी सौन्दर्य को बढ़ाने और उसकी प्रभावशीलता को चरम पर पहुंचाने वाले पाये गये हैं।

सामान्य समझ यह है कि जो भाई अपनी विवाहित बहनों को लेने नहीं जाते या तीज के त्योहार पर निमंत्रण संदेश नहीं भेजते और जो बहनें भाईतिका के दिन अपने भाई के यहाँ अनायास नहीं जाती या निमंत्रण संदेश नहीं भेजती। प्रासंगिक ने विवाहित महिलाओं और उनकी कुलमाताओं के बीच नजदीकियां बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। नेपाल में पिछले दो हफ्तों से नेपाली हिंदू महिलाएं नाच गाकर जश्न मना रही हैं। तीज के इस महान त्योहार के अवसर पर गुल्मेली समाज सेवा समिति बांके द्वारा तीज मिलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया।

## खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन



भेंटुआ, अमेठी। सोमवार को किसान कल्याण केन्द्र परिसर में खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। अच्छे स्वास्थ्य और दवाओं पर होने वाले खर्च को बचाने के लिए किसानों को मोटे अनाजों की खेती करने की सलाह दी गई। उप कृषि निदेशक डा सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि किसान भाई पारम्परिक खेती के साथ पशुपालन मत्स्य पालन और बागबानी के माध्यम से लाभ अर्जित कर सकते हैं। स्वरोजगार के लिए सरकार की ओर से ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। खेती में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मृदा की उत्पादन क्षमता घट रही है। मृदा का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। मिट्टी की सेहत ठीक रहेगी तभी मनुष्य स्वस्थ रहेगा। कार्बनिक खेती, जैविक खेती और प्राकृतिक खेती अपनाएं और बीमारियों पर होने वाले खर्च से बचें। ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसान भाई किसी भी कार्य दिवस में अपनी समस्याएं जनसुनवाई के समय अधिकारियों को बता सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसान भाई किसी भी कार्य दिवस में अपनी समस्याएं जनसुनवाई के समय अधिकारियों को बता सक ते हैं। प्रगतिशील किसान राम उजागिर त्रिपाठी, ए डी ओ कृषि नागेन्द्र वर्मा, कृषि रक्षा इकाई के अनिल कुमार, बी टी एम सुरेन्द्र तिवारी, अरुण कुमार, ए टी एम राम मिलन, अंजली सोनी, दिव्या पाल, राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## एक बार फिर पुलिस की कार्यवाही पर उठे सवाल

**आगरा।** पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि आगरा शहर में पुलिस कई बार किसी न किसी मामले को लेकर सुर्खियों में आई है। एक बार फिर पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं। यहां एक पिता अपनी 5 वर्षीय घायल बच्ची को न्याय दिलाने के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन उसे न्याय मिलने की बजाय पुलिस की ओर से राजीनामा के लिए दबाव और धमकी मिल रही है। एक ओर जहां पीड़ित अपनी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस आरोपियों का साथ देती हुई नजर आ रही है।मामला ताजनगरी आगरा के थाना कोतवाली क्षेत्र के फुलट्टी चौकी का है। पीड़ित ने लगभग 10 दिन पहले आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। उसकी बच्ची को पड़ोसी के कुत्ते ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल बच्ची को लेकर पिता इधर-उधर भटक रहा था। और न्याय की गुहार लगा रहा था। लेकिन, पुलिस की ओर से 05 वर्षीय बच्ची के लिए कार्रवाई नहीं की गई इसके बजाय, चौकी प्रभारी पीड़ित को लगातार राजीनामा करने के लिए दबाव बना रहीं है। वायरल हुई ऑडियो में चौकी प्रभारी पीड़ित को धमकाते हुए सुना जा सकता है। कि अगर उसने शिकायत वापस नहीं ली तो उसके खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा लिखवा दिया जाएगा।पीड़ित लगातार थाना और चौकियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है। इस पूरे मामले से क्षेत्रीय लोगों व परिवारीजनों में सनसनी फैला दी है और पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

## मकान गिरने से बालक की मौत कई घायल

**मथुरा।** महानगर के डीग गेट क्षेत्र की नई बस्ती एवं मलिन बस्ती में भरभरा कर गिरे मकान के मलबे में दबकर तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई वहीं कई लोग घायल हो गए। घायलों का हाल-चाल जानने के लिए कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मुकेश धनगर और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि वह मृत बालक के परिजनों को मुआवजा देने के साथ-साथ मकान का निर्माण कराये।महानगर कांग्रेस कमेटी का एक शिष्ट मंडल ने अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय पहुंच कर घायलों का हाल-चाल जाना एवं अस्पताल प्रशासन से उनका समुचित इलाज कर जाने की अपील की। इस संबंध में विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि उपरोक्त स्थल पर पूर्व में जो रेलवे की जमीन खाली करते वक्त बुलडोजर आदि चलाए गए उसमें पूर्व में निर्मित मकानो में दरारें आ गई तथा मकानो की जड़े हिल गई जिसमें ना तो रेलवे प्रशासन ने ना ही जिला प्रशासन ने कोई ध्यान दिया। इस दौरान अबरार कुरैशी जिलानी कादरी विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना संजय सक्सेना भूरा खान पूरन सिंह अनवर फारुकी राजू फारुकी प्रदीप सागर विवेक धनगर अनूप गौतम संतोष श्रीवास्तव दिलीप वर्मा विनय बंसल आशीष अग्रवाल आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाले गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** सदर बाजार पुलिस ने एटीएम से पैसा निकालने आये लोगों को अपने जाल में फंसाकर एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 72 बैंकों के एटीएम कार्ड, स्वैन मशीन, मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस और 5400 रुपए की नगदी तथा एक स्विफ्ट कार बरामद हुयी है।पुलिस लाइन सभागार में इस संबंध में जानकारी देते हुये एसएसपी शैलेष कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार, सदर सीओ प्रवीन कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एटीएम बदलकर ठगी करने वाले चार शातिरों को रामलीला मैदान के पास से पकड़ा गया है। इनमें अक्षय उर्फ विक्की पुत्र दिलबाग बलजीत पुत्र ऋषिपाल निवासीगण शनि बाजार रोड सुलतानपुरी जिला बाहरी दिल्ली, धर्मपाल पुत्र चंद्र निवासी टिटाना थाना इमालका जनपद पानीपत और अनिल पुत्र सूरजभान निवासी इंद्रा कॉलोनी करतारपुरा थाना रोहतक सिटी हरियाणा शामिल हैं। ये लोग सड़क किनोर लगे एटीएम के पास खड़े हो जाते थे और यहां पैसे निकालने आने वाले ऐसे लोगों को निशाना बनाते थे जिन्हें एटीएम की कम जानकारी होती थी। आसपास खड़े चारों लोग पैसा निकालने में मदद करने के बहाने एटीएम पिन आदि की जानकारी करके अपने पास रखे दूसरे हूबहू एटीएम कार्ड उन्हें दे देते और बाद में एटीएम और स्वैप मशीन से पैसे निकाल लेते थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार संजीव कुमार दुबे, उपनिरीक्षक विदित कुमार, अमित कुमार व पुलिसबल शामिल रहा।

## एसी कोच में सफर कर रहा फर्जी रेलवे अधिकारी चढ़ा हत्थे

**मथुरा।** खुद को रेलवे का अधिकारी बताकर ट्रेनों में सफर करने वाले एक जालसाज को चैकिंग के दौरान पकड़ लिया गया। इसे जीआरपी के हवाले किया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया कि यह लंबे समय से खुद को अधिकारी बताकर इस तरह ट्रेनों के एसी कोच में यात्रा कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज एक्सप्रेस में टीटीई पुलिस बल के साथ चैकिंग कर रहे थे। मथुरा से गुजरते समय जब टीम एक यात्री के पास पहुंची और टिकट दिखाने को कहा किउसने खुद को स्टाफ बताया। इस पर जब उससे जानकारी मांगी गयी तो वह अधिकारी होने का रूआब दिखते हुये हावी होने लगा। इस पर जब टीटीई को शक हुआ तो उन्होने पुलिस स्कवाय को बुला लिया और उससे पूछताछ की। कुछ देर बाद ही वह सकपका गया और इधर-उधर से बचने के प्रयास में लगने लगा। टीम का शक और गहरा गया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया फर्जी रेलवे अधिकारी रामगोपाल पुत्र सोनीलाल है जो भोलानगर मंगलपुर कानपुर देहात का रहने वाला है। इसे जीआरपी मथुरा के सुपुर्द किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह फर्जी अधिकारी है। जो फर्जी प्रमाण पत्र पर ट्रेन के एसी कोच में मुफ्त सफर का मजा ले रहा था। इसने कई फर्जी आईकार्ड भी बनवा रखे थे। इसके अलावा कई और भी कागजातों को यह अपने पास रखता था। इस संबंध में जीआरपी इंस्पेक्टर समय बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर इसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## कार में मिला सीमेंट कारोबारी का शव

**मथुरा।** महावन क्षेत्र में निमाणार्धीन हाईवे के पास रविवार देरशाम बंद गाड़ी से मिला शव हाईवे क्षेत्र का रहने वाला सीमेंट कारोबारी था। परिजनों का कहना है कि मृतक लेनदेन के सिलसिले में पैसे लेने गया था। उसकी हत्या की गयी है। विदित रहे कि थाना हाईवे की द्वारिका धाम कालोनी निवासी जितेंद्र पुत्र नाहर सिंह सीमेंट का कारोबार करता था। रविवार की शाम मृतक कारोबारी बकाया पैसे का तगादा करने गया था। उसका शव महावन क्षेत्र के गांव जिकिरियापुर के पास निमाणार्धीन जयपुर-बरेली हाईवे पर उनकी सैलेरियो गाड़ी में मिला। मृतक के गले पर चोट के निशान थे जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या गला दबाकर की गयी है। शव कार के पीछे की सीट पर पड़ा हुआ था।

## नई बस्ती में मकान पर गिरी पड़ोसी की दीवार, मासूम की मौत, चार घायल



**मथुरा।** थाना गोविन्द नगर क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती में बीती रात एक मकान की दीवार पड़ोसी के घर पर आ गिरी जिससे एक मकान धराशायी हो गया और उसके मलबे में दबकर एक मासूम बालिका की मौत हो गयी। इस हादसे में चार लोग घायल हुये हैं जिनका उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया है।गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रेलवे लाइन के सहारे नई बस्ती में रहने वाले जफर पुत्र चुन्नी के मकान की दीवार रात्रि करीब ढाई बजे पड़ोसी आस मौहम्मद के मकान पर पड़ौसी की दीवार गिर गयी जिससे मकान तेज आवाज के साथ धराशायी हो मलबे में आस मौहम्मद (38 वर्ष), उसकी रूखसाना (35 वर्ष), बेटी आयसा (6 वर्ष), सुमायरा (ढाई वर्ष), सोनू (8 वर्ष) दब गये। चीखने- चिल्लाने की आवाजें सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी और मलबे से घायलों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किये गये। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। स्थानीय लोगों के सहयोग से मलबे में दबे परिवार के सदस्यों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचवाया। यहां चिकित्सकों ने ढाई वर्ष मासूम सुमायरा को मृत घोषित कर दिया। बाकी परिजनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल आस मोहम्मद ने बताया-भाभी और मेरी बेटी घर में सो रहे थे जबकि हम लोग बाहर सो रहे थे। रात में टीले पर बना मकान गिर गया। इसी मलबे में बेटी दब गई। प्रशासन इस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद श्रीराधा जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम एसएसपी ने की बैठक



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद राधा जन्मोत्सव के लिए जिला प्रशासन ने सकुशल मेला सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली।10 से 11 सितंबर की सुबह 5 बजे बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर में राधा रानी का जन्मोत्सव धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए जिलाधिमारी शैलेश कुमार सिंह व एसएसपी शैलेंद्र कुमार ने तैयारियों का खाका खींचा, जिसमे राधा रानी के जन्मोत्सव के अभिषेक दर्शन एक घंटे कराने व 11 सितंबर की सुबह चार बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। समूचे मेला क्षेत्र को 7 जोन 16 सेक्टर में विभाजित किया गया। सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर की पुरानी सीढ़ियों से कराया जाएगा। मंदिर जाने वाले बुजुर्गों के लिए विकल्प रास्ता बनाया जाएगा। मेला क्षेत्र में 48 पार्किंग स्थल व , 86 बैरियर लगाए जाएंगे। वहीं समूचे मेला क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे की नजर रखने के लिए 52 स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जिसमे 29 स्थानों पर अस्थायी व 23 स्थानों पर स्थायी कैमरे लगाए जा रहे हैं। परिक्रमा देने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए समूचे ब्रह्मन्चल पहाड़ी की परिक्रमा देने के बाद राधा रानी गेट से पुनः प्रवेश करना होगा। अधिशासी अधिकारी बरसाना को निर्देश दिए कि रोप वे वाली सीढ़ियों पर लाइटिंग की व्यवस्था करें, जर्जर मकानों को नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सीओ गोवर्धन को निर्देश दिए कि सभी भंडारे रोड से हटकर लगें, रोड पर कोई भी भंडारा न लगे ये सुनिश्चित किया जाए। परिक्रमार्थी को बाहरी रास्ते पर न आने दिया जाए, पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाएं।

# पुलिस चौकी के आसपास किया अतिक्रमण

**आगरा।** टेडी बगिया क्षेत्र का नजारा देखा जाए तो साफ तौर पर दिखाई देगा की किस प्रकार खेल ढकेल और खोखे वालों ने अतिक्रमण कर रखा है ऐसा लगता है देखने से जितना जाने कितने वर्षों से इन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है यह कोई टेलीविजन के किसी एक कोने की बात नहीं पूरे चौराहे पर यही हालत है कहीं ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं अगर टेड़ी बगिया पुलिस चौकी के आसपास ही नजर डालें नगर निगम अधिकारी तो साफ दिखाई देगा की किस प्रकार अतिक्रम कर रखा है।

ऐसा नहीं है कि पिछले समय में टेढ़ी बगिया चौराहे पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान ना चला हो और कार्रवाई न हुई हो लेकिन न जाने क्यों नगर निगम अधिकारियों की नजर



पुलिस चौकी के आसपास क्यों नहीं पड़ी जहां 1 2 4 नहीं बहुत सारे धोखे लगे हुए हैं से लेकर बक्से मोटरसाइकिल चाय की दुकान तक शामिल है ऐसा दोहरा व्यवहार नगर निगम अधिकारियों में न जाने क्यों किया जो अभी तक पुलिस चौकी के आसपास के दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे भी है क्या नगर निगम अधिकारी जानबूझकर इन धोखे वालों पर नजर नहीं दौड़ते या फिर महाबली बाबा इनके आगे नत मस्तक हो जाते हैं। यही कारण है कि आए दिन हादसे होते रहते हैं सूत्रों के अनुसार जानकारी में पता चला है कि पुलिस चौकी के सामने अवैध अतिक्रमण कर रखा है जब इसका विरोध कुछ दुकानदारों ने किया तो फिर खोखे वाले ने दबंगई दिखा दी। अभद्र भाषा एवं गंदी-गंदी गालिया भी दी सूत्रों ने यह भी बताया ई रिक्शा में बैठकर एक गर्भवती महिला आ रही थी लेकिन एक खेल जैसी बने धोखे के कारण ई रिक्शा पलट गया जिससे लोग बागों में वहां पहुंचकर ई रिक्शा को सीधा किया । भगवान का शुक्र है कि महिला को कोई हानि नहीं हुई बेचारी महिला क्या करती चुपचाप ही वहां से जाना पड़ा अब देखना होगा कि नगर निगम के उच्च अधिकारियों की नजर कब तक इस अतिक्रमण पर पड़ेगी और क्या कार्रवाई होगी क्या इस बार अतिक्रमण अभियान एक समान चलेगा या फिर पहले की तरह दोहरा व्यवहार भी देखने को मिलेगा।

## मां के हाथ गिरा मासूम, मौत

मथुरा। थाना हाइवे क्षेत्र अंतर्गत एक स्कूटी सवार ने दोपहर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे मां के हाथ से उछलकर एक वर्ष का मासूम सड़क पर जा गिरा। कुछ ही पल में उसकी सांसें रुक गईं। घटना के बाद परिजन ने हंगामा करते हुए हाईवे पर जाम लगा दिया।

आरोप लगाया कि स्कूटी को पुलिसकर्मी चला रहा था। पुलिस ने मामले की जांच व मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खुलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।हाईवे थाना क्षेत्र अनुसार राधापुरम कॉलोनी के मोड़ के पास पीछे से आए तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे बेटा कृष्णा गोद से उछलकर सड़क पर जा गिरा।

# पत्रकारों के मान सम्मान, सुरक्षा, को लेकर डीजीपी का आदेश हवा हवाई

जिला संवाददाता(vol)

**आगरा।** पत्रकारों द्वारा सच छापने पर झूठा मुकदमा या फिर किसी साजिश के तहत झूठे केस में फंसा कर जेल भेजना पत्रकारों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाना इन सबको देखते हुए वर्ष 2017 से अब तक डीजीपी के द्वारा लिखे गए पत्रों को प्रदेश भर के पुलिस कप्तानों ने रद्दी की टोकरी में डाला

प्रदेश भर में पत्रकारों को झूठे मुकदमे में भेजा जा रहा जेल, 80 फीसदी जिलों के एसएसपी नही उठाते पत्रकारों के फोन सच्चाई छापी तो अपराधियो से मिलकर पुलिस पत्रकारों के विरुद्ध लिखती है झूठे मुकदमे, भेज देती है जेल डीजीपी कार्यालय से पत्र जारी होने के बाद आज तक किसी भी जिले में नही की गई पत्रकारों की कोई मीटिंग हाल ही में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक



प्रशांत कुमार ने पत्रकारों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए एक पत्र जारी किया है जिसमें उन्होंने सभी महानगरों के पुलिस कमिश्नर व जिलों के एसएसपी को पत्रकारों के मान सम्मान व सुरक्षा का आदेश दिया है।

उस पत्र में डीजीपी कार्यालय द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्रों का हवाला भी दिया है। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के राज्य प्रभारी/ प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार ने डीजीपी के उक्त आदेश को हवा हवाई बताया है उन्होंने साफ-साफ कहा है उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में डीजीपी के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है पूर्व में भी इस तरह के डीजीपी कार्यालय द्वारा कई पत्र जारी किए गए जिन्हें उनके अधीनस्थ अधिकारियों ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया प्रदेश भर में सैकड़ो पत्रकारों पर झूठे फर्जी मुकदमे लगाए गए और उनके परिजनों को उनके साथियों तक को नहीं बक्शा गया जो आज तक मुकदमों से लड़ रहे हैं। डीजीपी कार्यालय से पत्र जारी होने के बाद किसी जिले में पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों की कोई मीटिंग नहीं ली। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह ने इटावा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कि एल० आर० कुमार पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश द्वारा डीजीपी के निर्देश पर एक पत्र जारी किया गया जिसमें उन्होंने सभी महानगरों के पुलिस कमिश्नर व जिले के पुलिस कप्तानों को पत्रकारों की सुरक्षा के संबंध में पत्र लिखा है जिसमें पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिले में एक सक्षम अधिकारी पृथक से नामित है अथवा नहीं, पत्रकारों के जीवन भय के दृष्टिगत समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनसे शिष्ट व्यवहार किया जा रहा है अथवा नहीं, पत्रकारों व उनके पारिवारिक जनों के विरुद्ध मिथ्या तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत तो नहीं किया जा रहे आदि बिंदुओं पर प्रदेश भर के पुलिस कमिश्नर व पुलिस कप्तान से जवाब मांगा है।

इस जवाब को दो दिन में विभाग की ईमेल पर भेजने का निर्देश दिया गया था इस संबंध में किसी भी जिले में पुलिस कमिश्नर व एसएसपी ने ना ही पत्रकारों की मीटिंग बुलाई और ना ही किसी पत्रकार संगठन के अध्यक्ष सदस्यों से उनकी समस्या सुरक्षा के संबंध में कोई जानकारी हासिल की बल्कि फर्जी तरीके से डीजीपी के पत्र का जवाब देकर आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया उन्होंने कहा कि वर्ष 2017, 2018, 2019, में भी डीजीपी कार्यालय द्वारा पत्रकारों की सुरक्षा सम्मान व फर्जी मुकदमे से संबंधित पत्र लिखे गए थे और सख्त निर्देश दिए गए थे लेकिन उन पत्रों के बाद भी जिले के पुलिस कप्तानों ने कोई मीटिंग नही ली और न ही पत्रकारों के ऊपर दर्ज मुकदमे पर कोई ध्यान दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने डीजीपी प्रशांत कुमार को इस सम्बन्ध में एक पत्र भी लिखा है उन्होंने कहा कि पत्र जारी होने के बाद जब तक प्रदेश भर के जिलों के पुलिस कप्तान पत्रकारों की मीटिंग नही लेंगे तब तक ऐसे आदेशों को जारी करने से कोई फायदा नही है।

मुकदमे लिखकर जेल भेजा गया। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक जनपद में पत्रकारों की सुनबाई के लिए एक राजपत्रित अधिकारी नामित किया जाए जो पत्रकारों के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पर निष्पक्ष जांच करें उसके बाद अगर पत्रकार दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

## यमुना निगरानी समिति की बैठक संपन्न



**फिरोजाबाद।** जनआधार कल्याण समिति के समन्वय से उप जिलाधिकारी सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस कृति राज की अध्यक्षता और पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति में यमुना निगरानी समिति सदस्यों एवं वॉलिंटियरों की एक बैठक का आयोजन तहसील सदर सभागार कक्ष में किया गया। जिसमें उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर रिट याचिका संख्या 4003/2006, रिट गंगा पॉल्यूशन बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में पारित आदेश के अनुपालन एवं गणेश चतुर्दशी से अनंत चौदस तक मनाए जाने वाले धार्मिक आस्थाओं के पर्व गणेशोत्सव को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने और प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान यमुना नदी में होने वाले प्रदूषण व मानव क्षति को रोकने हेतु चर्चा की गई। यमुना निगरानी समिति की बैठक में मुख्य रूप से पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग नगर निगम खंड विकास एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों सहित जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा रेडक्रॉस सोसायटी से रक्तवीर अमित गुप्ता चर्चित फाउंडेशन से कश्मीर सिंह सेवा पथ जन कल्याण समिति से गौरव दत्त बंसल श्री दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र चंद्रबाड से योगेन्द्र प्रकाश जैन जन कल्याण विकास समिति से कृष्ण मोहन चक्रवर्ती, पवन चक्रवर्ती, कोमल फाउंडेशन से अश्विनी कुमार राजौरिया व आदर्श विकास संस्थान से राजेश दुबे, ऋषभ शर्मा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या से सम्बन्धित एक वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।सोमवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लांघी खुर्द थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को लांघी खुर्द मोड़ से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्यवाही की है।

## एनसीसी कैंप में कई प्रतियोगिता का आयोजन

**टूंडला।** राम सिंह कॉलेज नगला सिकन्दर में एनसीसी केम्प के आयोजन के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे सभी कैडिटो को हथियारों को खोलने व जोड़ने की जानकारी दी गयीं और मैच रीडिंग युग ऑफ बार आगोजन भी हुआ जिसर्ग सभी कैडिटो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान कैंप कमाण्डर कर्नल के के सिंह, सुवेदार मेजर शरद सिंह ए.एन. ओ.कैप्टन आजाद अहमद,कैप्टन मनोज कुमार, लैफ्टेडेंट विमलेश सिंह, लैफ्टीडेंट के. पी०सिंह, तृतीय अफसर प्रवीन पाठक और रामसिह कॉलेज सी०टी०ओ०, सी०पी०सिंह एवम्समस्त बी०आई.स्टाफ मौजूद रहा।

## पोषण रैली का आयोजन




**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय पोषण माह के अर्न्तगत मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन से पोषण रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा विकास भवन परिसर में रंगोली कार्यक्रम एवं पोष्टिक आहार से सुशोभित कलाकृति प्रस्तुत की। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने राष्ट्रीय पोषण माह के अर्न्तगत विकास भवन कैम्पस में सहजन का पौधा रोपित किया तथा राष्ट्रीय पोषण माहव्रथ को हरी झण्डी को दिखाकर गांव-गांव एवं शहर-शहर में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया। सीडीओ ने अपने उदबोधन में कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम योजना है।इस अभियान को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करते हुये ग्राम एवं शहरी क्षेत्र में इस कार्यक्रम योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचा कर उक्त योजना से आच्छादित करें। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस पोषण रैली मे विभाग से केसरी नन्दन तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष चन्द, उपायुक्त मनरेगा एवं अरविन्द कुमार, सी0डी0पी0ओ0 टूण्डला अम्बुज यादव, सी0डी0पी0ओ0 शहर- द्वितीय, कृष्ण पाल सिंह, सी0डी0पी0ओ0, शिकोहाबाद सहित जनपद की समस्त मुख्यसेविकाऐ तथा विभिन्न परियोजनाओं की लगभग 250 आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## आर डी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला आर डी पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं निदेशक दिलीप जादौन के संयोजन में सम्पन्न हुई। विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। दिलीप जादौन ने सभी शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं। कार्यशाला का सफल संचालन प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती सिंह ने किया। इस अवसर पर आकाश सिंह, रतिभान सिंह, सपना सिंह,विनीता सिंह, रीता पाल, कीर्ति यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सूर ताल से कलाकारों ने सभी ऑडियंस का दिल जीता

**आगरा।** सांस्कृतिक संगठन सुर ताल संगम के 13वें वार्षिक उत्सव पर पदम श्री भजन गायक अनूप जलोटा ने संत गाडगे जी महाराज सभागार, संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी ने अपनी अपनी कलाएं दिखाएं दृश्य बड़ा ही सुंदर सुशोभित दिखाई दे रहा था सभी ने अपनी अपनी कला के अनुसार किसी ने भजन से संगीत में पूरा हाल किया कलाकारों ने अपनी कला से सभी ऑडियंस का दिल जीत लिया और पूरा हॉल तालिया की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही थी। मास्टर स्वरित अग्रवाल पुत्र डॉ. सुजाता अग्रवाल ने जब राम बसे मन में भजन प्रस्तुत किया। के पुत्र मास्टर स्वरित अग्रवाल ने जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने सुर ताल संगम से नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह जीते।

संक्षेप

## टोयोटा ने की 30,879 गाड़ियों की थोक बिक्री

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अगस्त 2024 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 30,879 गाड़ियों की थोक बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में महीने-के मुकाबले- महीने की 35 फीसद वृद्धि दर्शाता है। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में यह ब्रांड की मजबूत उपस्थिति को और सुदृढ़ करता है। अगस्त 2023 में, टीकेएम ने 22,910 गाड़ियां बेची थीं। टीकेएम ने अगस्त 2024 में देश भर में 28,589 गाड़ियों की बिक्री की जबकि 2290 गाड़ियों का निर्यात किया। यह भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले वाहन देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दिखाता है। इसके अलावा, कैलेंडर वर्ष (सीवाई) के पहले आठ महीनों का प्रदर्शन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 45 फीसद की वृद्धि के साथ उम्मीदों से बेहतर रहा है।

## लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज की गयी अद्भुत उपलब्धियां

नई दिल्ली। भारत ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया है, ऐसे में हमने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के साथ उन असाधारण उपलब्धियों पर रौशनी डाली है जोकि भारत की खेल परंपरा को परिभाषित करते हैं। एक ऐसे राष्ट्र के रूप में, जो हर जीत का जश्न एक उत्सव की तरह मनाता है, हम अपने खिलाड़ियों के उस वैभव को प्रदर्शित कर रहे हैं जिन्होंने धीरे-धीरे आगे बढ़कर एक दिन इतिहास रच दिया। नए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से लेकर पीढ़ियों को प्रेरित करने तक, भारतीय खिलाड़ियों ने भारत की पहली रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने के लिए उत्कृष्टता की सीमाओं को लांघा है। यह लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का 33वां संस्करण है। यह इन बेहतरीन उपलब्धियों का जश्न मनाती है, खेलों को लेकर हमारे देश के जुनून की भावना को कैद करती है।

## निप्पॉन पेंट ने प्रदर्शित किये अनूठे पेंट सॉल्यूशंस

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट ने बेंगलूरू में 29 से 31 अगस्त के बीच संपन्न भारत के मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट शो प्रवास 2024 में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का चौथा संस्करण बस एंड कार ऑपरेटर्स कनफेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं, 200 अग्रणी प्रदर्शकों और 10,000 कारोबारी आगंतुकों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान, निप्पॉन पेंट ने विशेष रूप से वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए डिजाइन किए अनूठे पेंट सॉल्यूशंस की व्यापक रेंज प्रदर्शित की। इनमें उत्सर्जन, हीट और धूल घटाने के साथ ही उत्पादकता को महत्तम स्तर पर ले जाने के लिए फंक्शनल कोटिंग शामिल था जिसमें कुछ पेटेंटशुदा उत्पादों की रेंज भी शामिल थी।

## अमेजन.इन का होम शॉपिंग स्प्री बोनान्जा 8 तक चलेगा

बेंगलुरु। अमेजन.इन के अमेजन.इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ त्योहारों के लिए अपने घर को बिल्कुल नए ढंग से तैयार करें। आप यहां होम, किचन और आउटडोर से जुड़े उत्पादों की विशाल रेंज पर आकर्षक डील प्राप्त कर सकते हैं। 4 से 8 सितंबर तक डैश, बोरोसिल, फिलिप्स, क्यूबो, स्कॉच-ब्राइट, स्ट्रॉस और ऐसे कई अन्य टॉप ब्रांड के शानदार ऑफर का लाभ उठाएं। हम आने वाले त्योहारी सीजन की तैयारी के साथ, देश भर के अपने ब्रांड भागीदारों, विक्रेताओं की सेवा करने और ग्राहकों को ढेर सारी खुशियां देने के बारे में सोचकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह त्योहारी सीजन भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा शॉपिंग इवेंट साबित होगा।

## कैम्पेन बैंकिंग जैसे मेरी मर्जी उज्जीवन मेक्स इट ईजी ईजी लॉन्च

बैंगलोर। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन) ने अपने नए ब्रांड कैंपेन 'बैंकिंग जैसे मेरी मर्जी, उज्जीवन मेक्स इट ईजी-ईजी (जैसे आप चाहें बैंकिंग करें, उज्जीवन इसे आसान बनाता है)' के लॉन्च की घोषणा की है। यह कैंपेन बैंक की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें ग्राहकों को उनकी सुविधा के अनुसार, सुरक्षित और बिना किसी झंझट के बैंकिंग करने की आजादी दी जाती है। इस कैंपेन का दिलचस्प जिंगल बैंकिंग जैसे मेरी मर्जी, उज्जीवन मेक्स इट ईजी ईजी यह दिखाता है कि उज्जीवन के साथ बैंकिंग करना कितना आसान और सुविधाजनक है। यह समय और मेहनत बचाता है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि उज्जीवन के फिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बैंकिंग आसान और मजेदार है।

# सेंसेक्स-निफ्टी नये रिकॉर्ड पर



मुंबई। विदेशी कोषों के प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। मानक सूचकांक सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार 10वें सत्र में बढ़कर नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 194.07 अंक यानी 0.24 प्रतिशत उछलकर 82,559.84 अंक के नए मुकाम को हासिल किया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 359.51 अंक बढ़कर 82,725.28 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.80 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,278.70 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 25,333.65 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। इस तरह निफ्टी लगातार 13वें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, एनएसई निफ्टी की वर्ष 1996 में शुरुआत होने के बाद से लगातार तेजी का यह सबसे लंबा दौर है। रिकॉर्डतोड़ तेजी के इस दौर में सेंसेक्स कुल 2,135.16 अंक यानी 2.65 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी ने करीब ।,140 अंक यानी 4.72 प्रतिशत की छलांग लगाई है। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने और घरेलू स्तर पर विदेशी पूंजी के प्रवाह से शेयर बाजारों में तेजी का दौर देखा जा रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, ईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस सर्वाधिक बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी ने लगातार 13वें सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा जो पिछले कई दशक का सबसे लंबा दौर है। हालांकि, व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.47 प्रतिशत और मिडकैप में 0.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में नुकसान रहा।

# बाड़मेर के पास वायु सेना का विमान क्रैश

## पायलट की सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा, बचाई अपनी भी जान

एजेंसी



राजस्थान। बाड़मेर जिले के उतरलाई एयरबेस के पास सोमवार देर शाम एक बड़ा हादसा होने से बच गया। जब एक मिग-29 फाइटर प्लेन मनानियों की ढाणी के पास क्रैश हो गया। हादसे में पायलट ने सुझबूझ का परिचय देते हुए प्लेन को आबादी क्षेत्र से दूर रेत के टीलों की तरफ ले गया। हादसे के दौरान पायलट ने समय रहते पैराशूट की मदद से प्लेन से कूदकर अपनी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि जब फाइटर प्लेन नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन पर था। प्लेन में अचानक गंभीर तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते पायलट को आपात स्थिति में विमान से बाहर निकलना पड़ा। प्लेन के क्रैश होते ही आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और वायुसेना अधिकारियों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर बाड़मेर के जिला कलेक्टर निशांत जैन और एसपी नरेंद्र सिंह मीणा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत कर घटना के बारे में जानकारी ली। भारतीय वायुसेना ने भी पर इस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बाड़मेर सेक्टर में हो रहे नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान मिग-29 में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई थी। वायुसेना ने यह भी पुष्टि की कि पायलट पूरी तरह सुरक्षित है और इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं, जो इस हादसे के कारणों की जांच करेगी। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल जरूर था, लेकिन पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और कोई भी हताहत नहीं हुआ। यह घटना एक बार फिर से वायुसेना की तत्परता और पायलटों की दक्षता को उजागर करती है।

# रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। निराशाजनक घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों, जिसमें दोनों बेंचमार्क सूचकांकों ने अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ और विदेशी कोषों प्रवाह ने रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। इसके अलावा, विदेशी बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी ने रुपये को समर्थन दिया और आगे की गिरावट को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.87 प्रति डॉलर पर नीचे खुला और दिन में कारोबार के दौरान यह 83.85 प्रति डॉलर के दिन के उच्चस्तर को छू गया और बाद में 83.93 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 83.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से सात पैसे की गिरावट है। अमेरिकी डॉलर में सकारात्मक रुख और निराशाजनक वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोमवार को भारतीय रुपये में सात पैसे की गिरावट आई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में कहा गया कि अगस्त में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में नरमी आई, क्योंकि उत्पादन और बिक्री जनवरी के बाद से सबसे कम दर से बढ़ी है।

# वैकल्पिक ईंधन वाले वाहन पर जीएसटी घटाने पर हो विचार: गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राज्य के वित्त मंत्रियों को फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर 12 प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए।

फ्लेक्स फ्यूल वाले वाहन से आशय ऐसी गाड़ियों से हैं जो एक से अधिक ईंधन पर चलती हैं। सामान्य तौर पर ये वाहन पेट्रोल के अलावा एथनॉल या मेथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर भी चलते हैं। गडकरी ने आईएफजीई के इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कच्चे तेल के आयात को कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों से समर्थन की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मुझे आश्वस्त किया है कि वह इस बारे में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों से बातचीत करेंगी। गडकरी ने कहा कि मैंने महाराष्ट्र के वित्त मंत्री से बैठक में भाग लेने और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन कारों पर जीएसटी में कटौती का प्रस्ताव रखने को कहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर कर कम करने पर विचार करने का अनुरोध किया था। महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजित पवार के साथ एक अलग बैठक में, गडकरी ने उन्हें इस मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ जीएसटी बैठक में भाग लेने का सुझाव दिया। वर्तमान में, हाइब्रिड सहित पेट्रोल इंजन वाले वाहनों पर 28 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। गडकरी ने यह भी कहा कि देश हर साल 22 लाख करोड़ रुपये तक का जीवाश्म ईंधन (कोयला, कच्चा तेल) आयात करता है और यह न केवल वायु प्रदूषण से जुड़ी समस्या है बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है। मंत्री के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और जैव ईंधन को प्रोत्साहित करने के कारण सबसे ज्यादा लाभ कृषि क्षेत्र को होगा। आज जैव-ईंधन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। गडकरी के मुताबिक, देश में जैव ईंधन की लागत कम है और यह प्रदूषण भी नहीं फैलाता है। इसीलिए यह आम आदमी के लिए भी फायदेमंद होने वाला है। मंत्री ने कहा कि वाहन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उद्योग है। उन्होंने कहा, यह...उद्योग अबतक 4.5 करोड़ नौकरियां सृजित कर चुका है। यह वह उद्योग है, जो राज्य और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी दे रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि हीरो और बजाज जैसी दोपहिया वाहन विनिर्माता भारत में बनने वाली 50 प्रतिशत बाइक का निर्यात करते हैं।

## निसान मैग्नाइट ने किया 1.5 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने अगस्त में निसान मैग्नाइट की 1.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार हो जाने का एलान किया है। निसान मैग्नाइट को दिसंबर 2020 में लॉन्च किया गया था। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अगस्त 2024 में कुल 10,624 कारों की बिक्री की, जिसमें से 8,361 कारों का निर्यात किया गया और 2,263 कारें घरेलू बाजार में बेची गईं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में यह निसान की ओर से अब तक का सर्वाधिक मासिक बिक्री का आंकड़ा है। उद्योग जगत से जुड़ी कई चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने यह आंकड़ा पार किया है। इतना ही नहीं, निसान मोटर इंडिया ने पांच साल का सर्वाधिक मासिक निर्यात का आंकड़ा भी पार किया है। यह कंपनी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

# सोना 250 और चांदी 1,700 रुपये गिरी



नयी दिल्ली। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों के कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये लुढ़ककर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में गिरावट का कारण स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग को बताया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कमजोर डॉलर और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण सोने की कीमतें 2,564 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। इसके अलावा मजबूत उपभोक्ता खर्च, मुद्रास्फीति में कमी और अमेरिका में बेहतर जीडीपी वृद्धि ने फेडरल रिजर्व द्वारा अधिक आक्रामक ढील की उम्मीदों को कम कर दिया है। एशियाई कारोबारी घंटों में, चांदी की कीमतें 0.52 प्रतिशत गिरकर 28.99 डॉलर प्रति औंस रह गईं।

## खाद्य तेल के बारे में किया गया जागरूक

नई दिल्ली। बात अगर स्वास्थ्यवर्धक भोजन की की जाए तो ये आपके और आपके दिल के लिए काफी अच्छा है। हालांकि जब भी स्वस्थ भोजन के बारे में चर्चा होती है तो इसके सबसे महत्वपूर्ण पहलू यानि कि खाना पकाने के तेल की बात की अक्सर अनदेखी हो जाती है। सबसे पहले आपको खाना पकाने के तेल जैसे बहु-स्रोत खाद्य तेल के चुनने पर ध्यान देना होगा जो सबसे पहले बदलाव में से एक होना चाहिए। आप सही प्रकार के तेल के चुनाव के लिए निर्णय ले सकते है जिससे अधिकतम लाभ मिल सकते हैं। इस बारे में कायदे से समझने के लिए सबसे पहले आपको यह जानना होगा कि किस प्रकार का खाद्य तेल आपके लिए अच्छा और बुरा है। सफोला गोल्ड एक बहु-स्रोत खाद्य तेल है।

# अगस्त माह में धीमी रही विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर

नयी दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में धीमी रही क्योंकि उत्पादन व बिक्री जनवरी के बाद से सबसे कम दर से बढ़ी, जबकि प्रतिस्पर्धी दबाव तथा मुद्रास्फीति की चिंताओं ने कारोबारी विश्वास को प्रभावित किया।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में 57.5 रहा, जो जुलाई में 58.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार जारी रहा, हालांकि विस्तार की गति थोड़ी धीमी रही। नए ठेकों और उत्पादन में मुख्य रुझान देखने को मिला, हालांकि कुछ कारोबारियों ने मंदी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को एक मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में नए कारोबार में तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन विस्तार की गति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसी तरह, नए निर्यात ऑर्डर 2024 कैलेंडर वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े। कीमतों के मोर्चे पर, वस्तु उत्पादकों को अगस्त के दौरान लागत दबाव में कमी से लाभ हुआ। सर्वेक्षण के अनुसार, कारोबारी आत्मविश्वास में कमी आई है जो अप्रैल 2023 के बाद से सबसे कम निचले स्तर पर है। प्रतिस्पर्धी दबावों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण अगस्त में वर्ष के लिए कारोबारी दृष्टिकोण में थोड़ी नरमी आई है। इस बीच, शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि अप्रैल-जून 2024-25 में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। यह 15 महीने में सबसे कम है। इसकी मुख्य वजह कृषि व सेवा क्षेत्र का खराब प्रदर्शन रहा। अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.2 प्रतिशत बढ़ा। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## पेज एक का शेष

### आप विधायक

उन्हें 10 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। एजेंसी ने कहा कि खान का मामले के अन्य आरोपियों और साक्ष्यों से आमना-सामना कराने की आवश्यकता है।

खान की ओर से पेश वकील ने मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी। एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के ओखला इलाके में खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद आज सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। ईडी ने अदालत को बताया कि तलाशी के दौरान खान से कुछ सवाल पूछे गए, लेकिन वह जवाब देने से बचते रहे और इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। ईडी ने कहा कि खान इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी हैं। संघीय एजेंसी ने अदालत को बताया अपराध की आय का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने के लिए किया गया है और धन शोधन किया गया है। नकदी का भी इस्तेमाल किया गया है। एजेंसी को गुमराह करने की कोशिश की गई।

### कानून-व्यवस्था

के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। उन्होंने कहा किसी भी प्रदेश में सुशासन की नींव अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था की स्थापना से ही मजबूत होती है। यह तभी संभव हो सकता है जब प्रदेश में जवाब देह व्यवस्था और व्यावसायिक रूप से दक्ष संवेदनशील पुलिस बल हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा दी है जो सख्त हो लेकिन उतनी ही संवेदनशील भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस को आधुनिक तथा गतिशील, अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क तथा जवाबदेह, तकनीक जानकार और दयालु होना चाहिए। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि जांच और सजा के पुराने तरीकों से आगे बढ़कर आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों और सबूतों का इस्तेमाल न केवल न्याय की दृष्टि से बेहतर है, बल्कि जांच में लगने वाले अनावश्यक खर्च और श्रम को कम करने में भी सहायक है।

आदित्यनाथ ने कहा दक्ष पुलिस व्यवस्था की वजह से ही पिछले सात वर्षों के दौरान प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज यही उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में देखा जा रहा है इसमें एक बड़ी भूमिका उत्तर प्रदेश के हमारे बहादुर के जवानों की सेवा की है। आज रूल ऑफ लॉ के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपने बारे में दुनिया के दृष्टिकोण को बदलने में कामयाबी हासिल की है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पुलिस उपाधीक्षकों से मुखातिब होते हुए कहा आपसे हम इस बात की अपेक्षा करते हैं कि आम जनता की सुरक्षा, समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने और एक मित्र पुलिस की छवि को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आप अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।

### 57 हजार ग्राम

की अपेक्षा के अनुसार प्रदेश में एक हजार फुटबॉल के खेल के मैदान भी विकसित किए जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री कप के तहत केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित मोहन बागान और ईस्ट बंगाल फुटबॉल मैच से पहले कही। वह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि फुटबॉल संघ ने सभी जनपद और 18 मंडल में एक-एक स्टेडियम फुटबॉल के लिए समर्पित करने की अपेक्षा की है। हम उन्हें बता दें कि सरकार भी यह चाहती है ताकि खेल और खेलकूद की गतिविधियां आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि हमेशा खेल जगत में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद और हॉकी के मशहूर खिलाड़ी केडी सिंह बाबू उत्तर प्रदेश की ही माटी के सपूत थे। इस स्टेडियम का नाम भी केडी सिंह बाबू के नाम पर ही रखा गया है। यही नहीं उत्तर प्रदेश ने फुटबॉल की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप आदि में पदक जीतने वाले 500 से अधिक खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से अलग-अलग सेवा में सरकारी नौकरी दे चुकी है। सरकार इसे आगे भी जारी रखेगी। सीएम योगी ने कहा कि पेरिस के ओलंपिक में उत्तर प्रदेश के भारतीय हॉकी टीम के दो खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसमें एक भारतीय हॉकी टीम के सदस्य हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय को पिछले वर्ष ही यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी के पद पर तैनाती दे चुके हैं। वहीं अब हॉकी खिलाड़ी राज कुमार पाल को भी यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी के पद पर सीधी तैनाती देने जा रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री गिरीश यादव, भारतीय फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, उत्तर प्रदेश क्रीड़ा भारतीय के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य मोहसिन रजा, यूपी खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 26 डॉक्टरों की

एवं डॉ. सुरभि गुप्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिल्लौन्सा, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एसमान किशनी, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. राजकुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कालपी, जालौन के चिकित्साधिकारी डा. यासमून अख्तर सिद्दिकी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. प्रवीन आनंद, डॉ. नेहा सिन्हा, डॉ. ज्योत्सा ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी, ललितपुर के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. शुभांशु शिवहरे, डॉ. विवेक कुमार गौतम, डॉ. मोहम्मद हासिम, मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. पूजा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती के अधीन चिकित्साधिकारी डॉ. आमोद कुमार सरोज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुसमुरा, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद सलीम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जगतपुर, रायबरेली के चिकित्साधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मटका, रायबरेली के चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका सोनी, मुख्य चिकित्साधिकारी, रायबरेली के अधीन चिकित्साधिकारी डॉ. शुभेंद्र कुमार मौर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी, मथुरा के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. त्रिशाला भदकारिया (पैथॉलोजिस्ट), डॉ. अभय गर्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरसागंज, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आनंदपुर जारखी, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज कुमार गौतम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खैरगढ़, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बछगांव कोटला, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. हिमांशी सागर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद के अधीन डॉ. सृष्टि सिंह शामिल हैं।

### कृषि क्षेत्र

उनके उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इस योजना के अंतर्गत पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पशु चिकित्सा शिक्षाअ डेयरी उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी विकासअ पशु आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, उत्पादन एवं सुधार तथा पशु पोषण एवं छोटे मवेशियों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत एक अन्य प्रमुख योजना- बागवानी के लिए सतत विकास से संबंधित है। कुल 860 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस उपाय का उद्देश्य बागवानी पौधों से किसानों की आय बढ़ाना है।

### दुष्कर्म पीड़िता

सुनवाई के दौरान, यादव ने अपना डीएनए नमूना देने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने कहा, उनकी (यादव) सहमति के बाद, चिकित्सकों के साथ एक पुलिस दल नमूना एकत्र करने के लिए अनौगी में जिला जेल गया। नमूने को सील किया गया और विश्लेषण के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया गया। आनंद ने पहले कहा था कि पीड़िता की उसके अभिभावकों की सहमति से एक मेडिकल जांच की गई जिसमें बलात्कार की पुष्टि हुई। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग पीड़िता की बुआ को भी यादव की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मामले का आरोपी नवाब सिंह पर 11।12 अगस्त की दरम्यानी रात को नौकरी देने के बहाने लड़की को अपने कॉलेज बुलाकर उससे बलात्कार करने का आरोप है। इस मामले में पीड़िता ने रात को ही डायल-112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया था जिसने यादव को गिरफ्तार कर लिया था।

### बुलडोजर की

अनधिकृत निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देंगे। यहां तक कि सार्वजनिक सड़कों पर बने मंदिरों को भी संरक्षण नहीं देंगे। मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यों के साथ चर्चा की जाएगी ताकि इसका समाधान निकाला जा सके। पीठ ने कहा हालांकि यह कानून का सवाल है, लेकिन ऐसा देखा गया है कि इसका उल्लंघन अधिक किया जाता है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने इस मुद्दे को इस तरह से पेश किया है जैसे कि मकानों को केवल इसलिए गिराया गया क्योंकि कुछ लोगों ने कोई अपराध किया था। मेहता ने कहा कि वह यह दिखा सकते हैं कि अधिकारियों ने तोड़फोड़ से काफी पहले ही नोटिस जारी किए थे। उन्होंने कहा इस विवाद को मेरे (उत्तर प्रदेश) हलफनामे से खत्म किया जा सकता है, जो मैंने काफी समय पहले दाखिल किया था। इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि न तो कोई व्यक्ति किसी खामी का फायदा उठाए और न ही अधिकारी खामियों का फायदा उठाएं।

### पीएम मोदी

से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपना सदस्यता अभियान नहीं चलाता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को समाप्त किया है और आज भाजपा को सबसे विश्वसनीय पार्टी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा अपनी विचारधारा का पालन करती रही है और समाज निर्माण के लिए काम करती है।

### भेड़ियों ने फिर

हाथ खा गया। दूसरी घटना हरदी थाना क्षेत्र के बाराबिगहा के मौजा कोटिया में हुई। यहां कमला देवी (70) सोमवार सुबह घर में लेटी थी, तभी दरवाजे की रस्सी तोड़कर भेड़िया भीतर घुसा और हमला कर उन्हें घायल कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर भेड़िया कमला देवी को छोड़कर भाग गया। गंभीर रूप से घायल कमला देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की गर्दन, मुंह और कान पर चोटें आई हैं। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने अस्पताल पहुंच कर घायल महिला के इलाज का जायजा लिया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि महसी तहसील के गरेठी गांव में भेड़िये के हमले की यह पहली घटना है। उन्होंने बताया कि हमलावर भेड़िये अब नये गांवों में हमले कर रहे हैं। चार पांच दिन के अंतराल पर यह घटनाएं हो रही हैं। मोनिका रानी के अनुसार जिन गांवों में पहले घटना हुई है वहां और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में पुलिस, प्रशासन, पीएसी, वन विभाग के कर्मियों को तैनात किया गया है। चार भेड़िये पकड़े भी गये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है कि वह दरवाजे बंद करके या घरों की छतों पर सोएं, खुले में ना सोएं तथा विशेष रूप से सचेत रहें। अभी तक दो भेड़ियों के हमलावर होने की बात सामने आ रही है।




## संक्षेप

### पीएम मोदी ने अवनि लेखरा को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालम्पिक खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी निशानेबाज अवनि लेखरा को बधाई दी। अवनि ने पेरिस पैरालम्पिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) वर्ग में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मोदी ने अवनि से फोन पर बात करते हुए कहा कि वह अच्छा खेल रही है और उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना भी दी। अवनि ने कहा कि उन्होंने शांतचित्त होकर खेला और दबाव नहीं लिया जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था। अवनि ने तीन साल पहले तोक्यो पैरालम्पिक में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### थुलासिमथी मुरुगेसन पैरालंपिक के फाइनल में

पेरिस। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थुलासिमथी मुरुगेसन ने हमवतन मनीषा रामदास को हराकर पैरालंपिक खेलों में महिला एकल एसयू5 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु की रहने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त मुरुगेसन ने रविवार रात खेले गए सेमीफाइनल में मनीषा को 23-21, 21-17 से हराया। मुरुगेसन ने मैच के बाद कहा, यह सपना सच होने जैसा है। मैं खुश हूं लेकिन मुझे फाइनल के लिए तैयारी करनी होगी। मैंने इस मैच के लिए मानसिक रूप से तैयारी की है। मेरे और मनीषा के बीच हमेशा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है। एसयू5 श्रेणी में उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जिनके ऊपर के अंगों में विकलांगता है। मनीषा के बाएं हाथ में जन्मजात विकार था। मुरुगेसन ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को फाइनल में चीन की यांग क्यूक्सिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन से बाहर

न्यूयॉर्क। रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी रविवार की रात को खेले गए मैच में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 66 मिनट में l-6, 5-7 से हार गई। बोपन्ना और एबडेन ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही डेविस कप से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे या नहीं। सुमित नागल शुरुआती दौर में हार के साथ पुरुष एकल से बाहर हो गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी इससे पहले टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में पुरुष युगल में हार गए थे। बोपन्ना की मिश्रित युगल में चुनौती अभी बरकरार है जहां उन्होंने इंडोनेशिया की अल्दिला सुत्जियादी के साथ जोड़ी बनाई है।

### आठ फरवरी को एसए20 के तीसरे सत्र का फाइनल

जोहानिसबर्ग। बेतवे एसए20 लीग के तीसरे सत्र का फाइनल वांडरर्स स्टेडियम पर आठ फरवरी को खेला जायेगा जबकि पहला मैच नौ जनवरी को दो बार के चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और मुंबई इंडियंस केपटाउन के बीच सेंट जॉर्जस पार्क पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यहां लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और सभी छह टीमों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में तीसरे सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले सत्र की उपविजेता डरबन सुपर जाइंट्स का सामना 10 जनवरी को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम पर प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन पहली बार डरबन टीम के लिये खेलेंगे जबकि कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट के कारण दूसरे सत्र से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। पार्ल रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 11 जनवरी को जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ बोलैंड पार्क पर करेंगे।

# पेनाल्टी शूटआउट में जीता मोहन बागान

## मैच में दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर थीं, सीएम योगी ने मैच का किया उद्घाटन, मोहन बगान व ईस्ट बंगाल के बीच हुआ मुकाबला

**विशेष संवाददाता**





लखनऊ। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच फुटबाल मैच खेला गया। मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया है। 90 मिनट के खेल में दोनों टीमें 1-1 गोल के बराबरी पर रहीं। इसके बाद दोनों टीमों के बीच हार-जीत का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से किया गया। दोनों टीमों को पांच पेनाल्टी शूटआउट मिले थे। इसमें ईस्ट बंगाल सिर्फ 3 पेनाल्टी शूटआउट को गोल में तब्दील कर पाई। जबकि मोहन बागान की टीम ने 4 पेनाल्टी शूटआउट को गोल में कन्वर्ट किया। इस तरह 4-3 से मोहन बगान मैच जितने में सफल रही। इससे पहले सीएम योगी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और उनका परिचय लिया। फिर फुटबॉल को किक ऑफ कर मुख्यमंत्री कप की शुरूआत की। सीएम योगी ने कहा- हम अलग-अलग खिलाड़ियों को भी स्पोर्ट्स कॉलेज सहित अन्य जगहों पर नियुक्ति दे रहे हैं। यूपी फुटबाल संघ बेहतरीन टीम देने में सफल होगा। आज मैं मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के खिलाड़ियों का शुभकामनाएं देता हूं।

मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी पहुंचे हैं। मैच को लेकर फैंस का जोश हाई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में दो सितंबर को दूधिया रोशनी के बीच दुनिया के पांच सबसे मशहूर मुकाबले में से एक ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के बीच 90 मिनट का जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। इसके अलावा अखिल भारतीय फुटबाल संघ उत्तर प्रदेश में लगभग 100000 फुटबॉल स्कूलों में वितरित करेगा। ताकि ग्रासरूट लेवल पर यूपी में फुटबॉल बढ़ सके। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लंबे समय बाद कोई बड़ा मुकाबला खेला गया। इस मैच को लेकर स्टेडियम में जबरदस्त तैयारी की गयी थी। जिसमें प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए नोएडा में एक अलग से स्टेडियम और अकादमी का भी निर्माण किया जाएगा।




दुनिया में स्पेन, इंग्लैंड, ब्राजील और अर्जेंटीना के क्लबों बाद सबसे अधिक कोई मुकाबला मशहूर है तो वह ईस्ट बंगाल और मोहन बागान का है. कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में इन क्लबोन के बीच मुकाबला को देखने के लिए 135000 तक दर्शक आये थे। जो कि एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ के करीब आबादी वाला राज्य है जिसकी आबादी फुटबॉल को पसंद करने वाले कई देशों से कहीं ज्यादा है। इसलिए यहां फुटबॉल के विकास को लेकर अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्यों उनसे जब मुलाकात हुई तो महसूस किया गया कि फुटबॉल को बढ़ावा देने की जरूरत है। जिसमें इस बड़े मुकाबले को आयोजित करने के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में 100000 फुटबॉल का वितरण किया जाएगा। 1 लाख फुटबॉल के माध्यम से हम 22 लाख फुटबॉल खिलाड़ियों को तैयार कर सकते हैं।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस




लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अचंल प्रमुख ए.के. खन्ना के नेतृतव में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों में कैरम, बेडमिंटनख टेबल टेनिस, शतरंज, म्यजिकल चेयर, लूडो आदि खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा खेल और फिटनेस सम्बंधी शपथ ली गई, इन खेलो में बैंक के स्थानीय शाखाओं को ए.के. खन्ना अंचल प्रमुख के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किए गए।

**कोको गॉफ बाहर, अमेरिकी ओपन में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी**

न्यूयॉर्क। गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। इस तरह से वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का पिछले 10 वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी है। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं। गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया। गॉफ ने कहा, भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। कितने ही खिलाड़ी हैं।

## योगेश ने पैरालंपिक के चक्का फेंक में जीता रजत

**एजेंसी**



पेरिस। भारत के योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया ने इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। इस 27 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले प्रयास में मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42.22 मीटर की दूरी तय की। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर की दूरी के साथ इन खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। यूनान के कंन्स्टेंटिनो तजौनिस ने 41.32 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चार खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में स्लोवाकिया के डुसान लैक्जको 41.20 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अंतिम स्थान पर रहे। एफ 56 वर्ग में भाग ले वाले वाले खिलाड़ी बैठ कर प्रतिस्पर्धा करते है। इस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी होते है जिनके शरीर के निचले हिस्से में विकार होता है और मांसपेशियां कमजोर होती है। कथुनिया नौ साल की उम्र में गुइलेन-बैरी सिंड्रोम से ग्रसित हो गये थे। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर के अंगों में सुन्नता, झनझनाहट के साथ मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और बाद में यह पक्षाघात (पैरालिसिस) का कारण बनता है। वह बचपन में व्हीलचेयर की मदद से चलते थे लेकिन अपनी मां मीना देवी की मदद से वह बाधाओं पर काबू पाने में सफल रहे। उनकी मां ने फिजियोथेरेपी सीखी ताकि वह अपने बेटे को फिर से चलने में मदद कर सके। कथुनिया के पिता भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। कथुनिया ने दिल्ली के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक किया है। पैरालंपिक खेलों में दो रजत पदक के अलावा उनके पास विश्व चैंपियनशिप के तीन पदक हैं। इसमें दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। कथुनिया हालांकि सोमवार के अपने प्रयास से संतुष्ठ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक में 44.38 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। पैरालंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में कथुनिया के सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वी सैंटोस ने इस स्पर्धा के दौरान दो बार पैरालंपिक खेलों का रिकॉर्ड तोड़ा। इस 45 साल के खिलाड़ी ने पहले 46.45 मीटर के प्रयास के साथ नया रिकॉर्ड कायम किया और फिर 46.86 मीटर के प्रयास के साथ उसमें सुधार किया। विश्व चैम्पियनशिप के तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता सैंटोस ने इससे पहले तोक्यो में 45.59 मीटर के प्रयास के साथ पैरालंपिक खेलों का रिकॉर्ड बनाया था।

**नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे**

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गये। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल के हटने के बाद रिजर्व खिलाड़ी आर्यन शाह को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि मानस धमने को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## विश्व चैंपियनशिप : धनुष का विश्व रिकॉर्ड, भारत ने जीते तीनों पदक

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। भारत ने जर्मनी के हेनोवर में दूसरी विश्व बाधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दबदबा बनाया जब धनुष श्रीकांत, शौर्य सैनी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने तीनों पदक देश की झोली में डाले। धनुष ने एक ही दिन में दो विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने पहले क्वालीफिकेशन दौर में 632.7 के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और फिर फाइनल में भी 251.7 अंक के साथ पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। शौर्य ने फाइनल में 249.9 अंक के साथ रजत पदक जीता। मुर्तजा वानिया ने 226.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष स्पर्धा के अलावा महिला वर्ग में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया जब माहित संधू और नताशा जोशी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीत चुका है।

**ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने महिला डीपीएल के उद्घाटन मैच में दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया**

नयी दिल्ली। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने महिला दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में सोमवार को यहां साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर 11 रनों से जीत हासिल की। प्रतिका रावल की 38 गेंद में 41 रन की पारी के दम पर राइडर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 114 रन बनाये। इसके जवाब में सुपरस्टार्स की टीम छह विकेट पर 103 रन ही बना सकी। राइडर्स के लिए साची ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्ले से 20 रन का योगदान देने के साथ प्रतिका के साथ 50 रन की साझेदारी की और फिर दो विकेट भी चटकाये। मधु ने भी टीम के लिए दो विकेट लिये।

## पैरा बैडमिंटन : कुमार नितेश ने जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी**



पेरिस। भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 साल के नितेश ने अपने मजबूत डिफेंस और सही शॉट चयन की मदद से तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया। पैरा आर्चरी के मिक्स्ड टीम इवेंट में शीतल देवी और राकेश कुमार की जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। उनसे पहले बैडमिंटन में नितेश कुमार ने एसएल3 कैटेगरी में गोल्ड और सुहास यथिराज ने एसएल4 कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता।

नितेश ने मैच के बाद कहा, मुझे अब भी कुछ अहसास नहीं हो रहा। शायद जब मैं पोडियम पर जाऊंगा और राष्ट्रगान बजेगा तो इस भावना का सामना कर पाऊंगा। एसएल3 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर के निचले हिस्से में अधिक गंभीर विकार होता है और वह आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। जब नितेश 15 वर्ष के थे तब उन्होंने 2009 में विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था लेकिन वह इस सदमे से उबर गए और पैरा बैडमिंटन को अपनाया। नितेश की यह जीत सिर्फ निजी उपलब्धि नहीं है बल्कि इस जीत के साथ एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा। तोक्यो में तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने पदार्पण किया था तो प्रमोद भगत ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। आईआईटी मंडी से स्नातक नितेश ने इससे पहले बेथेल के खिलाफ सभी नौ मैच गंवाए थे और उन्होंने सोमवार को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, मैंने इस तरह से नहीं सोचा था। मेरे दिमाग में विचार आ रहे थे कि मैं कैसे जीतूंगा। लेकिन मैं यह नहीं सोच रहा था कि जीतने के बाद मैं क्या करूंगा। फाइनल मुकाबला धीरज और कौशल का परीक्षण था जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने बहुत ही कठिन रैलियां खेली। शुरुआती गेम में लगभग तीन मिनट की 122 शॉट् की रैली भी थी। नितेश ने अपने रिवर्स हिट, ड्रॉप शॉट और नेट पर शानदार खेल से बेथेल को पूरे मैच में परेशान किया। शुरुआती गेम में नितेश एक समय 6-9 से पीछे थे लेकिन अपने मजबूत डिफेंस की बदौलत वापसी करने में सफल रहे और ब्रेक के समय 11-9 से आगे थे। उन्होंने इसके बाद 18-14 की बढ़त बनाई और बेथेल के शॉट बाहर मारने पर गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 14-12 से आगे था और सीधे गेम में जीत दर्ज कर सकता था लेकिन बेथेल ने वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ी 8-8 के स्कोर से 19-19 तक पहुंचे।

भारतीय खिलाड़ी को 20-19 के स्कोर पर पहला चैंपियनशिप प्वाइंट मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बेथेल को भी 21-20 के स्कोर पर चैंपियनशिप प्वाइंट मिला लेकिन वह भी शॉट नेट पर मार बैठे। नितेश ने इसके बाद दूसरे चैंपियनशिप प्वाइंट पर बेथेल के शॉट बाहर मारने पर स्वर्ण पदक जीता। नितेश ने कहा, मैंने उसके खिलाफ ऐसी परिस्थितियों में हार का सामना किया है और मैं वही गलतियां दोहराना नहीं चाहता था। मैंने पहले भी अपना संयम खो दिया था इसलिए मैंने खुद से कहा कि मुझे हर अंक के लिए संघर्ष करते रहना चाहिए। निर्णायक गेम में 19-20 के स्कोर पर भी मैंने खुद से कहा कि मैं डटा रहूं और उसे अंक के लिए मेहनत करने दूं। उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर इतने धैर्य के साथ नहीं खेलता और अपने स्ट्रोक पर भरोसा करता हूं। लेकिन जब मैंने यहां पहले गेम में शुरुआत की तो मैंने योजना बनाई कि मुझे सहज होने के लिए पहले कुछ अंक अच्छी तरह खेलने होंगे। फिर मैं अपने स्ट्रोक खेल सकता हूं और मैं देख सकता था कि वह हताश था। लेकिन परिस्थितियों के कारण मैंने बहुत अधिक विविधता नहीं आजमाई, बस स्थिर खेल खेलने की कोशिश की। नितेश के लिए यह जीत वर्षों की कड़ी मेहनत और दृढ़ता का परिणाम था।

## दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सकेंगे सूर्यकुमार

**एजेंसी**




मुंबई। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दाहिने हाथ में लगी चोट के कारण पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे। सूर्यकुमार ने कोयंबटूर में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश के खिलाफ मुंबई के लिये बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट खेला था। वह चोट के कारण आखिरी दिन नहीं खेल सके। सूर्यकुमार को पांच से आठ सितंबर तक अनंतपुर में भारत डी के खिलाफ भारत सी के लिये खेलना है। वह बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जायेंगे। भारत ए और भारत बी का मैच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर होगा।

**पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत से बांग्लादेश 148 रन दूर**

रावलपिंडी (पाकिस्तान)। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाजों हसन महमूद (43 रन पर पांच विकेट) और नाहिद राणा (44 रन पर चार विकेट) ने आपस में नौ विकेट साझा करते हुए दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान की दूसरी पारी को सोमवार को यहां दूसरे सत्र में 172 रन समेट दिया। बांग्लादेश ने जीत के लिए 185 रन का पीछा करते हुए चाय के विश्राम तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 37 रन बना लिये। टीम को जीत के लिए और 148 रन की जरूरत है और उसके सभी विकेट बचे हुए है। बांग्लादेश की टीम अगर इस मैच को जीतने या ड्रॉ कराने में सफल रही तो यह टेस्ट श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पहली जबकि विदेशी सरजमीं पर दूसरी जीत होगी। टीम इससे पहले 2009 में वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला अपने नाम करने में सफल रही थी। पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले मैच को 10 विकेट से जीतने वाले बांग्लादेश के लिए सोमवार को 21 साल के राणा ने शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि 24 साल के महमूद ने मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को चलता कर टीम के लिए अच्छा मौका बनाया है। पहली पारी में 12 रन की बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तान की टीम चाय के विश्राम से पहले 172 रन पर आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शदमन इस्लाम ने आक्रामक शुरुआत दिलायी। जाकिर ने इस दौरान अपनी 21 गेंद में 27 रन की नाबाद पारी में खुर्म शहजाद के खिलाफ दो छक्के जड़े। शदमन आठ रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दिन के दूसरे सत्र में सलमान अली अगा (47) और मोहम्मद रिजवान (43) ने सातवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर मैच में पाकिस्तान की वापसी करने की कोशिश की। महमूद ने हालांकि शानदार लय में चल रहे रिजवान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। महमूद ने अगली गेंद पर मोहम्मद अली को चलता किया लेकिन हैट्रिक पूरा करने से चूक गये।

# शांति बहाली में राज्य सुरक्षा को मिले अनुमति

## मणिपुर में भाजपा विधायक ने अमित शाह से राज्य से केंद्रीय बलों को हटाने का अनुरोध किया

इंफाल। मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए। सिंह ने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गयी। सिंह ने कहा कि हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्रवाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और



शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे। उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपनी होगी और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करने की अनुमति देनी होगी। पिछले वर्ष राज्य में हिंसा भड़कने के बाद गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। विभिन्न एजेंसियों और बलों की रिपोर्टों की देखरेख करने वाली एकीकृत कमान मणिपुर सरकार के परामर्श से परिचालन आवश्यकताओं का समन्वय करती है। सिंह ने केंद्र सरकार से उन उग्रवादी और विद्रोही समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी आह्वान किया, जिन्होंने अभियान निलंबन (एसओओ) समझौते के आधारभूत नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शाह से इन समूहों के साथ एसओओ समझौतों को रद्द करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे हिंसा को और बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह ने हथियारों और गोला-बारूद के वित्तपोषण और आपूर्ति की जांच का अनुरोध किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे संघर्ष बढ़ रहा है। सिंह ने केंद्र सरकार से स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच राजनीतिक वार्ता और सहभागिता शुरू करने का आग्रह किया।

# इजराइल में आम हड़ताल से पूरे देश के प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद

यरूशलम। गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने में विफल रहने के विरोध में इजराइल में सोमवार को आम हड़ताल के आह्वान के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है।



हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस आह्वान को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को दर्शाता है। हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। गाजा में रविवार की देर रात छह बंधकों के मृत पाए जाने के बाद इजराइल के हजारों लोग शोक और आक्रोश के बीच सड़कों पर उतर गए। पीड़ित परिवारों और अधिकार लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दोषी ठहराया और कहा कि लगभग 11 महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ समझौते के माध्यम से उन्हें जिंदा वापस लाया जा सकता था। लेकिन अन्य लोग हमास पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की नेतन्याहू की रणनीति का समर्थन करते हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ युद्ध शुरू हो गया था। इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ हिस्ताद्रुत ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है। अधिकारियों ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने संदिग्ध हमले में सोमवार को लाल सागर में एक जहाज को निशाना बनाया गया।

संक्षेप

## बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में 27 अगस्त को राज्य सचिवालय तक निकाले गए मार्च के आयोजकों में से एक सायन लाहिड़ी को जमानत देने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह प्रथम दृष्टयौ जमानत का मामला बनता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंग छात्र समाज के नेता सायन लाहिड़ी को जमानत दे दी थी। पश्चिम बंग छात्र समाज एक अपंजीकृत छात्र समूह है। पश्चिम बंग छात्र समाज सहित दो संगठनों ने 27 अगस्त को राज्य सचिवालय तक मार्च का आह्वान किया था। रैली का नेतृत्व करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए लाहिड़ी को 27 अगस्त की शाम गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना था कि रैली हिंसक हो गई, जिससे सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा और पुलिस अधिकारियों पर हमले किए गए। लाहिड़ी की मां अंजलि की याचिका पर कार्वाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आदेश दिया था कि उन्हें शनिवार दोपहर दो बजे तक पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया जाए।

# देश के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अद्वितीय है: राष्ट्रपति मुर्मू

पुणे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अद्वितीय है। राष्ट्रपति मुर्मू महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक समारोह को संबोधित कर रही थीं। पश्चिम महाराष्ट्र के शहर वारणानगर में श्री वारणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा,ै व्यापार और उद्यमिता ने आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, लेकिन देश के विकास में सहकारी क्षेत्र की भूमिका अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि लिज्जत पापड़ और अमूल



सहकारी क्षेत्र की सफलता के बेहतरीन उदाहरण हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सहकारी संस्थाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर भी जोर दिया।

# चीन की नाराजगी से नेताओं ने ताइवान का उल्लेख हटाया

नुकु अलोफा (टोंगा)। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के चीन के प्रयासों से मची हलचल ने क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक शिखर सम्मेलन को प्रभावित कर दिया है। प्रशांत द्वीप के एक नेता ने बीजिंग के कहने पर, बैठक के समापन वक्तव्य से ताइवान की भागीदारी की पुष्टि को हटाने का स्पष्ट उल्लेख किया है।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा 18 द्वीपीय राष्ट्रों के समूह द पैसिफिक आइलैंड फोरम ने शुक्रवार को अपनी सप्ताह भर की वार्षिक बैठक के बाद नेताओं के बीच हुए समझौतों को रेखांकित करते हुए एक सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें



शुरू में स्वशासित ताइवान की स्थिति की पुनः पुष्टि की गई, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। लेकिन शनिवार को इसे हटा दिया गया। टोंगा के नुकु आलोफा में शिखर सम्मेलन में अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बयान में परिवर्तन क्यों हुआ। लेकिन रविवार देर शाम एक समाचार संस्था द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में प्रशांत क्षेत्र के एक नेता चीन के प्रशांत क्षेत्र के विशेष दूत कियान बो को आश्वासन देते हुए दिखायी दे रहे हैं कि ताइवान का संदर्भ हटा दिया जाएगा। कियान ने पत्रकारों से अपनी टिप्पणी में इसकी मांग की थी। यह दस्तावेज विवादित क्षेत्र में चीन की भूमिका के बारे में एक तनावपूर्ण, बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्रीय बहस को उजागर करता है, जिसे प्रशांत देशों ने बैठक से पहले सार्वजनिक रूप से खत्म करने की मांग की थी।

# फिलीपीन में बाढ़ से नौ लोगों की मौत



मनीला। उत्तरी फिलीपीन में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई, जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसको देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया तथा सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा। मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान यागी सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई।

स्थानीय रूप से एनटेंग नाम से जाना जाने वाला यह तूफान लूजोन के मुख्य उत्तरी क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। आपदा न्यूनीकरण अधिकारी एनरिलिटो बर्नार्डो जूनियर ने बताया कि सोमवार को राजधानी के पश्चिम में रिजाल प्रांत के एंटिपोले शहर में पहाड़ी पर स्थित दो छोटी झुग्गियां भूस्खलन की चपेट में आ गईं, जिससे एक गर्भवती महिला समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चार अन्य ग्रामीण उफनते नालों में डूब गए। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता कर्नल जीन फजार्डो ने बिना विस्तृत जानकारी दिए पत्रकारों को बताया कि मध्य फिलीपीन में तूफान के कारण हुए भूस्खलन में दो और लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पूर्वी कैमरिन्स सुर प्रांत के नागा शहर में खराब मौसम में दो स्थानीय लोगों की मौत हो गई। यहां कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुसा है। प्राधिकारी इस बात की पुष्टि करने में जुटे हैं कि ये मौतें मौसम से संबंधित थी या नहीं। इसमें एक व्यक्ति की मौत करंट लगने से हुई है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र लूजोन के एक बड़े हिस्से में तूफान की चेतावनी जारी की गई, जिसमें महानगरीय क्षेत्र मनीला भी शामिल है। यहां तूफानी मौसम के कारण स्कूल और अधिकांश सरकारी कार्यालय बंद कर दिए गए। राजधानी के पूर्वी छोर पर मरीकिना नदी के भीड़भाड़ वाले तट पर सुबह के समय एक सायरन बजाया गया।

# जातिगत जनगणना याचिका पर सुनवाई से इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पिछड़े और हाशिए पर पड़े अन्य वर्गों के कल्याण के लिए सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना कराने के वास्ते केंद्र को निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

न्यायालय ने कहा कि यह मुद्दा शासन के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता पी. प्रसाद नायडू को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्होंने जनगणना के लिए आंकड़ों की गणना में तेजी लाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर



से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर जंडियाला और अधिवक्ता श्रवण कुमार करणम से कहा, इस बारे में क्या किया जा सकता है? यह मुद्दा शासन के अधिकार क्षेत्र में आता है। यह नीतिगत मामला है। जंडियाला ने कहा, 1992 के इंद्रा साहनी फैसले (मंडल आयोग के फैसले) में कहा गया है कि यह जनगणना समय-समय पर की जानी चाहिए। पीठ ने उनसे कहा कि वह याचिका खारिज कर रही है, क्योंकि अदालत इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। न्यायालय के रुख को भांपते हुए अधिवक्ता ने याचिका को वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने मंजूरी दे दी।

# बिभव कुमार को मिली जमानत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को सोमवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने निर्देश दिया कि कुमार को केजरीवाल के निजी सहायक के रूप में बहाल नहीं किया जाएगा और न ही मुख्यमंत्री कार्यालय में कोई आधिकारिक कार्यभार दिया जाएगा। न्यायालय ने सभी गवाहों से पूछताछ पूरी होने तक कुमार के मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश पर भी रोक लगाई है। कुमार ने 13 मई को केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। कुमार के खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि आरोपीौ काफी प्रभावशालीौ है और उन्हें राहत देने का कोई आधार नहीं बनता है। उसने कहा था कि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि अगर याचिकाकर्ता को जमानत दी जाती है, तो गवाहों को प्रभावित किया जा सकता है या सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है।

इंटरटेनमेंट...

# जेल जाने पर छलका रिया चक्रवर्ती का दर्द

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद रिया चक्रवर्ती और उनके भाई को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया है कि जब वो जेल में थीं, तब उनके दोस्त रोजाना उनके पेरेंट्स के साथ मिलकर शराब पीते थे। जब जेल से निकलकर उन्हें इसकी जानकारी मिली तो वो काफी भड़क गई थीं।

एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी कहा है कि जेल जाने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके सच्चे दोस्त कौन हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में रिया चक्रवर्ती ने अपने बुरे दौर में मिले दोस्तों के सपोर्ट पर बात की है। एक्ट्रेस ने कहा है, मेरे बुरे समय में मेरे दोस्तों ने बेहतरीन भूमिका निभाई है। जब मैं जेल में थी, तो उन्होंने मेरे पेरेंट्स का काफी ख्याल रखा। मेरे फ्रेंड्स, जो कपल थे, वो रोज मेरे घर जाते थे और मेरे पेरेंट्स के साथ खाना खाते और शराब पीते थे। आगे



एक्ट्रेस ने कहा है, जब मैं जेल से बाहर आई, तो मैंने उन्हें देखते ही पूछा कि आप लोगों का इतना वजन कैसे बढ़ गया है। मैंने उनसे कहा था कमीनों मैं वहां जेल में हूं और तुम लोग यहां खाना खा रहे हो और वजन बढ़ा रहे हो। तो वो जवाब देते थे कि हम तो अंकल आंटी को खिलाने-पिलाने के लिए उनके साथ खाते-पीते थे। जिससे वो नॉर्मल महसूस कर सकें। एक्ट्रेस ने बातचीत में जेल से बाहर आने का एक्सपीरिसंय भी शेयर किया है। उन्होंने कहा है, वो बहुत अजीब दिन था। हम खुश थे, लेकिन टूटे हुए थे। हम पहले जैसे नहीं थे। हमारे अंदर डर था। मेरा भाई सिर्फ 24 साल का था, जब वो जेल गया।

उसके उअळ में 96 पर्सेंट आए थे। उसे आईआईएम में एडमिशन मिला था, लेकिन उसी साल उसे जेल जाना पड़ा। ये उसकी लाइफ जर्नी होने वाली थी। वो तीन महीने जेल में रहकर घर आया था। ये बहुत अलग था। लेकिन हम अब भी आशा करने की हिम्मत रखते हैं। हमें अब भी विश्वास है कि हम एक दिन नॉर्मल हो जाएंगे। बताते चलें कि 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत ने अपने बांद्रा स्थित फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# 'सन ऑफ सरकदार-2' में साथ दिखेंगे रवि किशन-संजय दत्त

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' पहले पार्ट से कनेक्टेड नहीं है। इस पार्ट में पूरी तरह एक अलग कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने इसका खुलासा किया है। सूत्र के मुताबिक, यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। इसमें बिहार और पंजाब के डॉन के बीच गैंगवॉर का प्लॉट है। बिहारी डॉन के रोल में रवि किशन और संजय मिश्रा हैं। सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि संजय दत्त को पहले जिस रोल में कास्ट किया गया था, वो किरदार अब रवि किशन करेंगे। दरअसल यूके का वीजा न मिलने पर संजय बाहर जाकर शूट नहीं कर सकते थे। हालांकि संजय दत्त अभी भी किसी विलेन के रोल में ही हैं, जिसकी शूटिंग उन्होंने पंजाब में की है। वहीं जिस रोल के लिए पहले रवि किशन को कास्ट किया गया था,



उसके लिए बाद में विजय राज को चुना गया था। हालांकि जब विजय राज भी इस फिल्म से हट गए तो उनका रोल संजय मिश्रा को दे दिया गया। फिल्म में संजय मिश्रा का किरदार दिलचस्प होने वाला है।

## सिख समुदाय की मांग-कंगना की इमरजेंसी न हो रिलीज

**मुंबई।** सिख समुदाय का दावा है कि कंगना की फिल्म इमरजेंसी में सिखों की छवि को गलत तरीके से दिखाया गया है। कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ रविवार को मुंबई के 4 बंगला स्थित गुरुद्वारे के बाहर सिख समुदाय ने प्रदर्शन किया। सिख समुदाय का आरोप है कि फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। सिख समुदाय ने मांग की है कि फिल्म पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए और कंगना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाए। प्रदर्शनकारियों की अगुआई करने वाले जसपाल सिंह सूरी ने कहा, ह्यकंगना को हर जगह जाकर माफी मांगनी चाहिए।

# कंधार हाईजैक सीरीज में आतंकियों के हिंदू नामों पर विवाद

**मुंबई।** 1999 के कंधार हाईजैक पर बनी ओटीटी सीरीज आईसी 814 पर विवाद के बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को नेटफ्लिक्स से जवाब मांगा है। मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल को समन भेजा है और मंगलवार यानी 3 सितंबर को मौजूद होने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि इंडिया कंटेंट हेड सीरीज के विवादित पहलुओं पर जवाब दें। 29 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर आईसी 814 सीरीज रिलीज हुई है जो कि कंधार विमान हाईजैक पर बेस्ड है। इस विमान को हाईजैक करने वाले आंतकियों के नाम इब्राहिम अख्तर, शाहिद अख्तर, सन्नी अहमद, जहूर मिस्त्री और शाकिर थे, लेकिन



वेबसीरीज में उनके नाम बदल दिए गए हैं। इनमें आतंकियों के नाम भोला और शंकर रखे गए हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर इसे बॉयकॉट करने की मांग उठ रही है। सीरीज रिलीज होने के बाद पिछले दिनों भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इसके कंटेंट पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीरीज के डायरेक्टर अनुभव सिन्हा को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा था कि अनुभव ने गलत काम को छिपाने के लिए वामपंथियों के एजेंडे का सहारा लिया। आईसी-814 के हाईजैकर्स खूंखार आतंकी थे। उन्होंने अपनी मुस्लिम पहचान छिपाने के लिए काल्पनिक नाम अपनाए थे। इस सीरीज की कहानी 24 दिसंबर 1999 की सत्य घटना पर आधारित है। जब पांच आतंकियों ने इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी 814 को काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल ?ली के लिए उड़ान भरते वक्त हाईजैक कर लिया था। जिसमें 176 यात्री सफर कर रहे थे। इस सीरीज में दीया मिर्जा, नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और पंकज कपूर जैसे कलाकार हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com